


मणिपुर के मुख्यमंत्री की अग्रिम सुरक्षा टीम... 12

लखनऊ में 1100 घरों को ढहाने का अभियान चला... 05




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 238

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 11 जून, 2024


## तीसरे कार्यकाल में पीएम मोदी की पहली कैबिनेट बैठक, हुआ मंत्रालयों का बंटवारा

# 3 करोड़ नए घर बनेंगे: मोदी



**मोदी कैबिनेट में शाह, राजनाथ, गडकरी के मंत्रालय रिपीट, जयशंकर विदेश मंत्री, शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला**

**मोदी कैबिनेट का पहला फैसलाः पीएम आवास योजना के तहत होगा निर्माण, इनमें टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रविवार को शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री ने सोमवार को कार्यभार संभाला। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता की और दो बड़े निर्णय लिए। पहला निर्णय देश के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन करोड़ मकान बनाने का और दूसरा किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने का। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्रालयों का बंटवारा कर दिया है। वरिष्ठ मंत्रियों को पिछली बार की तरह ही जगह दी गई है। अमित शाह गृह मंत्री बने रहेंगे, जबकि वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री रहेंगे। इसके अलावा पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी सड़क परिवहन मंत्री होंगे। उन्हें अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा के तौर पर दो राज्य मंत्री भी दिए गए हैं। नितिन गडकरी को यह मंत्रालय दोबारा मिलना अहम है। ऐसा इसलिए क्योंकि चर्चा थी कि टीडीपी और जेडीयू भी इस मंत्रालय पर दावा ठोक रहे हैं। अपने 10 सालों के कार्यकाल में नितिन गडकरी सड़क परिवहन मंत्री के तौर पर चर्चित रहे हैं। पूरी लिस्ट पर नजर दौड़ाएं तो मनोहर लाल खट्टर और अश्विनी वैष्णव जैसे नेताओं का कद बढ़ गया है। दोनों ही नेताओं को न सिर्फ कैबिनेट में शामिल किया गया है बल्कि कई अहम मंत्रालय सौंपे गए हैं। रेलवे में बड़े बदलाव करने वाले अश्विनी वैष्ण को तो अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आईटी मंत्रालय भी सौंपे गए हैं। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान अब कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय संभालेंगे। पिछले कार्यकाल में यह जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के ही नरेंद्र सिंह तोमर को मिली थी।



### न सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति में बदलाव, न पुराने मंत्रियों के रुतबे पर असर

गृह, रक्षा,वित्त और विदेश मंत्रालय पहले की तरह क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर के पास हैं। रेल मंत्री अश्विन वैष्णव के पास उनके प्रमुख विभाग हैं और पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का कामकाज देखते रहेंगे। मनसुख मंडाविया से केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय लेकर इसे भाजपा के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को दे दिया गया। नड्डा पहले भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। जबकि मंडाविया के पास अब श्रम मंत्रालय और युवा एवं खेल मंत्रालय रहेगा। इससे पहले युवा और खेल सर्बानंद सोनेवाल के पास था। वह आयुष के मंत्री भी थे। सोनोवाल के पास अब जहाजरानी मंत्रालय रहेगा। हरदीप पुरी के पास केवल पेट्रोलियम और रसायन रहेगा। जबकि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को उर्जा के साथ साथ शहरी विकास मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। अनुराग ठाकुर की जगह ज्योतिरादित्य सिंधिया को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई। ज्योतिरादित्य इससे पहले नागरिक उड्डयन मंत्री थे। यह मंत्रालय अब तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी) के पास चला गया है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को काफी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनके पास कृषि एवं किसान कत्याण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय रहेगा। कृषि मंत्रालय पहले मध्य प्रदेश के नरेन्द्र तोमर के पास था। अब वह प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष हैं।

### सहयोगियों को बड़े अहम और इज्जतदार विभाग मिले

राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं। वे बिहार की राजनीति का बड़ा नाम हैं। नीतीश कुमार के करीबी हैं। उनके पास पंचायत, मत्य पालन और एनीमल हसबैंड्री विभाग रहेगा। इससे पहले मत्य पालन मंत्री गिराराज सिंह होते थे। अब उनके पास केवल कपड़ा मंत्रालय है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के चिराग पासवान के पास खाद्य प्रसंस्करण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी के पास सूक्ष्म, लघु एवं मझोले लघु उद्योग मंत्रालय और राष्ट्रीय लोकदल के नेता और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी के पास दक्षता मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार रहेगा। वह शिक्षा मंत्रालय में भी राज्यमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री ने जनता दल यूनाइटेड के राम नाथ ठाकुर को कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री के तौर पर सम्मानित किया है। अनुप्रिया पटेल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और उर्वरक एवं रसायन में राज्यमंत्री होगी। जलशक्ति मंत्रालय गजेन्द्र सिंह शेखावत के पास था। अब इस विभाग के मंत्री सीआर पाटिल बनाए गए हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्थान अन्नपूर्णा देवी ने ले लिया है। ईरानी इस बार अमेठी से चुनाव हार चुकीं हैं।

### मंत्रिमंडल में विभाग बंटवारे से निकला संदेश

प्रधानमंत्री और उनकी टीम ने सच में बड़ा होमवर्क किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी पिछली सरकार और नई सरकार में कोई फर्क न होने का संदेश दिया है। जबकि पिछली दोनों सरकारों में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के आंकड़े को काफी पीछे छोड़ दिया था। इस बार भाजपा की नहीं बल्कि एनडीए के सहयोग से गठित हुई केन्द्र सरकार है। मंत्रिमंडल में विभाग के बंटवारे से प्रधानमंत्री ने संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और एनडीए में सबकुछ ठीकठाक है। उनके रुतबे में कोई फर्क नहीं आया है। यह संदेश देश की घरेलू राजनीति से अधिक अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के लिए महत्वपूर्ण है। घरेलू राजनीति से लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय देश में एनडीए की गठबंधन सरकार को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहा था। इसका असर भारत में निवेश पर पडने् की संभावना व्यक्त की जा रही थी। लेकिन अपने विभाग के बंटवारे के जरिए प्रधानमंत्री ने सभी का मुंह बंद करा दिया है। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनके नेतृत्व की सरकार देश के विकास और भारत के राष्ट्रीय हित को पहले की तरह सुधार की तरफ ले जाना जारी रखेगी।

▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### किसे मिला कौन सा मंत्रालय-

- **राजनाथ सिंह**- रक्षा मंत्रालय
- **अमित शाह**- गृह मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय
- **नितिन गडकरी**- सड़क परिवहन मंत्रालय
- **जेपी नड्डा**- स्वास्थ्य मंत्रालय, केमिकल एवं फर्टिलाइजर मंत्रालय
- **शिवराज सिंह चौहान**- कृषि मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास
- **निर्मला सीतारमण**- वित्त एवं कॉरपोरेट मंत्रालय
- **एस जयशंकर**- विदेश मंत्रालय
- **मनोहर लाल खट्टर**- ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्रालय
- **एचडी कुमारस्वामी**- भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय
- **पीयूष गोयल**- वाणिज्य मंत्रालय
- **धर्मेंद्र प्रधान**- शिक्षा मंत्रालय
- **जीतन राम मांझी**- लघु उद्योग मंत्रालय
- **राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह**- पंचायती राज मंत्रालय, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग
- **सर्बानंद सोनोवाल**- जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय
- **के. राममोहन नायडू**- नागरिक उड्डयन मंत्रालय
- **डॉ. वीरेंद्र कुमार**- सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय
- **जुएनल ओरांव**- जनजातीय कार्य मंत्रालय
- **प्रल्हाद जोशी**- उपभोक्ता मंत्रालय एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय
- **अश्विनी वैष्णव**- रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, आईटी मंत्रालय
- **गिरिराज सिंह**- कपड़ा मंत्रालय
- **ज्योतिरादित्य सिंधिया**- दूरसंचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय
- **भूपेंद्र यादव**- पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
- **गजेंद्र सिंह शेखावत**- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय
- **अन्नपूर्णा देवी**- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **किरेन रिजिजू**- संसदीय कार्य मंत्रालय एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
- **मनसुख मांडविया**- श्रम मंत्रालय, युवा एवं खेल मंत्रालय
- **हरदीप सिंह पुरी**- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
- **जी. किशन रेड्डी**- कोयला एवं खनन मंत्रालय
- **चिराग पासवान**- खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय
- **सीआर पाटिल**- जलशक्ति मंत्रालय

### राज्य मंत्री

- **जितिन प्रसाद**- इस्पात एवं वाणिज्य राज्य मंत्री, आईटी राज्य मंत्री
- **श्रीपद नाइक**- ऊर्जा राज्य मंत्री एवं अक्षय ऊर्जा राज्य मंत्री
- **पंकज चौधरी**- वित्त राज्य मंत्री
- **कृष्णपाल गुर्जर**- सहकारिता राज्य मंत्री
- **रामदास आठवले**- सामाजिक एवं अधिकारिता राज्य मंत्री
- **रामनाथ ठाकुर**- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
- **नित्यानंद राय**- गृह राज्य मंत्री
- **अनुप्रिया पटेल**- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, केमिकल एवं उर्वरक मंत्रालय
- **वी. सोमन्ना**- जलशक्ति एवं रेल राज्य मंत्री
- **चंद्रशेखर पेम्मासानी**- ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, संचार राज्य मंत्री
- **एसपी सिंह बघेल**- पंचायती राज एवं मत्स्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री
- **शोभा करंदलाजे**- लघु उद्योग एवं श्रम राज्य मंत्री
- **कीर्तिवर्धन सिंह**- विदेश राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री
- **बीएल वर्मा**- उपभोक्ता राज्य मंत्री
- **शांतनु ठाकुर**- जहाजरानी एवं जलमार्ग राज मंत्री
- **कमलेश पासवान**- ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
- बंडी संजय कुमार- गृह राज्य मंत्री
- **अजय टम्टा**- सड़क परिवहन राज्य मंत्री
- **डॉ. एल मुरुगन**- सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
- **सुरेश गोपी**- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री
- **रवनीत सिंह बिट्टू**- खाद्य प्रसंस्करण एवं रेल राज्य मंत्री
- **संजय सेठ**- रक्षा राज्य मंत्री
- **रक्षा खडसे**- युवा एवं खेल राज्य मंत्री
- **भगीरथ चौधरी**- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
- **सतीश चंद्र दुबे**- कोयला और खनन राज्य मंत्री
- **दुर्गादास उइके**- जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
- **सुकांत मजूमदार**- शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास राज्य मंत्री
- **सावित्री ठाकुर**- महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
- **तोखन साहू**- शहरी विकास राज्य मंत्री
- **राजभूषण चौधरी**- जलशक्ति राज्य मंत्री
- **भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा**- भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री
- **हर्ष मल्होत्रा**- सड़क परिवहन राज्य मंत्री
- **निमूबेन बम्भानियाम**- उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री
- **मुरलीधर मोहोल**- सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री
- **जॉर्ज कुरियन**- अल्पसंख्यक कल्याण एवं पशुपालन राज्य मंत्री
- **पबित्र मार्गेरिटा**- विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार

- **राव इंद्रजीत सिंह**- सांख्यिकी एवं योजना क्रियान्वयन, संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री
- **जितेंद्र सिंह**- विज्ञान एवं तकनीक और भूविज्ञान मंत्रालय
- **अर्जुन राम मेघवाल**- कानून एवं न्याय मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
- **प्रतापराव जाधव**- आयुष मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
- **जयंत चौधरी**- स्किल डिवेलपमेंट मंत्रालय, शिक्षा राज्य मंत्री

## सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

### 10 जुलाई को मतदान और 13 को आएंगे नतीजे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे।

#### इन सीटों पर कराए जाएंगे उपचुनाव

जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी,मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

#### चुनाव का पूरा कार्यक्रम

चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। नामांकन की जांच 24 जून को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि उपचुनाव 15 जुलाई से पहले पूरे होने हैं।

## एक्शन में योगी सरकार, सपा के सांसद सनातन पांडेय पर दर्ज हुई एफआईआर

### बलिया से नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी के सांसद सहित 161 लोगों पर दर्ज हुआ मामला

- मतगणना के दिन आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया
- जब मतगणना चल रही थी, तब आरोपियों ने बलिया में सड़क जाम कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था
- अवैध रूप से एकत्र होने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपों पर दर्ज हुआ मामला

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** कानून व्यवस्था के मामले पर योगी सरकार किसी तरह का समझौता करती नहीं दिख रही है। फिर आरोपी चाहे सांसद स्तर पर ही क्यों न हो। बलिया से नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय सहित करीब 161 लोगों पर मतगणना के दिन (4 जून) आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के अनुसार, 4 जून को जब मतगणना चल रही थी, तब आरोपियों ने बलिया में सड़क जाम कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया। पुलिस के अनुसार बलिया से नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय सहित करीब 161 लोगों पर मतगणना के दिन (4 जून) आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर आईपीसी की धारा 143 (अवैध रूप से एकत्र होना), 186 (सरकारी काम में बाधा डालना), 188 (निषेधात्मक आदेशों का उल्लंघन करना) और 341 (गलत तरीके से रोकना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### योगी स्पष्ट कर चुके, कानून व्यवस्था पर नहीं होगा समझौता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के दौरान और उसके बाद भी तमाम सार्वजनिक मंच पर यह स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था को हाथ में लेने कि अनुमति नहीं दी जाएगी। फिर चाहे कोई कितना भी रसूखदार, धनवान, बाहुबली या राजनेता ही क्यों न हो। नियम कानून के तहत ही सबको रहना होगा। कोई भी इसका अपवाद नहीं होगा।

## कानपुर में बकरी चोर गैंग से लेकर लुटेरों ने मचाया हाहाकार

- उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में बीते दिन सोमवार को चोरी की दो बड़ी घटनाएं जो शर्मसार करने वाली थीं सामने आई
- कानपुर पुलिस चोरों लुटेरों पर नकेल कस पाने में पूर्ण रूप से फ्लॉप साबित हो रही है

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**लखनऊ/कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपराध को समाप्त करने के निर्देश यूपी पुलिस विभाग को दिए गए हैं। लेकिन यूपी की कानपुर पुलिस चोरों लुटेरों पर नकेल कस पाने में पूर्ण रूप से फ्लॉप साबित हो रही है। दिन दहाड़े कानपुर नगर में महिलाएं व छात्राएं लुटेरों का शिकार हो रही हैं तो वहीं दूसरी ओर चोरों ने भी जनता जनार्दन की नाक में दम कर रखा है। उत्तर प्रदेश के



कानपुर नगर में बीते दिन सोमवार को चोरी की दो बड़ी घटनाएं जो शर्मसार करने वाली थीं सामने आई पहली घटना थाना महाराजपुर क्षेत्र की थी जहां पर दूसरी मर्तबा चोरों ने रिटायर्ड एयर फोर्स के कर्मी के घर का ताला तोड़कर सोने की चेन अंगूठियां पार करने के साथ-साथ 5000 नकद भी उड़ा लिए। दूसरी घटना थाना घाटमपुर क्षेत्र की है जहां पर बकरी चोरी करने वाले गैंग ने ग्रामीणों की नाक में दम कर रखा है और बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

*शेष ख़बर विस्तार से पेज 3 पर...*

# नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के विरोध में अभाविप ने की सीबीआई जांच की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



अभाविप चित्रकूट के कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा परिणाम में हुई गडबडी के विरोध में और सीबीआई जांच की मांग को लेकर धनुष चैराहे में विरोध प्रदर्शन किया।

जिला संगठन मंत्री राम जी ने बताया कि एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में बडे स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। जिससे लाखों छात्रों का भविष्य संकट में आ गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में खडा होने वाला संगठन है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार से मांग करता है कि एनटीए के ऊपर सीबीआई जांच बैठाए। साथ ही जिन अधिकारियों द्वारा इस भ्रष्टाचार को किया गया है, उनके ऊपर कडी से कडी कार्रवाई की जाए। नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित होना था, लेकिन अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए एनटीए के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। जिससे उनके भ्रष्टाचार को कोई देख न सके। नीट का पेपर परीक्षा तारीख के पहले ही कई छात्रों के पास पहुंच गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग है कि ऐसे ब्यूरोक्रेट्स के ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए और निष्पक्ष जांच पूरी की जाए।

इस मौके पर जिला संयोजक रोहित पांडेय, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, सदस्य नितेश त्रिपाठी, सत्य पांडेय, सुधाकर मिश्रा, कमल रंजन शुक्ला, दीपक त्रिपाठी, प्रियांशू मिश्रा, प्रांशू मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, विवेक मिश्रा, अनुराग द्विवेदी, शिवम द्विवेदी, विकास सिंह, हर्षित पाण्डेय, सोनू यादव, रोहन शुक्ला, पवन निषाद आदि मौजूद रहे।

# बसपा के जिलाध्यक्ष हटाए गए, पंकज गौतम को मिली कमान

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

नए जिलाध्यक्ष पंकज गौतम मूलरूप से से फूलपुर तहसील, थाना सोरांव के चकमुरुद्दीन उर्फ नगदिलपुर (श्रीपतगंज) के रहने वाले हैं। वह 15 वर्षों से बसपा के साथ जुड़े हुए हैं और वर्तमान में सोरांव विधानसभा के प्रभारी हैं। इससे पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर और विधानसभा मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली करारी शिकस्त की गाज आखिरकार प्रयागराज के बसपा जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी पर भी गिर गई। रविवार को उन्हें पद से हटा दिया गया। उनकी जगह प्रयागराज के पंकज गौतम को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं, मंडल स्तर पर गठित टीमों और जिलेवार नियुक्ति प्रभारियों में भी फेरबदल किया गया है। यह बदलाव 48 घंटे के घंटे के भीतर किए गए हैं। बसपा ने सात जून को ही सेक्टर-दो के तहत मंडल और जिला स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी थीं। तब भी फेरबदल हुए थे, लेकिन जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी पद पर बने हुए थे। 48 घंटे के भीतर ही बसपा ने दूसरी लिस्ट जारी करते हुए आरबी त्यागी को पद से हटा दिया।

नए जिलाध्यक्ष पंकज गौतम मूलरूप से से फूलपुर तहसील, थाना सोरांव के चकमुरुद्दीन उर्फ नगदिलपुर (श्रीपतगंज) के रहने वाले हैं। वह 15 वर्षों से बसपा के साथ जुड़े हुए हैं और वर्तमान में सोरांव विधानसभा के प्रभारी हैं। इससे पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर और विधानसभा मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वह अधिवक्ता भी हैं। जिलाध्यक्ष बदले जाने से स्पष्ट हो गया है कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद बसपा में उथल-पुथल मची हुई है।

वहीं, बसपा ने मंडल स्तर पर गठित टीम-ए और टीएम-बी को विस्तार दिया है। पहले दोनों टीकों में चार लोग शामिल किए गए थे, जिनकी संख्या बढ़ाकर छह कर दी गई है। टीम-ए में कौशाम्बी के राजू गौतम एवं प्रयागराज के आकाश राव गौतम के साथ अब अभिषेक गौतम को भी शामिल कर लिया गया है। इससे पहले अभिषेक झांसी के मंडल कोऑर्डिनेटर थे।

टीम-बी में प्रयागराज के अमरेंद्र बहादुर पासी एवं जगन्नाथ पाल के साथ अब सतीश जाटव को शामिल किया गया है। प्रयागराज के सतीश जाटव को पहले प्रतापगढ़ में जिला प्रभारी बनाया गया था। इन छह लोगों को अपनी-अपनी टीम के हिसाब से पूरे प्रयागराज मंडल में पार्टी के सभी कार्य समय से पूरा कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रयागराज मंडल में जिलावार प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। प्रयागराज का प्रभारी डॉ.एसपी सिद्धार्थ और विजय सरोज को बनाया गया है। ये दोनों प्रयागराज जिले में पार्टी के सभी कार्य समय से पूरा कराएंगे। इससे पहले जिला प्रभारी प्रेम चंद्र निर्मल बनाए गए थे। नई लिस्ट में निर्मल का नाम हटाकर विजय सरोज को शामिल किया गया है।

**मंडल के अन्य जिला प्रभारी**

प्रतापगढ़- प्रथमेश मिश्रा एवं अशोक निगम
कौशाम्बी- मोतीलाल अंबेडकर एवं रमेश पासी
फतेहपुर- बारातीलाल निषाद एवं अरविंद कुमार गौतम

**मंडल के अन्य जिलाध्यक्ष**

प्रतापगढ़- अश्विनी राणा
कौशाम्बी- महेश चौधरी
फतेहपुर- डॉ. दीप गौतम

**अशोक गौतम और शुभ नारायण बसपा से निष्कासित**

पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बसपा प्रयागराज के पूर्व मंडल प्रभारी अशोक कुमार गौतम और लोकसभा चुनाव-2024 में कौशाम्बी से बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम (देवरिया निवासी) को रविवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज अमरेंद्र बहादुर भारतीय और राजू गौतम की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद लगातार अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण दोनों को बसपा से निष्कासित किया जाता है।

# शॉर्ट सर्किट से दिवोलिया रिसॉर्ट के रसोई घर में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



जन एक्सप्रेस। उरई

दिवोलिया रिसॉर्ट में आग का कहर देखने को मिला। यहां शॉर्ट सर्किट के कारण रसोई घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे रसोई घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। इस आग को बढ़ते देख आसपास के लोगों ने दमकल कर्मियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करने के बाद इस आग पर काबू पाया, तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जालौन बाईपास स्थित दिवोलिया रिसॉर्ट में सोमवार सुबह अचानक रिसोर्ट में बनी रसोई घर में आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे बिकराल रूप ले लिया। जिससे आसपास रहने वाले लोग दहशत में आ गए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, मगर तेजी से बढ़ती आग को देख तत्काल दमकल कर्मियों को सूचना दी। सूचना पर मौके पर एक गाड़ी पहुंची, मगर आग पर काबू न पाए जाने के कारण दूसरी गाड़ी मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करने के बाद इस आग पर काबू पाया। मगर तब तक रसोई घर में रखा लाखों रुपए का कैटरिंग और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। वही इस आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल दो गाड़ियों ने आग पर काबू पर लिया है।

# एसडीएम ने कोटेदारों के साथ की मीटिंग, केवाईसी प्रक्रिया पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। कालपी



उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील क्षेत्र के समस्त उचित दर के विक्रेताओं की मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान महीनें में सरकारी खाद्यान्न लेने के साथ ही शत प्रतिशत केवाईसी कराने की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

तहसील सभागार में सोमवार को पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन की मौजूदगी में आयोजित बैठक में एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि जून महीने में सरकारी खाद्यान्न का वितरण शुरू हो चुका है। खाद्यान्न वितरण के साथ ही कार्डधारक परिवार के सभी सदस्यों का केवाईसी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न वितरण के समय कोटेदार अपनी-अपनी दुकानों में कार्डधारक व परिवार के सदस्यों को बुलाकर केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा करा लें। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि केवाईसी प्रक्रिया परिवार के मुखिया के द्वारा सभी सदस्यों को बुलाकर मोबाइल नम्बर अपडेट कर समस्त प्रक्रिया इसी महीने में पूरा करा लें। उन्होंने इस विषय मे उचित दर विक्रेताओं को केवाईसी प्रक्रिया को समझाते हुए कई प्रकार की जानकारियां दी। उन्होंने नियमानुसार तरीके से सरकारी खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने ली लिंक एक्सप्रेस-वे की भूमि क्रय किए जाने सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे विकसित किए जाने के लिए चयनित भूमि को क्रय किए जाने के सम्बन्ध में समिति की बैठक कैंप सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे से जनपद के 13 गांव फोरलेन के लिए अधिग्रहित किए जाएंगे। उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे में आ रहे ग्राम पंचायत के परिसंपत्ति की जानकारी ली। साथ ही मुआवजा के बारे में चर्चा की। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर व तहसीलदार कर्वी को निर्देशित किया कि आपसी सहमति के आधार पर भूमि का क्रय किया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि इसकी कार्य वृत्ति बनवाकर प्रेषित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, (एसएलएओ) विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बांदा लाल सिंह यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुख्य आरक्षी पर हमला करने वाले 2 आरोपी अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरक्षी पर हमला करने वाले 2 आरोपियों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 7 जून को थाना कोतवाली कर्वी अन्तर्गत पटेल तिराहा पर पुलिस लाइन्स में नियुक्त मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन पर पत्थरों से हमला कर दिया था। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक ने उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था। उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय एवं आरक्षी सुरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार द्वारा मैकू निवासी मछली मण्डी व हर्ष द्विवेदी निवासी कसहाई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मैकू के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

# दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की 12 बाइकें बरामद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा 2 अन्तर्जनपदीय बाइक चोरों को चोरी की 12 बाइकों के साथ गिरफ्तार किया गया।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुयी कि 2 व्यक्ति चोरी की बाइक के लिये कसहाई की तरफ से रगौली की तरफ जा रहे हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं उनकी टीम द्वारा रज्जू उर्फ राजू निवासी खटेहटा थाना बदौसा, संतोष कुमार निवासी सेमरिया थाना अतर्रा जनपद बांदा को एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दोनों भीड वाले स्थान की रेकी कर अलग-ललग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं, बाद में उन्हें बेंच देते हैं। साथ ही दोनों ने चोरी की 11 मोटरसाइकिलें कंचनपुर लौढिया में नाले में छिपा कर रखा हुआ है। आरोपियों की निशादेही पर कंचनपुर लौढिया नाले से 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। सभी वाहनों को ई-चालान एप के माध्यम से चेक किया गया तो कई वाहनों के नम्बर प्लेट बदलीं गयी हैं। साथ ही कई वाहनों के चेचिस नम्बर घिसकर मिटाये गये हैं।

बरामद मोटरसाइकिल का ई चालान एप पर वाहन स्वामी प्रेमचन्द्र भारतीय पुत्र कमलेश कुमार निवासी रेही तालुका बैदला प्रयागराज दिखा रहा है। जिसकी चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में मुकदमा पंजीकृत है।

गिरफ्तारी के दौरान जिला कारागार चैकी प्रभारी उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी शुभम शर्मा, राहुल देव, नीतू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 11 से 15 जून तक कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्रा - कुशल सिंह पटेल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन को मिले जन समर्थन को देखते हुए अखिल भारतीय कौंग्रेस समिति के राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय एवं उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि जिला कौंग्रेस समिति जिले की दोनों विधानसभा में 11 से 15 जून तक पूरे प्रदेश में कौंग्रेस पार्टी द्वारा धन्यवाद यात्रा कर जनता को धन्यवाद दिया जाएगा। जिसमें 13 जून को मानिकपुर विधानसभा एवं 14 जून को चित्रकूट विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इण्डिया गठबंधन के समर्थन में एकजुट होकर प्रचार प्रसार किया है। जिससे इण्डिया गठबंधन को सफलता मिली है। इसी प्रकार एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी शुरू कर देना है। जनता के हितों के लिए कौंग्रेस पार्टी ने हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नीट की परीक्षा में धांधली हुई है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। युवा कौंग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर परीक्षा रद्द करने की मांग की है। जिला कौंग्रेस समिति नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग करती है।

# नाबालिग के साथ युवक ने की छेड़छाड़, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के एक गांव में ठेकेदार के साथ पूड़ी बेलने गई लड़की के साथ देर रात छेड़छाड़ कर दी। सुबह लड़की ने अपने पिता को पूरी घटना के बारे में बताया। इसके बाद लड़की के पिता ने थाने में जाकर शिकायत की। पुलिस ने बयान दर्ज कर छेड़छाड़ करने वाले ठेकेदार लालू प्रजापति के छेड़छाड़ पॉकसो एक्ट की संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही छेड़छाड़ करने वाले युवक की पुलिस तलाश कर रही है।

## बोर में आग लगने से सामग्री नष्ट

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के पुरा गांव के निवासी विजय शंकर पांडेय पुत्र स्व मुकुट बिहारी पांडेय का गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत पर बोर था। सोमवार को दोपहर अचानक बोर में आग लग गई। जिसमें बोर में रखा लगभग 100 प्लास्टिक पाइप, बिजली के उपकरण, दैनिक उपयोग की सामग्री जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों व दमकल टीम को दी। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। परिजनों ने बताया कि कर्ज लेकर बोर तथा पाइप व अन्य समान की व्यवस्था की थी, लेकिन आग लगने से सब कुछ जलकर नष्ट हो गया।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने परिवारिक विवादों को समाप्त कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदक नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व राजेन्द्र कुमार निवासी द्वारिकापुरी द्वारा अपनी पत्नी कृष्णा देवी पुत्री आशाराम निवासी दतिया जिला दतिया मध्य प्रदेश के विरुद्ध लडाई झगडा कर प्रताडित करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# आलाकत्ल सहित तीन हत्यारोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कालपी



मंगरौल गांव में युवक की हत्या करने की घटना में शामिल तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगरोल निवासी गौरव उर्फ हिमांशु पुत्र चरन सिंह की बीते दिन 2 जून को हत्याकर दी गई थी। इतना ही नहीं हत्यारोपियों ने शव को गांव के बाहर फेक दिया था और मौके से भाग गए थे। घटना को लेकर मृतक के पिता चरन सिंह पुत्र रमेश सिंह के द्वारा 9 जून अभय मिश्रा पुत्र शुभाष मिश्रा, अनुरुद्ध सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र ओमसिंह, रामेंद्र उर्फ राघवेंद्र निवासीगण मंगरौल के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश कुमार पुलिस टीम के साथ मंगरौल-पड़री की तरफ हनुमान मंदिर के चबूतरे में घेराबंदी कर आरोपियों में अनुरूद्ध, अभय व रामेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक अदद डंडा बरामद कर लिया। फिलहाल पकड़े गए हत्यारोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## पति पत्नी में हुआ झगड़ा, पत्नी को घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** किसी बात को लेकर पति ने पत्नी को लाठी डंडा मार कर लुहू लुहानकर घर से निकाल दिया। पत्नी ने मां और भाई के साथ पहुंचकर कोतवाली में तहरीर दे दी हैं। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई हैं। कोतवाली क्षेत्र के वोहरा निवासी सोनू परिहार का 6 माह पहले कैलिया थाना क्षेत्र के पाड़री निवासी पार्वती के साथ शादी हुई थी। शनिवार को सोनू व पार्वती का किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। गुस्याए सोनू ने लाठी डंडा से पत्नी को लुहूलुहान कर घर से निकाल दिया। पार्वती मायके पहुंचकर मां सुनीता, भाई गुलाब सिंह को सारी बात बताई। पार्वती ने मां व भाई के साथ पति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी हैं। सब इंस्पेक्टर अजब सिंह का कहना है कि तहरीर आ गई हैं, जांच कर शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# देश में पहली बार 5 दिवसीय आई एक्सल एडवांस कार्यशाला का सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




भारत में पहली बार संत रणछोडदास महाराज द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में आई एक्सल एडवांस की पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विभागाध्यक्ष एवं प्रशासक स्तर के लगभग 50 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नेत्र चिकित्सालयों की टीमों को नेत्र सेवा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण देने के लिए तैयार करना है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए सेवा फाउंडेशन से अरुण आचार्या, निधि जामवाल, नीलम लोहाटे, आशीष रस्तोगी, लाइको मदुरई से उदया कुमार, एच वी देसाई पुणे से आमोद गोगटे श्रॉफ, आई अस्पताल से सुनीता अरोरा आए हुए है। इस पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बी के जैन, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, सेवा फाउंडेशन से आए मुख्य ट्रेनर अरुण आचार्या, डॉ आशीष बजाज ने गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी प्रकल्पों के बारे में अवगत कराया और आए हुए सभी प्रतिभागियों से आपस में एक दूसरे से अनुभव साझा करने को कहा। साथ ही नेत्र सेवा के क्षेत्र में पहले से और अधिक बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने की बात कहते हुए कार्यशाला में प्रतिभाग करने वालों का आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन ने कहा कि लोग चाहे जहां भी रहकर काम करें पर नेत्र रोगियों कि बहुत ही अच्छे ढंग से गुणवत्ता पूर्ण एवं सच्चे मन से सेवा करें। सेवा फाउंडेशन से आए मुख्य ट्रेनर अरुण आचार्या ने कहा कि यहा कोई एक ट्रेनर नही बल्कि कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागी ट्रेनर हैं। सब एक दूसरे से अपने अनुभव साझा करें।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 43.6 (+3.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.0 (-2.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 28 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 14 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# छोटे बब्बन और ऋषभ पांडे के हत्यारों को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर/विष्णु राठौर



**कानपुर नगर।** शहर के थाना फीलखाना क्षेत्र स्थित माहेश्वरी मोहाल में वर्ष 2017 में घटित हुए दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपियों को कल सोमवार कानपुर की सेशन कोर्ट ए.डी.जे. 20 ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। चौथी आरोपी जो महिला थी उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो की 29 नवंबर 2017 को थाना फीलखाना क्षेत्र स्थित महेश्वरी मोहाल में हिस्ट्रीशीटर सतीश कश्यप उर्फ छोटे बबन और ऋषभ पांडे नाम के युवक की गोली मारकर नृशंस हत्या हुई थी। मामले में सबसे पहले पुलिस ने एफआईआर नामित अभियुक्त शिव पर्वत को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के थोड़ी देर बाद ही आरोपी शिव पर्वत ने जिस रिवाल्वर से बब्बन और ऋषभ को गोली मारी थी उसे भी पुलिस टीम को उपलब्ध करा दिया था। शिव पर्वत को जेल भेजने के बाद जैसे ही पुलिस की जांच आगे बढ़ी प्रकाश में तीन नाम और सामने आए , जिनमें दिनेश कश्यप, उमेश कश्यप और एक महिला कल्पना शर्मा का नाम शामिल था। पुलिस ने जांच समाप्त करते हुए चारों आरोपियों शिव पर्वत ,दिनेश कश्यप, उमेश कश्यप, और कल्पना शर्मा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 ,120 ,भी और दफा 34 में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। लगभग छह वर्ष से भी अधिक समय में चले ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से एक दर्जन गवाहों की गवाही हुई। वहीं दूसरी ओर बचाव पक्ष ने भी अपने पांच गवाहों को कोर्ट के सामने पेश किया। कल 10 जून 2024 को न्यायालय ए.डी.जे. 20 की अदालत ने सतीश कश्यप उर्फ छोटे बब्बन हत्याकांड में तीनों आरोपियों शिव पर्वत, दिनेश कश्यप उमेश कश्यप को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 20-20 हजार रुपए के जुर्माने की भी सजा सुनाई है। साथ ही साथ दफा 34 में शिव पर्वत को 3 वर्ष कारावास और 5000 का जुर्माना लगाया है और कल्पना शर्मा को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है।

### प्रेम प्रसंग बना था हत्या का कारण

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सतीश कश्यप उर्फ छोटे बब्बन हिस्ट्रीसीटर था लेकिन जुर्म की दुनिया को छोड़कर के बिल्डर बन बैठा था। ऋषभ पांडे नाम का युवक उसके साथ रहने लगा था। सूत्रों की मां ने तो शिव पर्वत की प्रेमिका कल्पना शर्मा का प्रेम प्रसंग छोटे बब्बन से हो चला था। प्रेमिका की बेटी की शादी थी जिसमे छोटे बब्बन का जरूरत से ज्यादा दखल देख शिव पर्वत बौखला गया था। शराब के नशे में धुत शिव पर्वत ने छोटे बब्बन के साथ उसके साथी ऋषभ को भी बेरहमी से मार डाला था। बब्बन की बेटी मीनाक्षी ने घटना के बाद बताया था कि शिव पर्वत उनके परिवार से रंजिश मानता था। मीनाक्षी के मुताबिक करीब पंद्रह दिन पहले शिव पर्वत ने फोन कर उसके पापा को जान से मारने की धमकी दी थी। बब्बन के साथ मारा गया ऋषभ पाण्डे घर का एकलौता बेटा था। ऋषभ पिछले तीन साल से छोटे बब्बन के साथ रहता था। उसके परिवार में पिता राकेश, मां अर्चना और बहन रेनू थे।



"वर्ष 2017 में थाना फीलखाना क्षेत्र में घटित हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपियों शिव पर्वत, दिनेश कश्यप, उमेश कश्यप को माननीय न्यायालय ए डी जे 20 के द्वारा आजीवन कारावास के साथ 20-20 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है। शिव पर्वत नाम के को दफा 34 की धारा के तहत 3 वर्ष की सजा और 5000 जुर्माना अलग से लगाया गया है। महिला आरोपी कल्पना शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है। लेकिन पत्रावली का अवलोकन करके कल्पना शर्मा के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में अपील की जाएगी।

-संजय झा, ए.डी.जी.सी.

# वकीलों के ऊपर हो रहे हमले में पुलिस केस दर्ज करने में कर रही है लापरवाही

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले और लिखी जा रही झूठी रिपोर्टें के संबंध में अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समित के नेतृत्व में अधिवक्तागण पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे जहां पर संघर्ष समित संयोजक पं रवीन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसियेशन ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को बताया कि अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों पर निरंतर हमले हो रहे हैं 4 तारीख को कल्याणपुर थाना अंतर्गत आयुष्मान दीक्षित पर जानलेवा हमलाकर लूटपाट की गई कोई गिरफ्तारी नही हुई। कुछ दिन पूर्व नवाबगंज में अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवार पर हमला किया गया चमनगंज में अधिवक्ताओं पर सामूहिक हमला हुआ। किन्तु अभी तक किसी हमलावर की गिफ्तरी नही हुई। एक ओर हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से अधिवक्ताओं पर हमले बढ़ रहे है। दूसरी ओर अधिवक्ताओं पर झूठी रिपोर्टें लिखी जा रही है कुछ दिन पूर्व बिधनू में कोहना में बेकनगंज में और अभी 3 तारीख को गोविंद नगर में शोभित मिश्रा के खिलाफ जनवरी की घटना दिखाकर 386 में रिपोर्ट लिख दी गई। जो कि अधिवक्ताओं के उत्पीड़न को दर्शाता है इस पर तत्काल रोक लगाइए अन्यथा अधिवक्ता अपने मान सम्मान की रक्षा के लिए आंदोलन को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। पुलिस कमिश्नर ने ज्ञापन प्राप्त कर कहा कि हम सारे प्रकरणों को दिखवाएंगे और अधिवक्ताओं सहित किसी का भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रमुख रूप से भानु द्विवेदी, संजीव कपूर, अतुल सिंह, शैलेश त्रिवेदी, राकेश, सिद्धार्थ, श्याम द्विवेदी, तौहीद, राजुल श्रीवास्तव, सत्यम शुक्ला, नूर आलम, इंद्रेश मिश्रा, प्रियम जोशी, के के यादव आदि रहे।

# स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में 110 बच्चों ने लिया भाग



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय बाल गृह, कानपुर और आरोग्य क्लीनिक, लाल बंगले में सोमवार को स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें 110 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डाँ.वंदना पाठक, डॉ. निरंकार गोयल,डॉ. प्रवीन कटियार ने दीप प्रज्वलन व धन्वन्तरि पूजन के साथ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक ने उपस्थित अभिभावकों और लोगों को ग्रीष्म ऋतु के अनुसार आहार-विहार और बच्चों में कुपोषण जनित रोगों पर विशेष रूप से ध्यान देने का परामर्श दिया। उन्होंने स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक यह संस्कार बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों में यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों क अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। उन्होंने गर्मी के मौसम में बच्चों को सब्जियों मे पेठा, परवल, तौरी, लौकी, मूंग की दाल और फलो मे खरबूज, तरबूज, खीरा, ककड़ी नारियल पानी का भरपूर सेवन कराने पर बल दिया। डॉ. वंदना ने फ्रिज का पानी पीने से परहेज करने एव घड़े या सुराही का उपयोग करने के साथ व्यक्ति को अपने को धूप से बचाने की सलाह दी।

# कानपुर कोर्ट परिसर में मिष्ठान वितरण किया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने व रमेश अवस्थी के कानपुर के सांसद बनने पर विधी प्रकोष्ठ कानपुर दक्षिण द्वारा सोमवार को कानपुर कोर्ट परिसर में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ऐडवोकेट मोहित दुबे, विधि प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक कैलाश शुक्ला, राजेश यादव , राजेंद्र शुक्ला , सर्वेश दीक्षित , ओ पी दुबे, अमर मोदी, प्रदीप साहू , संजय झा , शासकीय अधिवक्ता जितेन्द्र पांडे व अनुराग शुक्ला उपस्थित रहे।



# आज से शुरू होगा यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर समेत प्रदेश के पांचों कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए 11 एवं 12 जून को होने वाली यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा कराया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सीएसए के कुलसचिव डॉ.पी के उपाध्याय ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा कानपुर में कुल छ्केंद्रों जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर, सेठ मोतीलाल खेरिया एस डी इंटर कॉलेज विष्णुपुरी कानपुर, विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज कानपुर, कानपुर विद्या मंदिर महिला इंटर कॉलेज स्वरूप नगर कानपुर, शिवाजी इंटर कॉलेज केशव नगर कानपुर पर कराई जाएगी। जिनमें स्नातक स्तर पर 11 जून को कुल 3330 तथा 12 जून को परास्नातक एवं पीएचडी स्तर के कुल अच्यर्थी 902 तथा एमबीए में कुल 103 अच्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि 11 जून को स्नातक की प्रवेश परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे तक छ- केंद्रों पर तथा परास्नातक एवं पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 12 जून को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक दो केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जबकि एमबीए की 12 जून को प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक एक केंद्र पर आयोजित कराई जाएगी। विश्वविद्यालय के डॉ. खलील खान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुलसचिव एवं उनकी टीम द्वारा कानपुर के समस्त केंद्रों का भ्रमण कर प्रवेश परीक्षा से संबंधित हो रही तैयारियों की जानकारी ली।



# बकरी चोरों का गैंग सक्रिय, दो दर्जन से अधिक बकरी कीं पार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

घाटमपुर में बकरी चोरों का गैंग सक्रीय है। एक गांव में देर रात बकरी चोर अपनी चार पहिया वाहन से आए और कई बकरी गाड़ी में भर कर ले गए। दुस्साहस दिखाते हुए दूसरे दिन भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया। डेयरी में लगे कैमरे में चोरी की घटना कैद हुई है। पीड़ित ने घाटमपुर थाने में चोरों के खिलाफ शिकायत की है जिसके बाद पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के तिलसड़ा निवासी पीड़ित पूनम साहू ने बताया कि उसकी गांव में डेयरी है, जहां गाए, भैंस और बकरी पालन होता है। उसके डेयरी फार्म में दो सौ बकरी हैं। बीते 9 जून को देर रात एक्सयूवी कार सवार चार युवक आए और उसके बाड़े में लगा ताला तोड़कर एक एक कर 16 बकरी और बकरी के पांच बच्चे गाड़ी में भर कर फरार हो गए। पास ही लगे कैमरे में चोरी की पूरी घटना कैद है। इसके बाद कल भी देर रात चोर गाड़ी से आए और चोरी का प्रयास किया। उनका लगभग ढाई लाख रुपए का माल चोरी हुआ है। पुलिस से लिखित शिकायत की है।

# कानपुर पुलिस ने ढूंढ निकाले लोगों के गुम हुए मोबाइल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की दक्षिण जोन की पुलिस ने सर्विलांस टीम के माध्यम से एक बड़ी सफलता हासिल कर काफी संख्या मे लोगों के खोए हुए फोन बरामद करके उनके चेहरे मे रौनक लाई है। जहां पुलिस ने अब तक 6 महीने मे गायब हुए कुल 75 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा बरामद किए गए फोनों की बाजारू कीमत 19 लाख 90 हजार रुपए बताई गई है। बीते दिन सोमवार को डीसीपी साउथ कार्यलय मे लोगों को बुलाकर उनके खोए हुए फोन डीसीपी द्वारा सकुशल वापिस दे दिए गए हैं। लोगों को अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिलने के बाद उनके चेहरे मे जो खुशी थी वो देखने लायक थी। इसी दौरान इस पूरे मामले मे कानपुर के डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने कल सोमवार को प्रेसवार्ता कर बताया की कानपुर शहर मे बीते 6 से 7 महीने मे दर्जनों लोगों के मोबाइल फोन गायब हुए थे। जिसकी लगातार डीसीपी दक्षिण के सर्विलांस सेल मे शिकायतें मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच, सर्विलांस सेल और स्थानीय थाना पुलिस टीम मे संयुक्त रिश्ते टीम बनाकर गुम हुए फोनो की तालाश शुरु कर दी थी। जिस पर सर्विलांस की मदद से कानपुर, बांदा, उन्नाव, लखनऊ और जालौन से खोए हुए अलग अलग फोन जो लोग चला रहे थे उनके पास से बरामद किए गए हैं। वहीं जिनके पास से मोबाइल फोन बरामद हुए हैं उनकी भी जांच कराई गई थी मगर उनमे से किसी पर भी कोई अपराधिक मामला नही है। जिसकी वजह से ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही नही की गई है। पुलिस द्वारा बरामद किए गए 75 मोबाइल फोन्स की कीमत बाजार मे 14 लाख 90 हजार रुपए है। इस दौरान लोगों को अपने खोए हुए फोन वापस मिलने पर सभी ने डीसीपी साउथ को धन्यवाद दिया और कहा कि हमारा फोन खोने के बाद तो हमने उम्मीद ही छोड़ दी थी कि हमे फोन वापिस भी मिलेंगे। लेकिन जब पुलिस की तरफ से फोन आया कि आपका जो फोन खो गया था वह पुलिस को मिल गया है यह सुनकर फिर हमको आज बहुत खुशी हुई और हमारा फोन वापस मिल गया।

# रिटायर्ड एयर फोर्स कर्मी के घर को दूसरी बार चोरों ने बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना महाराजपुर के रूमा क्षेत्र में चोरों ने एक रिटायर्ड एयर फोर्स कर्मी के घर का ताला तोड़कर सोने की चैन अंगूठी,चांदी के सिक्के व पांच हजार रूपए सहित लड़के और बहु के कपड़े चोरी कर पार कर दिए हैं। पूर्व में भी एक बार चोरी हो चुकी जिसका का पुलिस ने खुलासा नही किया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

लाल बंगला काजी खेड़ा निवासी अनिल गुप्ता ने बताया की वो एयर फोर्स से रिटायर्ड कर्मी है और रूमा के बगल में एक नया घर बनवाया है कभी कभी पूरे परिवार के साथ रहते और रुकते थे।जिस लिए काफी सामान रखा रहता था। परसों नए घर से आय तो ताला बंद किया था कल पड़ोसियों का फोन आया की दरवाजा खुला है जाकर देखा तो दो कमरे के ताले टूटे हुए है।और घर में रखे बहु की सोने की चैन चार अंगूठी चांदी के सिक्के पांच हजार रूपए वा बेटे और बहू के कपड़े गायब थे।पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।वही अप्रैल महीने में चोरी हो चुकी है।ठीक उसी तरह से दुबारा चोरी हुई है।

# दो जालसाजों को कोतवाल बेकनगंज ने दबोचा, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



थाना बेकनगंज के कोतवाल इस समय एक्शन मोड में आ गए हैं। फ़र्ज़ी हस्ताक्षर कर बैंक से पैसा निकालने व फ़र्ज़ी स्टाम्प पर हस्ताक्षर कर मकान हड़पने के दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई सोमवार को की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बेकनगंज में मोहम्मद सोहेल और मोहम्मद इमरान के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोतवाल बेकनगंज पंकज कुमार त्यागी ने पीड़ित को आश्वस्त किया था कि वह आरोपियों को छोड़ेंगे नहीं। कल सोमवार को सुहैल बिहारी व इमरान बिहारी दोषी जो जॉच में दोषी पाए गए । दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।सुहैल बिहारी ने बड़ी चालाकी से अपने बेटे हंज़ला बिहारी के अकाउंट मे पैसा ट्रांसफर किया था सुहैल बिहारी व इमरान बिहारी की गिरफ़्तारी के बाद बेटा हंज़ला बिहारी फरार है जल्द हो पुलिस उसको भी गिरफ्तार कर सकती है।

# चकेरी पुलिस ने सोने के बिस्किट चुराने वाली नौकरानी को दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना चकेरी पुलिस ने घर मे काम करने वाली महिला मानसी विश्वकर्मा को कल चन्द्र नगर खलवा थाना चकेरी क्षेत्र से घर दबोचा, दरअसल मानसी विपिन सिंह निवासी कालीबाडी हर्जेन्द्र नगर लाल बंगला के घर में घरेलू काम करती थी बीती 2 जून की शाम को उसने मौका पाकर अलमारी से सोने का बिस्किट चोरी कर लिया था, जिसकी रिपोर्ट विपिन ने थाने में कराई थी। तभी से मानसी लगातार गायब चल रही थी पुलिस ने लगातार कई दिनों तक मानसी को विभिन्न तरीकों से ट्रेस कर कल दोपहर धर दबोचा मानसी से कड़ाई से पूछ ताछ करने पर 924 ग्राम का सोने का बिस्किट भी उससे बरामद हो गया है जिसकी मार्किट में कीमत तकरीबन 75 लाख रुपये है ।

# व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर को बताई यातायात की खामियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बाजार व चौराहों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कोपरगंज के बैनर तले सभी व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेता गुरुजिंदर सिंह ने बताया कि कानपुर महानगर की शहरी सीमा में शहर के अंदर चौराहों पर बदली यातायात व्यवस्था से कई जगह सुधार हुआ है लेकिन खासकर घंटाघर मूलगंज बादशाही नाका समेत अन्य चौराहो में वनवे व्यवस्था से व्यापारी प्रभावित हो रहा है और इसी तरह अन्य बाजारों व चौराहों में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव करने के उपरांत जाम और बढ़ रहा है इससे व्यापार काफी प्रभावित हो रहा है जिसको सुधारने के लिए सभी व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर से मांग की है।

# कुर्बानी अल्लाह का हुक्म है, इसके बदले में कोई दूसरा अमल कुबूल नहीं''



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के ज़ेरे एहतमाम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की सरपरस्ती में जारी 9 दिवसीय कार्यक्रम 'फज़ायल, मसायल व तारीखे कुर्बानी' के तहत मस्जिद रैकेपुर कल्यानपुर और छोटी मस्जिद मुसाफिरखाना परेड में जलसे का आयोजन हुआ। कल्यानपुर स्थित मस्जिद में लोगों को सम्बोधित करते हुए मदरसा जामे उल उलूम के उस्ताद मुफ्ती अमीरुल्लाह क़ासमी ने अवाम को कुर्बानी के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से रूबरू कराते हुए कहा कि कुर्बानी से दुनिया और आखिरत दोनों ही जगह का फायदा है। देश के ग़रीबों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती होती है। कुर्बानी अल्लाह का हुक्म है, जिसके ऊपर कुर्बानी वाजिब हो गई , उससे कुर्बानी के बदले में कोई दूसरा अमल कुबूल नहीं है। दूसरी जानिब छोटी मस्जिद मुसाफिरखाना परेड में मुफ्ती मुहम्मद आक़िबा शाहिद ने लोगों को कुर्बानी से सम्बन्धित फज़ायल व मसायल से वाक़िफ कराय। इस अवसर पर हाफिज़ मुहम्मद जावेद, मौलाना मुहम्मद मज़हर क़ासमी, हाफिज़ मुहम्मद लईक़, मुहम्मद आरिफ, काशिफुद्दीन, मुहम्मद इरफान के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय अवाम मौजूद रहे।

# हृदय रोगी गर्मी में बरतें सावधानी नहीं तो गंवानी पड़ेगी जान

जन एक्सप्रेस । उपेन्द्र अवस्थी

**कानपुर नगर।** भीषण गर्मी के चलते शहर वासियों का बुरा हाल है,इसी के चलते हृदय रोग संस्थान में मरीजों की संख्या दुगनी हो चुकी है। निदेशक डॉक्टर राकेश वर्मा ने बताया कि गर्मी के चलते हृदय रोगियों के बीपी में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। ज्यादा पसीना निकलने की वजह से हृदय रोगी पानी का सेवन अत्यधिक कर रहे हैं जो की हृदयघात का बड़ा कारण बनकर सामने आ रहा है,उन्होंने बताया कि अमूमन 700 से 800 मरीज रोजाना हृदय रोग संस्थान में आया करते थे जिनकी संख्या बढ़कर अब 1700से 1800 तक पहुंच चुकी है,ऐसे में उन्होंने हृदय रोगियों को सावधानी के साथ पानी का सेवन करने के लिए कहा उन्होंने कहा कि जिनको एक या उससे ज्यादा बार हृदयाघात हो चुका है ऐसे रोगी एक दिन में सवा लीटर से ज्यादा पानी का प्रयोग ना करें क्योंकि ज्यादा पानी उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है,हालांकि गर्मी में ऐसे लोग जिन्हें हृदय संबंधी कोई समस्याएं नहीं है वह ज्यादा से ज्यादा पानी का प्रयोग कर सकते हैं।

### आठ करोड़ का प्रोजेक्ट, जुड़ने हैं 1324 सीसीटीवी

# तीसरी आंख से होगी सुरक्षा व स्वच्छता की निगरानी

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



योगी सरकार में शहर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था अब हाईटेक होने जा रही है। तीसरी आंख के जरिए दोनों ही व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में बैठकर न सिर्फ संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी बल्कि चौराहों व गली-मोहल्लों में नगर निगम की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके लिए घरों, प्रतिष्ठानों, होटलों और कार्यालयों के बाहर लगे सीसी कैमरे अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट जोड़े जा रहे हैं। भव्य मंदिर में रामलला के प्रतिष्ठित होते ही अयोध्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि अयोध्या को ऐसे सजाया और संवारा जाए, जिससे यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार अयोध्या आना चाहे। इसी के तहत नगर निगम ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में बड़ा कदम उठाया हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया गया। नगर निगम की टीम रोज लोगों से उनके कैमरे को मॉनिटरिंग रूम से जुड़वाने की अपील कर रही है।

#### आठ करोड़ का प्रोजेक्ट, जुड़ने हैं 1324 सीसीटीवी

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नगर में काम करने का जिम्मा एलाइड डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड को दिया गया है। यह करीब आठ करोड रुपये का प्रोजेक्ट है। रोड के किनारे के कैमरों को जलकल स्थित आईटीएनएस कार्यालय के लगे सर्वर से जोड़े जाएंगे। प्रोजेक्ट के तहत कार्य कर रहे विनोद यादव ने बताया कि 1324 कैमरों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 950 सीसी कैमरों को जोड़ा जा चुका है।

#### कंट्रोल रूम में बैठेंगे नगर निगम कर्मी

कंट्रोल रूम से न सिर्फ स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा बल्कि अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा जाएगा। इसके लिए कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी बैठाए जाएंगे। जहां से कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था, पानी लीकेज, स्ट्रीट लाइट के बंद होने की जानकारी संबंधित अनुभाग को देंगे। जानकारी मिलते ही फॉल्ट ठीक करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंच जाएंगे।

#### सुरक्षा के नजरिए से काफी कारगर है प्रोजेक्ट

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लग रहे कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से काफी कारगर साबित होंगे। इससे शहर में घटित होने वाली घटनाओं पर भी नजर रखी जा सकेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए पुलिस को भी घटनाओं का खुलासा करने में काफी मदद मिलेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से भी इस प्रोजेक्ट के काफी काम आने का दावा किया जा रहा है।

#### लोगों को समझना है जरूरी

प्रोजेक्ट को पूरा करने की डेडलाइन 30 मई बताई जाती है। प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुए चार माह बीतने को है, लेकिन 1324 सीसी कैमरो को जोड़ना आसान नहीं है। नगर निगम से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि होटल, प्रतिष्ठान और कार्यालयों के कैमरे जोड़ने में दिक्कत नहीं आ रही है। लेकिन लोगों के घरों के सीसी कैमरों को जोड़ने में परेशानी आ रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हाइवे किनारे जंगल में फांसी से लटका मिला अधेड़ का शव

**जन एक्सप्रेस/रुदौली- अयोध्या।** लखनऊ अयोध्या नेशनल हाइवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जिले की सीमा पर अशरफपुर गंगरेला के जंगल में हाइवे से मात्र 20 मीटर की दूरी पर शौच के लिए गए सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव सागौन के पेड़ की शाखा से गमछा के सहारे लटकता हुआ देखा।यह घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई सूचना पटरंगा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे दरोगा वीरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ शव को कब्जे में लेकर आस पास के लोगों से पहचान कराई गई लेकिन पता नहीं चल सका फिर सोशल मीडिया पर फोटो डाली गई जिससे उसकी पहचान जग प्रसाद उम्र 50 वर्ष पुत्र मोहन लाल निवासी भवनिया पुर शिवली कोतवाली रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है।परिजनों के मुताबिक मृतक कल शाम को घर से अपनी लड़की के यहां अईमा टिकैत नगर जाने के लिए निकले थे और इनका मानसिक संतुलन सही नहीं था दिमाग के डॉक्टर के यहां से तीन साल से इलाज चल रहा था।पटरंगा थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय अयोध्या भेज दिया गया है।

# राहुल गांधी और किशोरी लाल शर्मा का धन्यवाद समारोह आज

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट से भारी मतों से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी और अमेठी से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा आज मंगलवार को अमेठी और रायबरेली की जनता को धन्यवाद देने आ रहे हैं।जिसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहेंगी। सूत्रों से पता चला है कि ग्यारह जून को होने वाले 'धन्यवाद समारोह' के स्थान में बदलाव किया गया है।अब यह कार्यक्रम अमेठी के तिलोई विधान सभा क्षेत्र के हिमाचल का पुरवा की जगह रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में होगा।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमेठी प्रदीप सिंघल ने बताया कि मंगलवार को अमेठी में फुरसतगंज के नजदीक हिमाचल का पुरवा में अपराह्न तीन बजे धन्यवाद समारोह आयोजित होना था।मगर भीषण गर्मी को देखते हुए इसके स्थान में बदलाव किया गया है।अब यह समारोह रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित होगा।सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।बताते चले कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली की सीट बरकरार रखी।वहीं अमेठी सीट भाजपा से छीन ली है।लम्बे समय तक पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रतिनिधित्व वाली रायबरेली सीट पर इस बार राहुल गांधी ने चुनाव लड़ा।और तीन लाख नब्बे हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की।

दूसरी ओर अमेठी में नेहरू गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को एक लाख सरसठ हजार से अधिक मतों से पराजित करके यह सीट एक बार फिर कांग्रेस की झोली में डाल दी।इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की सत्रह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।जिनमें से छह पर जीत हासिल हुई जबकि बाकी ग्यारह स्थानों पर उसके पर उसके पार्टी प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे।

## होमगार्डों को जिला अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**




उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु 14 महिला एवं 50 पुरुष कुल 64 होम गार्ड्स को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। होम गार्ड्स का प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा 11 जून से 22 जून तक 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कराया जाएगा तथा 02 दिवसीय यात्रा अवधि कुल 14 दिवसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जनपद के आम नागरिकों को प्रशिक्षण देंगे एवं विभिन्न प्रकार के आपदा के समय वे बचाव का कार्य भी करेंगे। इस दौरान आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान, जिला कमांडेंट होम गार्ड्के सहायक ज्ञानचंद यादव, समस्त ब्लॉक के होम गार्ड्स ऑर्गेनाइजर, आपदा सहायक अविनाश कुमार वर्मा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# शादी अनुदान के आवेदक की आय सीमा में बदलाव

### पुत्रियों की शादी अनुदान हेतु आधार प्रमाणीकरण/ई-केवाईसी आवश्यक: मोहन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

पिछडा वर्ग कल्याण विभाग के शासनादेश द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियो की शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के लिए नियमावली/शासनादेश निर्गत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण/ ई-के.वाई.सी. लागू की गयी हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल http://shadi-anudan.upsdc.gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-के.वाई.सी. सुनिश्चित किया जायेगा। आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर एवं मोबाइल पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से लागिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदकों की आय सीमा में संशोधन किया गया है जिसके अनुसार शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में आवेदनक की आय रू0 1.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। शादी अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिवस पूर्व तथा 90 दिवस पश्चात तक ही स्वीकार्य है। किन्तु इस अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होगी। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला एवं दिव्यांग आवेदको को वरीयता प्रदान की जायेगी। शादी अनुदान की धनराशि नियमानुसार पात्र लाभार्थियों के खातों में रू0 20000.00 ई. पेमेंट के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। योजनान्तर्गत पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति उक्त शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नको सहित सम्बन्धित तहसील अथवा विकास खण्ड में जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं का भविष्य को संवारने तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध करने के उद्देश्य से रोजगार संगम एकीकृत पोर्टल शुरूआत की है। जिससे अब युवाओं को अपनी योग्यतानुसार रोजगार मिलना और भी आसान हो गया है।तथा साथ ही नियोजकों को भी अपनी जरुरत के अनुसार कर्मचारी मिलने के विकल्पों में वृद्धि होगी।उन्होंने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर जनपद के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों सरकारी प्राइवेट आईटीआई तथा अन्य महाविद्यालयों को भी जोड़ा जा रहा है। जिससे उन संस्थानों में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं तथा पास आउट अभ्यर्थी भी कॅरियर काउन्सिलिंग की सुविधा तथा रोजगार मेलों का लाभ ले सकेगें।

उन्होंने बताया कि इसके लिए नवनिर्मित रोजगार संगम पोर्टल पर सभी नियोजकों, इन्सटीट्यूशनों, जॉब सीकर्स को भी पंजीकरण करना होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय के साथ नियोजक व शिक्षण संस्थान समन्वय बनाते हुये प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सकेंगे। तथा जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से कॅरियर काउंसिलिंग की सेवा भी अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही अभ्यर्थी पोर्टल से देश व विदेशों में भी जॉब ऑफर प्राप्त कर सकेंगे।

# भव्य काव्योत्सव का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस। महराजगंज, रायबरेली**

क्षेत्र में स्थित इनोवेट कम्प्यूटर सेंटर पर अवधी मधुरस कला समन्वय समिति अमेठी के तत्वावधान में एक विशाल काव्योत्सव में आयोजन हुआ जिसमें हाल में प्रकाशित साझा संकलन मधुरस की पंखुड़ियों का मंत्रमुग्ध कर देने वाला विमोचन हुआ इसी के साथ-साथ आस पास एवं दूरदराज से आये हुए लगभग चालीस कवियों ने अपने अंदाज में गर्मी को मात देते हुए शमां बांधा कार्यक्रम का संचालन जहाँ कविराज -शिवकुमार सिंह शिव ने किया वहीं मंच संचालन का गुरुतर दायित्व वेदप्रकाश सिंह प्रकाश बाराबंकी ने सम्हाला माँ वीणापाणि की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के बाद पाँच कवियों ने वाणी के माध्यम से कविता द्वारा माँ की आराधना की इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जहाँ बैसवारे की धरती से आये कुशल नवगीतकार डाक्टर ललित त्रिपाठी ने की वहीं पुस्तक समीक्षक के रूप में मुख्य अतिथि का गुरुतर दायित्व डाक्टर संतलाल हिन्दी भाषा सलाहकार ने निभाया कार्यक्रम में पर्यावरण पर काम करते हुए लाखों पीपल के वृक्ष लगा चुके पीपल पुरुष अनिल कुमार सिंह जगत पुर तथा चिकित्सा के क्षेत्र में डाक्टर राम गोपाल जायसवाल को प्रदेश स्तर पर सबसे अधिक मरीजों का इलाज करने पर अति विशिष्ट अतिथि के रुप में अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। इसी दौरान जहाँ कोरोना के समय से लगातार समाजिक चिंतन करते समाज में वंचितों के लिए कार्य करते हुए उन्हें राशन कपड़े तथा अन्य तरह की मदद करने वाले बगैर प्रचार पाये जितेन्द्र सिंह मृदुल तथा इसी तरह का प्रकल्प चला क्षेत्र के एकमात्र इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टर जो कि हफ्ते में चार दिन हर तरह के मरीजों का मात्र दश रुपए में कई सालों से इलाज कर रहे डॉक्टर एम के सिंह को विशिष्ट अतिथि के रुप में अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 13 को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''मिशन रोजगार'' के अंतर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचाहार रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 13 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 05 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई0टी0आई0 योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल https://rojgaar sangam.up.gov.in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

### बैंक में डीबीटी/एनपीसीआई न होने पर विधवा पेंशन का भुगतान संभव नहीं

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी /एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। उन्होंने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि संबंधित बैंक से अविलम्ब डीबीटी/ एनपीसीआई तत्काल करा लें जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

# नीट-यूजी 2024 के आयोजन व परिणाम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अक्षमता-भ्रष्टाचार सामने आया: अभाविप

**जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम**




भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) के आयोजन के दौरान गड़बड़ियों तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जाँच की मांग करती है। इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी तथा अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए, साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। विद्यार्थी परिषद, नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित माँगों के साथ है।मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं।

अभाविप अयोध्या महानगर के महानगर मंत्री सत्यम दुबे ने कहा कि नीट-यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जाँच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है।अभाविप के आयाम विकासार्थ विद्यार्थी के प्रांत सयोंजक शिवम मिश्रा ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या करने की मामले हुए हैं, यह अत्यंत दुखद है। इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए जिससे छात्रों में परीक्षा के आयोजन को लेकर भरोसे की स्थिति बने। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के महानगर के मंत्री सत्यम दुबे के नेतृत्व में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने में विभाग सह संयोजक अंशुमान सिंह स्कूली विद्यार्थी प्रांत संयोजक आशुतोष राणा महानगर सह मंत्री शशांक सिंह विद्यार्थी अंश जयसवाल किशन सिंह प्रियांशु तिवारी महेश पांडेय ऋषभ पांडेय अनादि पांडेय वैभव सिंह संतोष शुक्ला अवध विश्वविद्यालय विस्तारक सोनी मौर्य सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम हेतु जनपद के चिकित्सकों को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

टीबी रोकथाम हेतु जनपद के चिकित्सकों का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी दर्शन नगर सभागार में 27 मई को प्रातः 10 बजे से डा0 संदीप कुमार शुक्ला जिला क्षय रोग अधिकारी के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर प्रारम्भ किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में राज्य मुख्यालय से प्रशिक्षित डा0 संदीप कुमार शुक्ला जि0क्ष0रो0अ0, डा0 एस0के0 वर्मा असि0 प्रोफेसर (टी0बी0एण्ड चेस्ट) मेडिकल कालेज दर्शन नगर, अयोध्या, डा0 अंजली राजीव विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार, ने मुख्य भूमिका निभाई। सहायक के रूप में रमनीश मिश्रा डी0पी0टी0सी0 तथा प्रेम कुमार बी0सी0जी0टेक्नीशियन जिला पीपीएम कोआर्डिनेटर ने सहयोग किया।उपरोक्त प्रशिक्षण में उपस्थित चिकित्सकों को राज्य मुख्यालय से प्राप्त प्रशिक्षण सामग्री के आधार पर टी0बी0 के इतिहास से लेकर आधुनिक जांचों, वर्तमान में उपस्थित क्षय निरोधी औषधियों तथा भविष्य में लांच होने वाली क्षय निरोधी औषधियों के बारे में विस्तार से बताया इसके साथ/साथ एक्सट्रापल्मोनरी टीबी, पीटीईआर को बढ़ाने हेतु भी सभी को विशेष रूप से बताया गया। उपस्थित चिकित्सकों के मन में कुछ भ्रांतियां थी उनका भी समाधान किया गया। अन्त में जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 संदीप कुमार शुक्ला ने सभी से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के अनुसार वर्ष 2025 में भारत देश को क्षय मुक्त बनाना है। अतः सभी को अपने-अपने स्तर पर तैयार हो जाना चाहिए।

# मेरी जीत गांधी परिवार और जनता की जीत है: के एल शर्मा

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



लोकसभा चुनाव में रायबरेली एवं अमेठी में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा के जनपद में प्रथम आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 सांसद के एल शर्मा ने कहा कि मेरी जीत गांधी परिवार और जनता की जीत है, रायबरेली और अमेठी से मेरा 40 वर्षों का अटूट रिश्ता रहा है, यहां की जनता ने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया है उसका मैं सदैव आभारी रहूंगा। उन्होने कहा कि अमेठी और रायबरेली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरा चुनाव निष्ठा लगन, ईमानदारी और मेहनत के साथ लड़ा जो प्रसंशनीय था मैं पुनः दोनों सीटों पर कांग्रेस की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं एवं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने जनपद से जनप्रिय नेता राहुल गांधी के रिकॉर्ड मतों की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव के प्रारम्भ से लेकर मतगणना पूर्ण होने तक हर परिस्थिति में डटा रहा। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हौसले की प्रसंशा करते हुए कहा कि रायबरेली जीत के साथ अमेठी में हम सबके मार्ग दर्शक संरक्षक आदरणीय भाई साहब की जीत ने चार चांद लगा दिये। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिलक भवन में अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद के एल शर्मा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया एवं 11 जून दिन मंगलवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में होने वाले कार्यकर्ता आभार समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई, जिसमें सांसद राज्यसभा श्रीमती सोनिया गांधी, रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद एवं जनप्रिय नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी एवं सांसद अमेठी के0एल0 शर्मा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सभी कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लाक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### मोदी 3.0 सरकार में देश का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल के नेतृत्व मे राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री (एनडीए सरकार) एवं रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह को मोदी मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय आनंद नगर गौहानिया चौराहा पर ढोल नगाड़ा के साथ अबीर गुलाल उड़कर जश्न मनाया और मिष्ठान वितरण किया आपस में भी एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर प्रसन्नतास व्यक्त किया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया उन्होंने कहा इस बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार मे देश का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा। और कहा कि चौधरी जयंत सिंह को केन्द्रीय मंत्री बनाए जाने से देश के किसान कमेरा नौजवान पिछड़ो दलितों की आवाज बुलंद हुई है नई सरकार गठन के बाद ग्रामीण भारत में किसनों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बलराम यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ बेचू लाल ज्ञान, जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, राम लक्ष्मण कोरी,अवधेश रावत, देवी शरण वर्मा, सचिव राम जियावन वर्मा, राममिलन वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, सचिव नेतराम वर्मा, प्रदेश सचिव युवा सुरजीत वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अनिल वर्मा महानगर अध्यक्ष युवा अमित पांडे, युवा नेता अजीत वर्मा, बबलू यादव, समाजसेवी महेश नारायण पांडे, फूलचंद वर्मा, शेष प्रताप वर्मा, करिया राम वर्मा आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | मंगलवार | 11 जून 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 43°C | 30°C |
| कानपुर | 44°C | 31°C |
| देहरादून | 40°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 44°C | 31°C |

# लखनऊ में 1100 घरों को ढहाने का अभियान चला

## कागज दिखाकर गुहार लगाते रहे,12 साल की बच्ची ने वीडियो जारी किया-अखिलेश अंकल मदद करिए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ के अकबरनगर में सोमवार को 1100 घरों पर बुलडोजर चलाने का अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई दो शिफ्ट में की गई। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, फिर दिन में 3 बजे से रात 8 बजे तक अवैध मकानों को ढहाया गया। मंगलवार सुबह 9 बजे से फिर इसी शेड्यूल से अभियान चलाया जाएगा। सुबह से 6 पोकलेन और 16 बुलडोजर से घर ढहाने का काम किया गया। बैरिकेडिंग कर इलाके को सील किया गया था। किसी तरह का हंगामा न हो, इसलिए पीएसी/आरएएफ की 8 कंपनियां मौके पर तैनात रहीं। वहीं, 12 साल की एक बच्ची ने वीडियो जारी कर अखिलेश यादव और राहुल गांधी से मदद की गुहार लगाई। उसने कहा-हम सुबह सोकर उठे तो चारों तरफ फोर्स ही फोर्स थी। कई बुलडोजर और पुलिसकर्मी मौजूद थे। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। दहशत का माहौल रहा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसर सुबह 10 बजे अकबरनगर बुलडोजर और फोर्स लेकर पहुंचे। बुलडोजर को देखते ही लोग घरों का सामान समेटने लगे। प्रशासन ने सामान शिफ्ट करने के लिए मुफ्त गाड़ियों की व्यवस्था की थी।

**क्यों की जा रही कार्रवाई?**

- लखनऊ में कुकरैल नदी के किनारे अवैध मकान बने हुए हैं।
- यहां पर कुकरैल रिवर फ्रंट विकसित किया जाना है।
- एलडीए द्वारा अवैध मकानों-दुकानों को तोड़ा जा रहा है।
- अकबरपुर एरिया में कुल 13 क्लस्टर बनाए गए हैं।
- एलडीए अब तक 1700 लोगों को आवास दे चुका है।

### घर खाली करने के लिए दी गई थी चेतावनी

अफसरों का कहना है कि लोगों को घर खाली करने के लिए चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी कुछ लोगों ने जगह नहीं खाली की। अब उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मकान ढहाने के अभियान की पहली शिफ्ट सुबह से दोपहर तक थी। दोपहर बाद दूसरी शिफ्ट में कार्रवाई की गई। दोनों शिफ्टों में 1100 से ज्यादा अवैध कब्जे ढहाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा पीएम का पहला फैसला: योगी आदित्यनाथ

- प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए लिया तीसरे कार्यकाल का पहला फैसला, सीएम ने जताया आभार
- पीएम मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर किया हस्ताक्षर
- 9.3 करोड़ अन्नदाताओं के बैंक खाते में 20 हजार करोड़ की धनराशि होगी हस्तांतरित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



देश के अन्नदाताओं के हित में उठाए गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। सीएम योगी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए इस फैसले की सरहना की है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल के पहला फैसला लेते हुए पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए देश के सभी किसानों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस निर्णय से लाभान्वित होने वाले 9.3 करोड़ अन्नदाता किसानों के बैंक खातों में लगभग 20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित होगी। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों-बहनों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार।

# बसपा में फिर तेज हुई आकाश आनंद की वापसी की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लोकसभा चुनाव में बुरी तरह शिकस्त के बाद बसपा में आकाश आनंद की वापसी की मांग तेज होती जा रही है। बीते दो दिन के दौरान सोशल मीडिया पर आकाश की वापसी की मांग वाला हैशटैग टॉप ट्रेंड करता रहा। साथ ही, बसपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं नेशनल कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह की वापसी की भी मांग की जा रही है। जयप्रकाश को छह साल पहले बसपा सुप्रीमो ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि बसपा को दोबारा स्थापित करने के लिए आकाश और जयप्रकाश की वापसी जरूरी है। बता दें कि आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटाने के बाद अमेठी के दो बसपा नेताओं ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही लगातार पार्टी में आकाश की वापसी के लिए स्वर उठ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद आकाश के साथ जयप्रकाश की वापसी की भी मांग हो रही है। जयप्रकाश को बसपा सुप्रीमो मायावती ने छह साल पहले राहुल गांधी समेत कई नेताओं पर दिए गए विवादित बयान के बाद पार्टी से बाहर कर दिया था। उन पर पार्टी के नाम पर चंदा वसूलने का भी आरोप लगाया गया था। जयप्रकाश को मायावती के भाई आनंद कुमार का करीबी बताया जाता है। हालांकि निष्कासन के बाद भी वह लगातार बसपा का प्रचार करते रहे हैं।

**बसपा में एक्शन का सिलसिला हो रहा तेज**

बसपा में हार के बाद पार्टी पदाधिकारियों और प्रत्याशियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। हरियाणा के बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सोरखी और प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा को हटा दिया है। पार्टी ने धर्मपाल को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वहीं, सहारनपुर के प्रत्याशी माजिद अली को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उनके भाई बॉलीवुड एक्टर केके आर को भी आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर पार्टी से बाहर कर दिया गया है। यही नहीं, कई कोऑर्डिनेटर के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बसपा सुप्रीमो मायावती लगातार जिलाध्यक्षों से हार के कारणों पर रिपोर्ट ले रही हैं। इसके बाद बड़े पैमाने पर कार्रवाई होने के संकेत हैं।

**चुनाव के दौरान हुई कार्रवाई**

बसपा सुप्रीमो ने चुनाव के दौरान झांसी के प्रत्याशी और जिलाध्यक्ष को हटा दिया था। इसी तरह बरेली में प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने की गाज जोनल कोऑर्डिनेटर और जिलाध्यक्ष पर गिरी थी।

# बिना पैमाइश के राज्य सरकार की कीमती जमीन पर ट्रैक्टर चला कर किया कब्जा

- पूर्व में तहसील प्रशासन व चकबंदी की टीम मौके पर पहुंच कर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा किए गए कब्जे को कराया था खाली

जन एक्सप्रेस। अभिमन्यु कुमार रावत



**लखनऊ।** सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकरा में खसरा संख्या 1432 रकबा करीब साढ़े तीन विश्वा जो राज्य सरकार के नाम दर्ज है उसपर प्रॉपर्टी डीलरों ने किया कब्जा, जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सकरा में प्रॉपर्टी डीलर 1440, 1433, 1432 आदि जमीन खरीदी है इसी की आड़ में खसरा संख्या 1432 रकबा करीब साढ़े तीन विश्वा जो राज्य सरकार के नाम दर्ज है उसपर भी प्रॉपर्टी डीलरों ने ट्रैक्टर चला कर किया कब्जा, जबकि पूर्व में प्रॉपर्टी डीलर राजू द्वारा इसी भूमि पर कब्जा कर खड़ी की थी बाउंड्री जिसे सरोजनी नगर तहसील प्रशासन व चकबंदी टीम को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा किए गए कब्जे को जेसीबी मशीन से तुड़वाकर कराया था खाली पुनः इसी जमीन पर बिना पैमाइश के प्रॉपर्टी डीलरों ने किया कब्जा।

> 3 विश्वा राज्य सरकार में गई हुए हैं करीब 6 बिस्वा जमीन छुटी हुई है, तीन विश्वा के आस-पास घर बना हुआ है तीन विश्वा छुटी हुई है, हमने 7 विश्वा जमीन सोहनलाल से खरीदी है उसी में से तीन विश्वा राज्य सरकार में गई है, हमें राज्य सरकार की जमीन से कोई लेना देना नहीं।
> -धनंजय

> साढ़े तीन विश्वा राज्य सरकार की जमीन है उस पर हो रहें कब्जे को हमने रुकवा दिया है 12 तारीख को पैमाइश कर अपनी जमीन सुरक्षित करुंगा।
> बृजभान, लेखपाल, सकरा

## फास्ट फॉरवर्ड

### 'साइबर सिक्योरिटी और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने आज सचिवालय मुख्य भवन के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय राज्यमंत्री अजित सिंह पाल भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों और उनकी प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को जनमानस के लिए उपयोगी बनाने के विचार को केंद्र में रखकर विभागीय योजनाओं को रोजगारपरक व कौशल दक्षता परक बनाया जाए। इसके लिए जनपदों में एक कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना किये जाने हेतु योजना बनाई जाए जिसमें बच्चों को विभिन्न कंप्यूटर कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जा सके और ट्रेनिंग के उपरांत उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाए। इससे बच्चों में कौशल विकास दक्षता के साथ उन्हें रोजगार में भी सुविधा मिलेगी।साइबर सिक्योरिटी नीति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर क्राइम एक जटिल समस्या बन गया है, जिस पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है इसके लिए साइबर सिक्योरिटी को और अधिकशक्तिशाली बनाए जाने की आवश्यकता है।

### बड़े मंगल पर आज कृषि मंत्री करवायेंगे भंडारा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बड़े मंगल के अवसर पर दोपहर 12 बजे से हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा करवाएंगे।

### 'श्रमिकों को गर्मी, लू से बचाव के हों पुख्ता प्रबंध'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा श्रमिकों को गर्मी व लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत के के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग जनहित के कार्य कर रहा है।डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों व कार्यस्थल पर उनके छोटे बच्चों की देखभाल, प्राथमिक चिकित्सा, समुचित छाया, शुद्ध पेयजल आदि की उचित व प्रभावी व्यवस्था मनरेगा गाइडलाइंस व हीट -वेव यानि लू प्रबंधन कार्ययोजना के तहत की जाय।प्रदेश भर में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संवदेनशीलता बरतते हुए गर्मी की शुरुआत में ही जनपदों कोएहतियातन पहले ही पत्र प्रेषित कर दिया गया था। भीषण गर्मी और लू की संभावना के चलते प्रदेश में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिये हीट-वेव लू प्रबंधन कार्ययोजना -2024 क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत किये जा चुके हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य के इच्छुक प्रत्येक श्रमिक को मांग के अनुरूप कार्य दिये जाने की प्राथमिकता के साथ यह भी ध्यान देने की आवश्यकता को बताया गया कि श्रमिकों के लिये कार्य करने का समय, कार्य करने के अनुकूल हो। प्रचंड गर्मी में श्रमिकों को कार्य में सरकार राहत प्रदान कर रही है।

# यूपी में 44 फीसदी तक महंगा होगा बिजली कनेक्शन लेना, उद्योगों की दरों में भी होगी वृद्धि

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन की तरफ से नए बिजली कनेक्शन की दरों के लिए नियामक आयोग में संशोधित कास्ट डाटा बुक का प्रस्ताव दाखिल किया गया है। इसके तहत अब गरीब ग्रामीणों को भी नया कनेक्शन लेने के लिए 44 प्रतिशत अधिक भुगतान करना होगा। इसी प्रकार उद्योगों की दरों में भी 50 से 100 प्रतिशत से ज्यादा की तक वृद्धि प्रस्तावित है। उपभोक्ता परिषद ने इस एलान का विरोध किया है। प्रदेश में बीते चार वर्षों से बिजली दर नहीं बढ़ी है।

# सीएम योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की मुलाकात मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री बनने पर दी शुभकामनाएं



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है। सीएम योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अमित शाह गुजरात के गांधीनगर और नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा से चुनाव जीते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी की लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार भी किया था।

# सामुदायिक शौचालय का समरसिबल एक सप्ताह से है खराब, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

- शौचालय का समरसिबल एवं सड़कों पर पड़ने वाले हैंड पम्प खराब होने से ग्रामीणों को पानी की हो रही किल्लत
- पानी न मिलने की शिकायत ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जहां पर समरसिबल व नल खराब पड़े हुए हैं लेकिन जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी व जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि ग्रामीण जनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कड़े निर्देशों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं देवरी रुखारा पंचायत में सामुदायिक शौचालय समरसिबल पम्प एक सप्ताह से खराब पड़ा है, गांव में एक दर्जन से अधिक हैण्डपम्प खराब होने से इस चिलचिलाती गर्मी में जब पारा 43 है तब पीने के पानी का संकट बना हुआ है। गांव के सचिव नासिर हुसैन से शिकायत करके कई ग्रामीण थक चुके जिसके बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। वहीं गांव निवासी बाबा गोपाल दास, इरफान, मानसिह यादव, सुरेश यादव, बेला सिहं ने बताया कि एक सप्ताह हो चुके है। देवरी रुखारा पंचायत में सामुदायिक शौचालय का समरसिबल पम्प खराब पडा है, इसकी वजह से ग्रामीण शौचालय प्रयोग नही कर पा रहे है। और पंचायत में एक दर्जन से अधिक हैण्डपम्प बंद पडे है। गर्मी में लोगों को पीने के पानी की किल्लत हो रही है। वहीं यहां पर मनोहर लाल गौतम,रेलवे क्रासिंग के पास,शंकर लाल,राम लखन सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर इंण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगे है। लेकिन खराब होने की वजह से पानी नही निकल रहा है। इनकी मरम्मत के लिए शिकायतें दी गयी है लेकिन सचिव नासिर हुसैन की मनमानी के आगे कुछ भी काम नही हो पा रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे क्रासिंग से लेकर देवरी रुखारा तक दोनो तरफ सड़क पटरी पर मिटटी का पटान मनरेगा से करवाना था। लेकिन इसका पैसा निकाल लिया गया है और काम जमीन पर नहीं करवाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करके नासिर हुसैन पर कार्यवाही की मांग की है।

# किसानों की जमीन के पट्टे व पत्रावलियां दिये जाने व अवैध कब्जे पर कठोर कार्रवाई की मांग

- बदैयां व टिकरी के किसानों की जमीन पर है कब्जा, सरकारी जमीन पर है कब्जा
- किसानों के पट्टे व पत्रावलियां गायब होने से महिला किसानों में है आक्रोश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब एवं मलिहाबाद तहसील के बदैयां, टिकरी कला और अकडरिया कलां गांवों की सरकारी व किसानों की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग तेज हो गई है। बता दें कि आरोप है कि यहां जबरन कब्जा करके नीलांश वाटर थीम पार्क का निर्माण कराया गया है। इसके खिलाफ डेढ़ साल से मुहिम चला रहे दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज ने आरोप लगाया कि अवैध कब्जे को हटाने में प्रशासन ढुलमुल रवैया अपना रहा है। जिससे कि किसानों में अभी भी आक्रोश है। आपको बताते चलें कि दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज ने बताया कि पार्क को सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है। इसकी आड़ में किसानों की जमीन भी कब्जाई गई है कहा कि सुल्तानपुर, बहादुरपुर और राजापुर के 84 किसानों की गायब पट्टा पत्रावलियों के मामले में भी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसी मामले में बीते शनिवार को आंदोलित किसानों ने गोमती नदी में छलांग भी लगा दी थी। तब दीपक शुक्ला तिरंगा ने कहा था कि वे इन दोनों मामलों को लेकर 13 जून के बाद से आंदोलन फ़िर से किया जायेगा। वहीं बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि जिन दो तालाबों पर पार्क का कब्जा है वहां बैरिकेडिंग कराई जायेंगी और तालाबों को मछली पालन के लिए पट्टे पर दिया जायेगा। आपको बताते चले कि दीपक शुक्ला तिरंगा ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन ने मामूली कार्यवाहीं कर सिर्फ़ आश्वासन दिया है, लेकिन जब तक मां आदि गंगा गोमती मैया का दोहन किया जायेगा और किसानों की पट्टे की जमीन की पत्रावलियां नहीं दी जायेंगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मोहन यादव की अब शुरू होगी धमाकेदार पारी

**हाल में स्कूल माफियाओं जिसमें निजी स्कूलों और प्रकाशकों की सांठगांठ पर बड़ी कार्रवाई जबलपुर, शहडोल सहित कई जिलों में हुई बड़ी कार्रवाई बताती है कि सरकारी स्कूलों के दिन फिर बहुरने वाले हैं। दरअसल मप्र में जनजातीय कार्य विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग की अलग-अलग शिक्षा व्यवस्थाएं है। जहां-जहां जनजातीय विभाग के अधीन है वहां पर भारी भरकम अव्यवस्थाएं हैं। कहीं अपात्रों को बड़ी संस्थाओं का मुखिया बना देना कहीं जूनियर नौसिखियों के हाथों में कन्या छात्रावासों की जिम्मेदारी तो बड़े-बड़े प्रभार सौंपने का बहुत बड़ा खेल हुआ।**

*आम-चुनाव 2024 के नतीजे भले ही खिचड़ी हों लेकिन मप्र में मोदी-मोहन मैजिक चला इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। यूं तो इस बार के नतीजे अलग-अलग राज्यों के लिहाज से अलग देखे जाएंगे। जहां तक मध्य प्रदेश, हिमाचल और दिल्ली की बात है, भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। निश्चित रूप से इसका श्रेय भाजपा संगठन तो मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन को जाता है। यहां सीमावर्ती राज्यों में जिस तरह की बयार बही उसके बावजूद हवा के रुख पर जरा भी असर नहीं होना बताता है कि कहीं न कहीं इसके लिए मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की तैयारियां अचूक थीं। छिंदवाड़ा की जीत यही बताती है। जहां मप्र के उत्तर में उत्तर प्रदेश, दक्षिण में महाराष्ट्र, उत्तर-पश्चिम में राजस्थान, पश्चिम में गुजरात और पूर्व में छत्तीसगढ़ जहां हर जगह भाजपा को वो क्लीन स्वीप नहीं मिली जो कि मध्य प्रदेश और दिल्ली में एकतरफा थी। इस बात को कैसे नकारा जा सकता है कि यह बिना मेहनत संभव हुआ होगा? वह भी उन हालातों में जब मतदाताओं ने यहां भी खामोशी अख्तियार की हुई थी। शायद इसी मुगालते में कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और खामोश मतदाताओं ने मोदी-मोहन के भरोसे पर भाजपा की पूरी झोली भर दी। मुख्यमंत्री बनते ही डॉ. यादव के कड़े फैसलों जिसमें बेलगाम लाउडस्पीकरों सहित मांस की खुली बिक्री पर लगाम लगाना अहम रहा। सख्ती के साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराने को हर वर्ग ने सराहा। यहीं से उनकी अलग छाप दिखी। इसके अलावा प्रदेश में बढ़ते बल्कि बेखौफ हो चुके माफिया राज को भी न केवल काबू किया बल्कि ताबड़तोड़ कार्रवाई कर वो किया जो अब तक नहीं हुआ। इसी बीच नर्सिंग घोटाले, बिगड़ी कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, निजी स्कूल माफियाओं पर सख्ती ने साफ कर दिया कि जो चलता था, अब नहीं चलेगा। इससे प्रदेश की बेलगाम अफसरशाही को भी सख्त संदेश गया। कई मौकों पर आचार संहिता के चलते भी अड़चनें आईं बावजूद इसके अपनी सीमा में जो किया वह भी बड़ा ही था। चुनाव के तीसरे चरण के दौरान शहडोल में रेत माफियाओं द्वारा एक पुलिस अधिकारी को ट्रैक्टर से रौंदकर मार डालने, शहडोल संभाग मुख्यालय में ही नाबालिग बालिका से गैंगरेप की घटना ने सबका ध्यान खींचा। लेकिन घटना में शामिल सभी आरोपी न केवल तुरंत धरे गए बल्कि सभी के अवैध निर्माणों को जमींदोज कर सीखचों में पहुंचा अपना सख्त पैगाम फिर दे दिया। निश्चित रूप से इस सख्ती का पूरे प्रदेश में बड़ा संदेश गया। प्रदेश में बेलगाम हो चुके खनन माफियाओं पर देखते ही देखते दर्जनों से सैकड़ो में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से संगठित, सिंडिकेट के रूप में काम करने वाले लोग सकते में आ गए। सीधी, सिंगरौली, शहडोल, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, खरगौन, हरदा में पचासों करोड़ रुपए के पोकलिन मशीनें, पनडुब्बी सहित रेत ढोने वाले हाइवा, ट्रैक्टर जब्त हुए। कार्रवाइयां अब भी जारी है। अंदाजा लग सकता है कि मप्र में खनन माफिया कितने हावी रहे और जड़ें कितनी गहरी हैं जो अर्से से हैं। अवैध रेत-कोयला खदानों पर धड़ाधड़ गाज गिरने लगी। कोयला-रेत उत्खनन का गढ़ बनते शहडोल में ही मई के आखिरी सप्ताह तक 74 मामलों में 5 करोड़ 19 लाख रुपयों से ज्यादा का जुर्माना लगाकर नवागत कलेक्टर तरुण भटनागर ने बता दिया कि शासन-प्रशासन और डॉ. मोहन यादव की मंशा क्या है।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

**क्या छोटा, क्या बड़ा कौन अमीर, कौन गरीब, और सबसे बड़ी बात कौन हिंदु और कौन मुसलमान इस अवध के अनोखे हनुमान जी के बड़ेमंगल के आयोजन में सब एकसाथ सभी भेदभाव से परे अपनी श्रद्धा बजरंगबली के प्रति प्रकट करतें हैं। आज भलें ही हिन्दु -मुस्लिम के नाम पर राजनीति हो रहीं हैं या मंदिर-मस्जिद को लेकर विवाद हो रहा हैं पर लखनऊवासियों ने अवध की इस गंगा -जमुनी परंपरा को बरकरार रखा हैं। आज बड़ा मंगल पर भंडारा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम लखनऊ से निकलकर उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी श्रद्धा के साथ आयोजित होनें लगा हैं।**

# अवध की गंगा-जमुनी तहजीब का स्पष्ट उदाहरण है बड़ा मंगल



प्रतीक तिवारी

**आइए जानतें हैं कि लखनऊ में बड़ा मंगल मनानें की शुरुआत कब और कैसें हुई थी। लखनऊ में बड़े मंगल पर भंडारों का 400 साल पुराना इतिहास रहा है। कहा जाता हैं, देशभर में भंडारों की नींव लखनऊ के बड़े मंगल पर होनें वाले भंडारे से ही पड़ी। यहां के भंडारे की खासियत है कि आज भी इसमें हिंदुओं के साथ मुस्लिम भी शामिल होते हैं। लखनऊ में बड़े मंगल पर भंडारे कब और कैसे शुरू हुए, इससे जुड़ी तीन मान्यताएं हैं।**

**भारतीय** समाज हमेशा से उत्सवधर्मी समाज रहा हैं,अनेक धर्मों के विविध उत्सव और त्यौहार भारतीय समाज के अभिन्न अंग हैं। इन सब धर्मों में जब सनातन धर्म की बात करें तो, सनातन संस्कृति में हर महिना और हर दिन को आध्यात्मिक दृष्टि से देंखा जाता हैं ,सनातन धर्म में ज्यादातर महिनों को और दिनों को विशेष पर्वों और उत्सव के लिए निर्धारित किया गया हैं। इन्हीं धार्मिक उत्सवों और आयोजन में हम आज बात कर रहें जेष्ठ मास के मंगलवारों की जिसें बड़ा मंगल कहतें हैं। शास्त्रों में मंगलवार का दिन को भगवान हनुमान को समर्पित माना गया है और इस दिन को हनुमान जी की पूजा करने का अलग महत्व बताया गया है, लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है और इनमें विशेष रूप से राम भक्त हनुमान की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी की भगवान राम से पहली बार मुलाकात ज्येष्ठ महीने के मंगलवार के दिन हुई थी, तभी से ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इस खास दिन मंदिरों में भज-कीर्तन होतें हैं, भक्तों के लिए भंडारे किए जातें हैं, जगह-जगह पर प्याऊ लगवाए जातें हैं। बड़ा मंगल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है,जेठ के मंगल इसलिए खास हैं क्योकि ये आयोजन धर्म से परे होकर, हिंदू-मुस्लिम एकता का ससक्त उदाहरण पेश करता हैं, आइए जानतें हैं कि लखनऊ में बड़ा मंगल मनानें की शुरुआत कब और कैसें हुई थी। लखनऊ में बड़े मंगल पर भंडारों का 400 साल पुराना इतिहास रहा है। कहा जाता हैं, देशभर में भंडारों की नींव लखनऊ के बड़े मंगल पर होनें वाले भंडारे से ही पड़ी। यहां के भंडारे की खासियत है कि आज भी इसमें हिंदुओं के साथ मुस्लिम भी शामिल होते हैं। लखनऊ में बड़े मंगल पर भंडारे कब और कैसे शुरू हुए, इससे जुड़ी तीन मान्यताएं हैं - पहली मान्यता हैं की अवध के तीसरे नवाब शुजाउद्दौला थे, उनकी बेगम मल्लिका आलिया थीं, बेगम को सपनें में एक दिव्य स्थल पर मूर्ति का दर्शन हुआ, लगातार कई दिनों तक यही सपनें उन्हें आते रहें। उन्होंने जानकार पंडितों और मौलवियों से इस बारे में चर्चा की ,फिर तय हुआ, फैजाबाद से एक हाथी को रवाना किया जाएगा, हाथी को दूध से नहला-धुलाकर तैयार किया गया। फिर पूजा-पाठ करके रवाना किया गया ,हाथी लखनऊ में गोमती के पहले तट पर आकर रूक गया, सभी को लगा कि हाथी थक गया होगा या फिर कुछ परेशानी होगी, इसलिए रुका होगा। दूसरा हाथी फिर उसी विधि-विधान से तैयार किया गया। वो भी यहीं आकर रुक गया। माना गया, पहले हाथी को देखकर दूसरे ने भी ऐसा किया। अब तीसरा हाथी फिर से फैजाबाद से तैयार करके भेजा गया। ये हाथी भी उसी जगह पर आकर रुक गया। पंडितों को लगा, यह स्थान खास है। सभी की सहमति से खुदाई शुरू की गई, वहां हनुमानजी की मूर्ति मिलीं, तभी बेगम ने इस जगह पर मंदिर बनवाने का निर्णय लिया, ये करीब 1760 की बात है, इसी स्थान पर



**मंदिर-मस्जिद को लेकर विवाद हो रहा हैं पर लखनऊवासियों ने अवध की इस गंगा-जमुनी परंपरा को बरकरार रखा हैं। आज बड़ा मंगल पर भंडारा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम लखनऊ से निकलकर उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी श्रद्धा के साथ आयोजित होनें लगा हैं।**



विशाल मंदिर बना, जो अब अलीगंज हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर बननें के बाद यहां के पंडित और पुजारी बेगम साहिबा के पास शुक्रिया अदा करने आए, तब बेगम ने पूछा- भक्त और श्रद्धालु मंदिर आएंगे, उनके लिए प्रसाद और जलपान की व्यवस्था हुई या नहीं। पंडितों ने बताया- अभी तो ऐसा कुछ नहीं है। बेगम ने कुछ जमीन इस मंदिर के नाम की,और कहा इसकी आमदनी से मंदिर दर्शन करनें वालों के लिए प्रसाद का इंतजाम किया जाए ,हनुमानजी का दिन मंगलवार का है, फिर तय हुआ कि साल में 2 बार विशेष आयोजन होगा गर्मी के दिनों में या कहें तो जेठ महीने में बड़ा आयोजन करने की शुरुआत हुई। पहले लड्डू, चना और शरबत से शुरू हुआ, बाद में पूड़ी, कचौड़ी और आलू भी दिया जानें लगा ,अब तो अनेक पकवान भक्त श्रद्धानुसार बांटते हैं। दुसरी मान्यतानुसार अवध के नवाब परिवार के कुछ सदस्य भी हनुमानजी के भक्त थें, 400 साल पहलें इन्हीं में से एक आलिया बेगम थीं, उनके ही नाम पर लखनऊ का अलीगंज इलाका बसा हैं, एक बार आलिया बेगम के बेटे की तबीयत बहुत खराब हो गई, जब कहीं कोई उम्मीद नहीं बची, तब उन्होंने हनुमानजी सें प्रार्थना की, यहां दर्शन करनें के बाद उनका बेटा ठीक हो गया, तभी उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था,और भंडारा प्रसाद वितरण करना चालु किया। ऐसी भी मान्यता है कि नवाब बजरंगबली की ये मूर्ति इमामबाड़े के पास ले जाना चाहते थे, एक हाथी पर मूर्ति रखकर ले जाया गया, लेकिन हाथी गोमती के तट को पार नहीं कर पाया। कुछ ही दूर पर बैठ गया। जिस स्थान पर हाथी रुका, वहीं नया हनुमान मंदिर स्थापित किया गया। फिर बड़े मंगल पर भंडारे की शुरुआत हुई। कुछ लोग बतातें हैं की लखनऊ में ऐसी परंपरा थी कि जेठ महीने में रात करीब 1 बजे लोग घरों से निकलते थे, छोटे बच्चे लंगोट पहन कर निकलते थें ,पैदल नंगे पांव या लेट कर दूरी तय करते थें। सुबह तक मंदिर पहुंचते थें ,अभी भी कई लोग पैदल या फिर अपने घर से नंगे पांव चलकर बजरंगबली के दर्शन करनें आतें हैं। तीसरी मान्यता हैं कि लखनऊ में एकबार महामारी फैली गई ,बड़ी संख्या में लोग इसकी चपेट में आनें लगें। लोगों ने हनुमानजी से प्रार्थना की,महामारी खत्म हो गई, तभी से जेठ महीने के मंगलवार को हनुमानजी का प्रसाद वितरण होनें लगा। सदियों से चली आ रहीं अवध की यह परम्परा आज भी कायम हैं ,हिंदू और मुसलमान दोनों धर्मों के लोग इस बड़े मंगल के आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंते हैं, और वर्षों पहलें से चली आ रही इस सुन्दर परंपरा का निर्वहन करतें हैं। आज भी जेठ के हर मंगलवार को लखनऊ के हर इलाकों में आपकों भंडारे चलतें दिख जाऐंगे, कहीं मुसलमान बंधु भंडारे आयोजित कर रहें हैं, तो कहीं हिंदु, तो किसी इलाकें में दोनों समुदाय एकसाथ मिलकर हनुमान जी के नाम पर भंडारा आयोजित करतें मिल जाऐंगे। क्या छोटा, क्या बड़ा कौन अमीर, कौन गरीब, और सबसे बड़ी बात कौन हिंदु और कौन मुसलमान इस अवध के अनोखे हनुमान जी के बड़ेमंगल के आयोजन में सब एकसाथ सभी भेदभाव से परे अपनी श्रद्धा बजरंगबली के प्रति प्रकट करतें हैं। आज भलें ही हिन्दु -मुस्लिम के नाम पर राजनीति हो रहीं हैं या मंदिर-मस्जिद को लेकर विवाद हो रहा हैं पर लखनऊवासियों ने अवध की इस गंगा -जमुनी परंपरा को बरकरार रखा हैं। आज बड़ा मंगल पर भंडारा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम लखनऊ से निकलकर उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी श्रद्धा के साथ आयोजित होनें लगा हैं।

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 17:27 तक |
| नक्षत्रः | आश्लेषा 23:38 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | व्याघात, 16:46 |
| सूर्योदयः | 05:24 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 15:49-17:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### टर्म है जो तीसरा !

*स्थिति अब साफ़ हुई ।*
*है कैसी सरकार ।।*
*हैं सारे अब सामने ।*
*ना कोई तकरार ।।*
*शांतचित्त हैं सूत्र ।*
*आई अलग कहानी ।।*
*देखते हैं कौन कहां ।*
*है करता मनमानी ।।*
*टर्म है जो तीसरा ।*
*कितना असरदार ?*
*भूल कर मतभेद ।*
*रहता कब तक प्यार ।।*
*अपने अपने काम में ।*
*हुए सारे व्यस्त ।।*
*ना करेंगे ग़लती ।*
*कर चुके आश्वस्त ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में पिएं मुनक्के का पानी, शरीर में बनी रहेगी ठंडक



**मुनक्का** जिसे इंग्लिश में ब्लैक ग्रेप भी कहा जाता है, सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। मुनक्का कैल्शियम, फाइबर, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करते हैं। मुनक्के की तासीर गर्म होती है, इसलिए इसका सेवन सर्दियों में ज्यादा किया जाता है। लेकिन आप गर्मी के मौसम में भी मुनक्के या इसके पानी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। मुनक्के के फायदों को जानने के बाद इसका सेवन आप गर्मियों में भी सीमित मात्रा में कर सकते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहतः** मुनक्का पानी अपने हाइड्रेटिंग गुण के लिए जाना जाता है, जो गर्मी के कारण शरीर में होने वाली थकान और डिहाइड्रेशन की समस्या को रोकने में मदद कर सकता है और आपको हाइड्रेटेड रखता है।

**एनर्जी बढ़ाएं:** मुनक्का में मौजूद नेचुरल शुगर शरीर की एनर्जी तुरंत बढ़ाने में मदद करती है। इसलिए मुनक्का का पानी पीने से गर्मी के कारण होने वाले पसीने के कारण होने वाली थकान दूर करके शरीर को ताकत बढ़ाने में मदद करती है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल करें:** मुनक्का पानी में पोटेशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, दिल के स्वास्थ्य को बनाए रखने और हाई ब्लड प्रेशर को रोकने में मदद करता है।

**एसिड रिफ्लक्स कंट्रोल करें:** एसिडिटी या अपच की समस्या को कंट्रोल करने में मुनक्का फायदेमंद होता है। मुनक्का पानी की क्षारीय प्रकृति पेट के एसिड को बेअसर करने में मदद कर सकती है, जिससे एसिड रिफ्लक्स के लक्षणों से राहत मिल सकती है।

**सूखी खांसी का इलाज:** मुनक्का पानी में सुखदायक गुण होते हैं, जो सूखी खांसी और गले की जलन को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे सांस से जुड़ी समस्याओं से राहत मिल सकें।

**त्वचा को रखे हेल्दी:** मुनक्का पानी एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर होता है, जो स्किन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, रंगत में सुधार करने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

**गर्भाशय और प्रजनन स्वास्थ्य:** मुनक्का पानी में ऐसे गुण होते हैं जो गर्भाशय के स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद कर सकते हैं और प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, जिससे यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

**पीरियड क्रैम्प्स से राहतः** मुनक्का पानी के सूजन-रोधी गुण पीरियड्स के दौरान पेट में होने वाली ऐंठन और दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कब्ज से राहतः** मुनक्का पानी आपके शरीर के लिए एक प्राकृतिक रेचक के रूप में काम करता है, पाचन स्वास्थ्य को बेहतर रखता है और मल त्याग को आसान बनाकर कब्ज की समस्या से राहत दिला सकता है। गर्मियों में मुनक्का पानी पीने से आप हाइड्रेटेड रहते हैं, लेकिन ध्यान रहे एक सीमित मात्रा में ही मुनक्के का सेवन करें। आप रोजाना 4 से 5 पानी में भिगोए हुए मुनक्के के पानी का सेवन सुबह खाली पेट करें। अपनी डाइट में किसी भी तरह का बदलाव करने से पहले अपने हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह जरूर ले लें।

---

## एक्सप्रेस विशेष

# मध्यप्रदेश में खास रही 'स्त्री शक्ति' की भूमिका



प्रो. संजय द्विवेदी

**संसद और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण बिल पास करवाना भी केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि रही। लंबे समय से लंबित यह बिल अनेक सरकारों के प्रयास के बाद भी पास नहीं हो सका था। मोदी सरकार की स्त्री मुद्दों पर प्रतिबद्धता भी इससे जाहिर हुई।**

**मोदी के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान तब भी प्रकट हुआ, जब विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त किया। इसके लिए पीएम ने सार्वजनिक मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की पीठ भी ठोंकी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लालड़ी बहना योजना को चुनावों में प्रभावित करने वाला बताते हैं।**

**मध्यप्रदेश** में सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा ने कठिन समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा सहारा दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश की महिला मतदाताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव अभियान से ही प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में सबसे खास चेहरा बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था और भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। मोदी के मन में मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के मन में मोदी यह मुख्य नारा था, जिसमें संगठन के परिश्रम ने प्राण फूंक दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी एक असाधारण घटना है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में अपनी लोकप्रियता और प्रासंगिकता बनाए रखना इतना आसान नहीं होता। भाजपा जैसे दल के लिए जिसने 8 वें दशक में सिर्फ दो लोकसभा सीटों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की हो, यह चमत्कार ही है। अनपेक्षित परिणामों के बाद भी केंद्र में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी और एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन है। मध्यप्रदेश वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अद्भुत समन्वय से चलने वाला राज्य रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की जुगलबंदी ने जो इतिहास रचा है, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेन्द्र शुक्ल, फग्गन सिंह कुलस्ते, वीरेंद्र कुमार जैसे अनेक नेता भाजपा के सामाजिक और भौगोलिक विस्तार को स्थापित करते हैं। संघ की प्रयोगभूमि होने के कारण मध्यप्रदेश पर पूरे देश की निगाह थी। मध्यप्रदेश में यह वैचारिक यात्रा हिंदुत्व, भारतबोध की यात्रा तो है ही समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी ने इसे सफल बनाया है। स्त्री शक्ति इसमें सबसे प्रमुख है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां स्त्री शक्ति को भाजपा के साथ गोलबंद करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही सामान्य जन के जीवन स्तर को उठाने के प्रयास किए। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को संबल दिया, जिस बदलाव को स्त्री शक्ति ने महसूस किया। स्त्री भारतीय परिवारों की धुरी है। भारतीय राजनीति में स्त्री को इस तरह से केंद्र में रखकर कभी विचार नहीं किया गया। यह बात रेखांकित करना चाहिए कि आखिर देश की राजनीति में स्त्री के सवाल हाशिए पर क्यों रहे हैं? स्त्री आखिर चाहती क्या है? वह चाहती है सुखद, सुरक्षित, आनंदमय जीवन और अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य। एक अदद छत जिसमें वह अपने परिवार के साथ चैन से रह सके। नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। वे परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। कोरोना संकट में देश और उसके नागरिकों की अभिभावक की तरह चिंता करके प्रधानमंत्री ने लोगों के मन में जगह बना ली। वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ परिवारों को राशन ने स्त्रियों के मन में सरकार के प्रति भरोसा जगाया। स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को मामा के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली।

# पलक झपकते ही छिन गईं चार जिंदगियां, नदी में डूबने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी






सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। जहां नदी में नहाने गए एक ही परिवार के पांच लोगों के डूबने की खबर सामने आई है। इस हादसे में 10 साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दरअसल, घटना सोमवार की सुबह तेलियार गांव के पास घाघरा नदी की बताई जा रही है। पढुआ थाना क्षेत्र के तेलियार गांव के रहने वाले सुशील श्रीवास्तव अपने परिवार के बच्चों के साथ गांव के बाहर घाघरा नदी में नहाने गए हुए थे तभी 10 साल का भतीजा घाघरा नदी में डूबने लगा जिसे बचाने के लिए वहां मौजूद उसकी बहन और चाचा सहित दो लोग और नदी में कूद गए, लेकिन देखते ही देखते वो लोग भी डूबने लगे। जिसके बाद पास खड़े लोगों ने जब मौके पर जाकर देखा तब तक चार लोगों की डूबकर मौत हो चुकी थी, एक की हालत गंभीर थी।मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे सभी चारों के शवों को बाहर निकाला गया। पीड़ितों में तेलियार गांव की ही रहने वाले हैं जिनकी पहचान सुशीला (52), सत्यम (24), उर्वर्शी (17) और कान्हा (10) के रूप में हुए हैं। जो कि एक ही परिवार के सदस्य थे। मामले में सीओ प्रवीण सिंह ने बताया, कि एक बच्चे को बचाने के चक्कर में एक के बाद एक चार लोग डूब गए। हादसे में बची नैनी को इलाज के लिए भेजा गया है।

## प्रधानमंत्री के तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में भाजपा नगर अध्यक्ष ने सैकड़ों समर्थकों साथ खेली फूलों की होली

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने ओर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने पर भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी के साथ भाजपा के सेकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थकों ने शहर के अटल चौक पर स्थापित भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई व पढ़ाव पर स्थापित पूर्व केविनेट मंत्री राजेंद्र गुप्त की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर फूलों की होली खेली साथ ही ढोल की थाप पर नाच कर अपनी खुशी का इजहार किया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी चलाकर व जनता में मिठाई बाँट कर मोदी योगी की जय जयकार करते हुए जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता , जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, नगर 2 मंडल अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह , देवेंद्र मिश्रा, तरुण शुक्ला, नागेंद्र वाल्मीकि, शशांक शेखर सिंह, विवेक श्रीवास्तव, गोविंद भारती, शैलेश महेन्द्र, संजय मिश्रा, सुरेश कन्नोजिया आदि साहित सेकड़ों समर्थकों ने उड़ीसा प्रदेश में भाजपा सरकार बनने व केंद्र में सरकार बनने पर सबको बधाई संदेश दिये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला, दोनों पैर जख्मी

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। जिले के फूलबेहड क्षेत्र में मिल पुरवा के शारदा नदी के तटबंध किनारे मगरमच्छ के हमले से एक युवक घायल हो गया।



जख्मी हालत में परिजन ने उसे सीएचसी फूलबेहड़ में भर्ती कराया है। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी 38 वर्षीय कमलेश चौहान सोमवार सुबह को सुबह बजे तटबंध किनारे गन्ने की फसल की सिंचाई करने गया था। इंजन फिट करने के बाद वह तटबंध किनारे पानी लेने पहुंच गया। इस बीच मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। मगरमच्छ युवक को जबडे में दबोच कर गहरे पानी में खींचने की कोशिश कर ही रहा था कि चीख पुकार सुन आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने मगरमच्छ के चंगुल से युवक को छुड़ाया।हमले में युवक के दोनों पैर व हाथ जख्मी हो गए। युवक को इलाज के लिए परिजनों ने सीएचसी फूल बेहड़ में भर्ती कराया। डिप्टी रेंजर संजय आजाद ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। रेस्क्यू कर मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### तीसरी बार सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी

जन एक्सप्रेस/अमीरनगर खीरी। भारतीय जनता पार्टी इंडिया की लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर संसदीय कार्यालय अमीननगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी पटाखे लगाकर जश्न मनाया गया भारतीय जनता पार्टी देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर संसदीय कार्यालय अमीन नगर में कार्यकर्ता एकत्र होकर पटाखे और रवाइस दागी और जश्न का माहौल बना रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर संसदीय कार्यालय अमीन नगर में जश्न का माहौल देखने को मिला इस अवसर पर भाजपा के जिला संयोजक आत्मानंद शुक्ला युवा मोर्चा सच्चिदानंद शुक्ला रामनाथ राठौर कुंभी मंडल के अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह ओबीसी मोर्चा कुंभी मंडल के अध्यक्ष अनिल स्वामी राममूर्ति यादव अंकित सिंह राजेश कुमार पुनीत मिश्रा रोहित शर्मा छोटेलाल अर्कवंशी अमित गुप्ता पवन शर्मा निर्मल शर्मा।



### साक्ष्य या बयान 20 जून तक दर्ज करायें: एसडीएम

जन एक्सप्रेस/हरदोई। उप जिला मजिस्ट्रेट सुनील कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि विगत 30 मार्च 2024 को ग्राम न्योरादेव पहली मोड़ पर फरूखाबाद डिपो की बस यूपी 76 के 7055 से दुर्घटना में ग्राम नस्यौली डामर निवासी राहुल की मृत्यु हो गयी थी तथा रामप्रकाश घायल हो गया था और इसकी मजिस्ट्रीयल जांच के लिए जिला मजिस्टेट महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को नामित किया गया है। श्री मिश्रा ने कहा है कि उक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में यदि कोई भी व्यक्ति साक्ष्य /बयान या अन्य कोई तथ्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह किसी भी कार्यालय दिवस में 20 जून 2024 तक उनके कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है।

### उद्योग बन्धु की बैठक 11 को

जन एक्सप्रेस/हरदोई। उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार ने अवगत कराया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में 11 जून 2024 को अपरान्ह 04 बजे आहूत की गयी है। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि उक्त बैठक में अद्यतन सूचनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### निशुल्क प्रशिक्षण के लिए 22 जून तक करें आवेदन: रमाकान्त

जन एक्सप्रेस/हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त ने अवगत कराया मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसी सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए/सी0डी0एस0/एस0एस0सी0 अन्य सैन्य सेवाए एस0एस0सी0, यू0पी0एस0एस0सी0, पी0ई0टी इत्यादि की तैयारी कर रहे छात्र एवं छात्राओं हेतु निशुल्क साक्षात आनलाइन प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तर पर आवेदन कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 22 जून 2024 तक कार्यालय में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर-9169414399, 8303816492 पर संपर्क करें।

### कथा श्रवण से दूर होती हैं बुराइयां: राधे गोविंदाचार्य

जन एक्सप्रेस/हरदोई। ग्राम नेवलिया विकास खण्ड सुरसा में शिव कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रही 7 दिवसीय रामकथा के पहले दिन आचार्य राधे गोविंदाचार्य जी महाराज ने बताया कि ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नही है। श्री रामकथा का महात्म्य बताते हुए उन्होने कहा कि संसार के कण कण में ईश्वर विद्यमान है। उन्होंने सद्कार्य एवं आचरण की शुद्धता पर बोलते हुए लोगो को व्यसनों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि काम , मोह, अहंकार को जीवन से हटाना होगा। कथा श्रवण से बुराइयों के नाश होता है तथा प्राणायाम से मन शुद्ध होता है। कथा उपरांत हुई आरती में सभी ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। पूज्य आचार्य जी ने बताया की दूसरे दिन भगवान शिव जी और सती चरित्र का वर्णन के साथ शिव विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। इस मौके ग्राम वासियों ने कथा का रसपान किया।



## रामापुर चौकी प्रभारी लेखपाल की सह पर वन माफिया पीड़िता के पेड़ जबरदस्ती उठा रहे

- साहब वन माफिया में मृतक भाई की भूमि पर आंधी से गिरे पेड़ रामापुर पुलिस लेखपाल की मिली भगत से उठा रहे हैं मेरी कही नहीं सुनी जा रही पीड़िता
- पुलिस अधीक्षक खीरी ने सीओ सदर को जांच के आदेश फिर भी वन माफिया द्वारा अब भी कटान जारी



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर-खीरी।** पीड़िता ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में लेखपाल और रामापुर चौकी प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप बताते चलें पीड़िता अनीसा खातून पुत्री अनवर अली निवासी मोहल्ला शेख सराय कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी की है। पीड़िता के पिता की पैतृक भूमि गाटा संख्या 128 रकबा 0-22-30 हेक्टेयर अराजी स्थित ग्राम सरा सफूनत परगना खीरी जिला खीरी - राजस्व अभिलेखों में पीड़िता के भाई स्वर्गीय वाजिद अली दर्ज है उक्त भूमि पर सौ से अधिक पेड़ लगें हुए हैं जो बीते दिवस आई आंधी में काफी पेड़ गिर गए है। जिसे वन माफिया शादाब खाँ, हसीब खां शोएब खां पुत्र गण हफीज खां मोहल्ला सैयद बाड़ा खाना खीरी हल्का लेखपाल व राजापुर चौकी इंचार्ज की मदद से लाखो रुपए की लकड़ी व हरे भरे पेड़ काट कर उठा रहे हैं। पीड़िता तीन दिनों से रामापुर पुलिस चौकी के चक्कर लगा रही लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई आज भी लकड़ी उठाने का कार्य चल रहा है और पुलिस रोक नही रही यह सरासर ज्यादती है किसकी जगह किसके पेड़ उठा कौन रहा यह चौकी प्रभारी और लेखपाल की सह पर हो रहा पीड़िता दौड रही दौड़ती रहे क्या सिस्टम है वन माफिया को छुट देकर लाखों की लकड़ी में कुछ हिस्सा पाने के लिए मानवता को ताक पर रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए आगे भी लगातार यह पीड़ितों को प्रताड़ित करते रहेंगे।

## गोली लगने से घायल को मेडिकल कॉलेज से मिली छुट्टी

- घायल के पिता ने उठाई मांग , दर्ज कराया जाए उनके बेटे का बयान
- रिपोर्ट दर्ज करने के सिवा एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई है पुलिस

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज रोड पर दिनदहाड़े बाइक सवार पर तीन युवकों द्वारा गोली मारकर हत्या की कोशिश करने के मामले में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है।पुलिस ने मामले को अज्ञात मैं रिपोर्ट दर्ज कर मामले को गोपनीय तरीके से अपने को जांच करती बता रही है।पीड़ित परिजन भयभीत है और उन्होंने कार्यवाही की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़वारा निवासी मोहम्मद रजी पुत्र सनाउल्ला और उनके साथी रजीउल्ला पुत्र नबी उल्ला, मुजम्मिल पुत्र इजराइल 30 में को दोपहर बाद बाइक से आ रहे थे।जब वह गोला अलीगंज रोड पर जंगल के पास अमरपाल ईंट भट्ठे के निकट पहुंचे तो एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने फायर झोंक दिया। गोली मोहम्मद रजी को लगी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। हालत गंभीर होने पर जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। फिर उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया था।घायल रजीउल्ला के पिता सनाउल्लाह का कहना है कि उनके बेटे को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब उसके बयान कराए जाना बहुत जरूरी है। बयान न कराए जाने पर आरोपियों को लाभ मिल सकता है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

## डीएम ने की ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। हरदोई



विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण किया जाये। एक सप्ताह के अंदर निस्तारण न होने पर सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी की जवाबदेही तय की जाये। प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाये। अधूरे मकानों का निर्माण बारिश के पहले पूरा किया जाये। भरावन, मल्लावां, संडीला विकास खण्ड में आवास निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए एक टाइम टेबल बनाया जाये। अपात्रों को आवास हेतु चयनित करने के मामले में जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। मनरेगा की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मानव दिवस सृजन की स्थिति में सुधार लाया जाये। अहिरोरी की ख़राब प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि योजना में महिला सहभागिता बढ़ाई जाये। सुरसा कछोना व बावन के खण्ड विकास अधिकारियों से कम महिला सहभागिता को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। ख़राब सहभागिता वाले सबंधित एपीओ व रोजगार सेवकों को उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भुगतान की स्थिति में सुधार लाया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि अवशेष मॉडल शॉप क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाये। इस सम्बन्ध में उन्होंने उपायुक्त मनरेगा को फोटो युक्त आख्या प्राप्त करने के निर्देश दिए। नीलम नदी के जीर्णोद्वार का कार्य उन्होंने जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की नियमित समीक्षा की जाये। एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि महिला समूह गठन के कार्य की लगातार समीक्षा की जाये। नियमानुसार व लक्ष्य के अनुरूप लखपति दीदी के चिन्हीकरण का कार्य कराया जाये।खण्ड विकास अधिकारी सीआरपी के साथ बैठक कर कार्य की समीक्षा करें। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन पंचायत घरों का निर्माण जल्द पूरा किया जाये। अंतयेष्टि स्थलों का शेष कार्य शीघ्र पूरा किया जाये। आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर कार्य प्रारम्भ कराया जाये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मॉडल विलेज़ के मानकों का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। आरआरसी सेंटरों के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये। गौशालाओं की व्यवस्था में सुधार किया जाये। 24 घंटे कम से कम एक केयर टेकर की तैनाती सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पीडी डीआरडीए गजेन्द्र तिवारी, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक में समस्याओं पर चर्चा कर संगठन को और गतिशील बनाने पर विचार विमर्श किया गया।कुम्भी गोला ब्लाक समाभाकार में पूर्व सैनिक कृष्ण गोपाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा कर आगामी दिनों में आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। देवप्रकाश ने संगठन की गतिविधियों को नजर रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा पूर्व सैनिकों के साथ कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया जा सके।बैठक में राजेश्वर सिंह, प्रेम कुमार, वीरेंद्र कुमार मिश्र, जगदेव सिंह, रामहरीश मिश्र, वीरभद्र, प्रेमचंद वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, अजयभानु अवस्थी, लक्ष्मीकांत अवस्थी, नारायणलाल वर्मा, प्रमोद सिंह, विनोद कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुलिया का निर्माण न कराए जाने से जनता में भारी रोष



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के चिकमंडी से जाने वाले मोतीपुर मार्ग पर इमरान मार्केट के निकट टूटी पुलिया का निर्माण न कराये जाने तथा पुलिया के पास ही बिजली का ट्रांसफार्मर रखा है जिससे जमीन पर करेंट उतरने के भय से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।टूटी पुलिया होने दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। आसपास के लोगों ने बताया की उक्त टूटी पड़ी पुलिया के बनने भय टेंडर पास हो चुका है। उसके बाद भी पुलिया का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है चर्चा है कि पालिका में तैनात जे ई भी महमूदाबाद बहुत कम आते हैं और साइडो पर नही जाते हैं जिससे कार्य बाधित होता है इसका कोइ बड़ी दुर्घटना हो जाने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा। पालिका के अधिकारी, या ठेकेदार, इसके निर्माण कार्य न कराए जाने से जनता को परेशानी उठाना पड़ रही है और कोई दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई । टूटी पुलिया व ट्रांसफार्मर चाबूतरे को अविलम्ब ठीक कराने की मांग इमरान अहमद, नद्रीम अहमद ,मो वसी, रिजवान आदि ने की है।

## गन्ने के खेत में लगे कंटीले तार में फंसा तेंदुए का शावक, तड़प-तड़पकर हुई मौत



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

गोला वन रेंज अंतर्गत पुनर्भू ग्रंट में खेत के चारों ओर लगे कंटीले तार में फंसकर तेंदुए के शावक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक को कंटीले तार से निकाला। शावक की उम्र 9 से 10 महीने की बताई जा रही है। डीएफओ ने बताया कि शावक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक पुनर्भू ग्रंट गांव के निकट किसान बाल गोविंद वर्मा का खेत है, जिसमें गन्ने की फसल है।उन्होंने खेत के चारों तरफ कंटीले तार लगा रखे हैं। तेंदुए का शावक कंटीले तार में बुरी तरह फंसकर घायल हो गया। सोमवार सुबह जब ग्रामीण खेत पर गए तो उन्होंने शावक को तार में फंसा देखा।वह बुरी तरह घायल हो चुका था।ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके शव को रेंज पर लाया गया। डीएफओ संजय विस्वाल के मुताबिक प्रथमदृष्टया यह हादसा लग रहा है।उन्होंने शावक के शिकार की आशंका से इनकार किया।कहा कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल



जन एक्सप्रेस। हरदोई

अरवल थाना क्षेत्र में रैपर मशीन लेकर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हरदोई रेफर कर दिया गया जहां से गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित पुत्र अवधेश निवासी अलियापुर रविवार की रात 8 बजे जरूरी काम से सिमरिया जा रहा था।जैसे ही वह धिरजनपुरवा गांव के पास पहुंचा उसी समय सामने से रैपर मशीन लेकर आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अंकित की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे अंकित उछलकर दूर जा गिरा व गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। अफरा तफरी के बीच ट्रैक्टर चालक रैपर मशीन छोड़ ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर पड़ोसी गांव पंचम पुरवा का बताया जा रहा है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां अंकित की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# किसान पाठशाला का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। हरदोई

द मिलियन फार्मर्स (किसान पाठशाला) एवं ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड सुरसा के ग्राम फर्दापुर मे किसान पाठशाला का शुम्भारभ डा0 नन्द किशोर उप कृषि निदेशक एवं विनीत कुमर उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, हरदोई की अध्यक्षता में किया गया। किसान पाठशाला में प्रभारी, रा0कृ0बी0भण्डार एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें। उप कृषि निदेशक ने किसानों को खेती किसानी की उन्नत तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि खेतों में गर्मी की जुताई करने से कीटो के अंडे एव लार्वा एवं भूमिजनित रोगों के रोगाणु नष्ट हो जाते हैं। कृषक भाई अपने खेतों में ढेंचा की फसल अवश्य बोएं जिससे खेत की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी होती है। धान की खेती के लिए धान की सीधी बुआई करने से खेती में कम पानी की आवश्यकता होती है और रोपाई आदि में लगने वाली श्रमिकों की लागत में कमी आती है जिससे खेती की लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। किसान भाई अपने फसलों की बुआई या रोपाई लाइन में ही करें। उन्नतशील एवं प्रमाणित धान की प्रजाति पी0आर0-126, पन्त-24, एस0 आई0वाई0ए0 टी0एस0 के बीज एवं संकर बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर जनपद के सभी बीज भण्डारों पर उपलब्ध है।

## शिक्षक राजीव को मिला शिक्षा सेवा सम्मान

जन एक्सप्रेस। हरदोई

बेसिक एजूकेशन मूमेंट आफ इंडिया के तत्वावधान में शैक्षिक भ्रमण पर हिमाचल प्रदेश गये शिक्षकों को राजधानी शिमला के राजभवन में महामहिम राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने कोथावा के थानगांव मे स्थिति प्रार्थमिक विद्यालय के शिक्षक राजीव को शिक्षा सेवा सम्मान, प्रसास्ति पत्र, मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।बेसिक एजूकेशन मूमेंट आफ इंडिया के संस्थापक डा0 राजेश शर्मा द्वारा हिमाचल प्रदेश की शिक्षा एवं उत्तर प्रदेश की शिक्षा के अंतर को स्पष्ट किया गया।शिक्षक राजीव ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन, शिक्षा में आई0सी0टी0 का प्रयोग डी0बी0टी0और शैक्षिक नवाचार पर प्रभावशाली तरीके से अपने विचार रखे।कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल द्वारा शिक्षक राजीव कुमार को शिक्षा सेवा सम्मान से सम्मानित करते हुए कहा गया कि इस प्रकार से शिक्षा के उन्नयन हेतु प्रयास सराहनीय हैं।

# वेतन भुगतान नहीं होने पर धरने पर नपा कर्मी



**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**

आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन पुनः जारी। दस जून को धरने पर बैठे सभी कर्मचारियों ने विगत कई माह के बकाया वेतन भुगतान को लेकर दोपहर पश्चात अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। नगर पंचायत आनन्दनगर के कर्मचारी संघ अध्यक्ष अमरजीत सहानी ने बताया कि नगर पंचायत आनंदनगर के जिम्मेदार अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के आपसी विवाद के कारण विगत कई माह से सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान बकाया है।जिसको लेकर पूर्व में दस जून से हड़ताल कर कार्य बंद करने की सूचना दिया गया था। अमरजीत सहानी ने बताया कि सूचना पर कोई निर्णय कर्मचारियों के हित में नहीं लिया गया और इधर कर्मचारीयों की हालत वेतन न मिलने से हाल बेहाल है। सभी कर्मचारीयों को अपने परिवार का खर्च उठाने में काफी दिक्कत हो रही है। नगर पंचायत आनंदनगर के अध्यक्ष द्वारा अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके द्वारा वेतन रोका गया है। जबकि अधिशासी अधिकारी द्वारा बार-बार वेतन बिल अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत के कर रही हैं लेकिन बकाया वेतन बिल पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक वेतन भुगतान नहीं होगा तब तक काम रोक कर हड़ताल पर सभी कर्मचारी रहेंगे।

# घर में घुसकर बदमाशों ने गोली मार कर की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

## पुलिस अधीक्षक घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली, और अपराधियों के धर पकड़ के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



जिले के कप्तानगंज कस्बा के वार्ड संख्या 13 सुभाष नगर निवासी एक 22 वर्षिय युवक को विति रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया।इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवक इशराफिल अंसारी पुत्र जमीर अहमद की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना के वक्त मृतक इजराफिल घर में सो रहा था। मृतक प्राइवेट बिजली मैकेनिक का काम करता था। शाम को अपने अम्मा का इलाज गोरखपुर से कराकर लौटा था तथा घर पर ही था। घटना के दौरान घर में मौजूद मृतक युवक की मां आमीना खातून तथा बहन शोएबा खातून मौजूद रहे। परिजनों के मुताबिक अपराधी घर के पीछे का टाट तोड़कर घर में घुसे गये नींद में सो रहे युवक को जगा कर उसका मोबाइल मांगने लगे। फिर उससे जोर जबरदस्ती कर उसका मोबाइल छीनकर उसमें कोई वीडियो अथवा फोटो खोजें उससे संतुष्ट नहीं हुए। इस दौरान अपराधियों से मृतक की मां और बहन से काफी कहासुनी भी हुई, इसके बाद आवेश में आकर अपराधियों ने इशराफिल के सर में गोली मार दिया। मां बहन जब हल्ला करना शुरू किए तो अपराधी भाग गए। गोली लगने से घायल युवक को मोहल्ले के लोगों की मदद से पुलिस व 112 नंबर एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस में युवक को लेकर सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही इशराफिल को मृत घोषित कर दिया। मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए भेज दिया। इस घटना को लेकर कप्तानगंज कस्बा सहित आस पास में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल मय फोर्स सोमवार की सुबह मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी हासिल किया। एसपी ने प्रथम दृष्ट्या घटना की पृष्ठभूमि को प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया। कप्तानगंज थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार के नेतृत्व में पुलिस ने इस मामले में अपराधियों की घर पकड़ की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# सांसद कमलेश पासवान को मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखा फोड़ बांटी मिठाई




**जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया**

बांसगांव संसदीय क्षेत्र से लगातार चौथी बार कमल खिलाने वाले सांसद कमलेश पासवान को मोदी कैबिनेट 3.0 में मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता अमरेन्द्र गुप्ता के बस स्टैंड स्थित आवास के सामने पटाखा फोड़कर जश्न मनाया और लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष विजय सिंह रिंकू, जितेन्द्र भारत, सचिन सिंह, मुकेश पटेल, पंकज विश्वकर्मा, संजय जायसवाल, गौरव जायसवाल, बृजानन्द निषाद, अर्जुन भारती, बृजेश शर्मा, रामभवन सोनकर, जितेन्द्र जायसवाल, राजेश सिंह, छोटेलाल तिवारी, अन्नू, शंभू गुप्ता, सन्नी विश्वकर्मा, देव कुमार, कार्तिकेय, अमन वर्मा, अर्जुन भारती, गोविंद गोंड आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और बंद चीनी मिल चलवाने को लेकर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



गन्ना मूल्य बकाया व जिले की बंद पड़ी कप्तानगंज चीनी मिल को चलवाने को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जूलूस के साथ प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम योगी को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौंपा।

पूर्व राज्यमंत्री व किसान नेता राधेश्याम सिंह की अगुवायी में जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने जिले के गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य का बकाया 44 करोड़ मूल्य का भुगतान व बंद पड़ी कप्तानगंज चीनी मिल को चलवाने को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही सीएम को संबोधित मांग पत्र डीएम कुशीनगर उमेश मिश्रा को सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये पूर्व राज्यमंत्री सिंह राधेश्याम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान व मजदूर तो पूरी तरह बर्बाद हो चूका है ऐसी स्थिति में बंद पड़ी चीनी मिल का चलना किसानों व मजदूरों के लिए अति आवश्यक है।

उन्होंने ने कहा कि कप्तानगंज चीनी मिल के बंद हो जाने से मील के मजदूरों का भी लगभग 9 करोड़ रूपया का बकाया है। अगर यह दोनों राशि किसान व मजदूरों को मिल जाए तो निश्चत ही किसानङ्ममजदूर को राहत मिलेगी। उन्होंने ने कहा कि जब तक किसान मजदूर का उनके बकाया मूल्य नहीं मिल जाता व बंद चीनी मील नही चलवाया गया तो संघर्ष जारी रहेगा।

इस मौके पर पूर्व एमलएलसी रामअवध यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भोला यादव, कैसर जमाल टीटू, रणविजय सिंह, विक्रमा यादव, सत्येन्द्र यादव, सचिंद्र यादव, रमेश गुप्ता, बालकृष्ण मिश्र, विजय सिंह, अवधेश यादव, विरेंद्र सिंह सैंथवार, हीरालाल प्रजापति, अशोक यादव सहित अधिक संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जी0 आई0टी0आई0 कैम्पस में आयोजित होगा रोजगार मेला

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया को प्रत्येक विधान सभा में एक खण्ड विकास कार्यालय परिसर पर एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।जिला सेवायोजन कार्यालय जी0 आई0टी0आई0 कैम्पस देवरिया में 12, 15, 21 एवं 27 जून को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमे विभिन्न रोजगार कम्पनियों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय देवरिया परिसर में प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को उन्होंने अवगत कराया है कि वे विभिन्न कम्पनियो/पदों के लिए आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टल/एन0 सी0एस0पोर्टल/ रोजगार संगम पर आवेदन कर रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रोजगार मेला पूर्णत निःशुल्क है।

# चोरी व छिनैती की घटनाओं से दहला भलुअनी थाना तीन घरों में चोरों ने किया हाथ साफ, लाखों की चोरी

**मौके पर क्षेत्राधिकारी सहित फॉरेंसिक टीम पहुंचकर की जांच**

**जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया**



भलुअनी थाना क्षेत्र के बेलासपुर गांव में रविवार की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया और लाखों रुपए के गहनों की चोरी कर डाली। मिली जानकारी के अनुसार थाना-भलअनी थाना क्षेत्र के बेलासपुर गांव में 9 जून की मध्य रात्रि को विपिन तिवारी पुत्र स्व. हरिशंकर तिवारी व उनके भाई के घर का ताला तोडकर आलमारी व बक्से से सोने का हार, अमका, इयरिंग चुडी कंगन, चैन तथा चांदी के पायल व पॉजेव, चर्तन (बाली) कसैली आदि। सोने के लगभग 14 व चांदी के 13 थान जेवर चुरा ले गये व 06 अदद बनारसी साड़ी भी लेते गए तो केदारनाथ तिवारी पुत्र स्व. जगरनाथ तिवारी के घर का ताला तोडकर आलमारी व बक्से से सोने के टप्स, चैन, झुमका, टीका, नथिया व चाँदी के पायल, पौजेव, बर्तन, सिक्का, विस्किट सहित नकद 40000 रुपये चोर चुरा ले गये और दामोदर कुमार तिवारी पुत्र स्व. श्री लल्लन तिवारी के घर का ताला तोड़?कर बक्से मे चाँदी के कुछ सामान व कपड़े चोर लेते गये। लोगों का मानना है कि लगभग तीस लाख रुपए के जेवर व सामान को चोरों ने चुरा लिया है। वहीं बेलाशपुर बंगरौली मोड़ के पास मोटरसाइकिल से घर जा रहे मरकडा निवासी कृपा नारायण मिश्र की मोटरसाइकिल को पिस्टल लगाकर छीन लिया गया। मौके पर सीओ आदित्य कुमार, एसओ भलुअनी अर्चना सिंह मयफोर्स मौजुद रहीं। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल जांच पड़ताल की। एक दिन में ताबड़तोड़ चोरी व छिन्नैती के घटनाओं ने पुलिसिया कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। लोगों में तरह तरह के चर्चे हैं।

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर, दिये आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी बाल संप्रेक्षण गृह (रिमाण्ड होम) गोरखपुर का औचक निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण के दौरान वहां रह रहे किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं बाल संप्रेक्षण गृह की सुविधाओं के बारे में बात किये।

सचिव द्वारा किशोर अपचारियों को शिक्षा के प्रति सजग किया गया और जो बाल अपचारी किसी टेक्निकल एजुकेशन के प्रति रूचिकर दिखे उनके लिये टेक्निकल एजुकेशन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिया गया। बाल संप्रेक्षण गृह के भोजनालय का भी मुआयना किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों को स्वास्थ्य बर्धक और सुपाच्य भोजन मिले, जिनमें हरी सब्जियों को भोजन में अवश्य शामिल करने हेतु समझाया गया। साफ-सफाई की व्यवस्था का भी मुआयना किया गया और स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता बताते हुये साफ-सफाई के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक जमुना चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि जो बाल अपचारी आवासित है उन्हें रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाये तथा ऐसी एनजीओ का चयन करें जो बाल आपचारियो को अपने यहां रोजगार देकर इन्हें पुनर्वासित कर समाज की मुख्य धारा में ला सकें। निरीक्षण के दौरान कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डीईओ विजय कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# उतरा हुआ चेहरा पुस्तक का हुआ लोकार्पण




**जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी,देवरिया**

जिले के समकालीन हिंदी कविता के चर्चित कवि डॉक्टर वेद प्रकाश तिवारी की पुस्तक काव्य संग्रह **उतरा हुआ चेहरा** का लोकार्पण कार्यक्रम देवरिया में नागरी प्रचारिणी सभा में संपन्न हुआ।

डॉक्टर वेद प्रकाश तिवारी पेशे से होम्योपैथिक चिकित्सक हैं परंतु साहित्य से इनका जुड़ाव काफी पुराना है। इनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उतरा हुआ चेहरा कविता संग्रह उनकी तीसरी पुस्तक है जो न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली के द्वारा छपी है। नागरी प्रचारिणी सभा के द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम जनपद के और जनपद के बाहर से पधारे हुए विभिन्न विधाओं पर लिखने वाले कवियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ कवि जयनाथ मणि त्रिपाठी ने की। नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया से जुड़े हुए डॉक्टर दिवाकर प्रसाद तिवारी, डॉक्टर अरुणेश नीरज, उद्धव मिश्र अचल पुलस्तेय, डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, प्रियंबदा पांडे आदि रहे। सभी वक्ताओं ने डॉ वेद प्रकाश तिवारी को उनकी पुस्तक उतरा हुआ चेहरा के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

# जिले के राशन कार्ड लाभार्थियों को कराना होगा ई-केवाईसी : जिला पूर्ति अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र के क्रम में जिले के सभी राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस में सीडेड आधार नम्बर का समुचित वैलिडेशन नहीं हो पाने के कारण पात्र -अपात्र लाभार्थियों की पहचान तथा आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है।

इस क्रम में आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुपालन में प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून, 2024 से चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राशनकार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है। ई-केवाईसी अभियान के महत्वपूर्ण बिन्दु में राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। लाभार्थी अपने निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते है। ई-के वाईसी हेतु लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोडे जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड व संशोधित किया जा सकेगा। मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण एसएमएस के द्वारा प्राप्त होगा। उक्त के अतिरिक्त यदि किसी राशनकार्ड में मुखिया से परिवारजन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशनकार्ड के मुखिया को होगा। अन्य सभी राशनकार्ड सदस्यो को मात्र ई-केवाईसी ही करना होगा। जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि सभी राशनकार्ड परिवार के लाभार्थी को अधिक से अधिक संख्या में उचित दर की दुकानों में पहुँचकर अपना ई-केवाईसी तत्काल पूर्ण करालें। ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु उचित दर विक्रेताओं को कार्य की तकनीकी जानकारी तथा प्रशिक्षण क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से दिया जायेगा।

# मर्यादित जीवन का सार है प्रभु श्रीराम की लीला: राघव ऋषिजी

**जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर**



प्रभु श्रीराम के सम्पूर्ण चरित्र का वर्णन उनकी ही प्रेरणा से कहने और सुनने का अवसर मिल पाता है और रामकथा का पुण्य लाभ मिलता है। रामकथा चंद्रमा के किरणों के समान है। जिसका चकोर रूपी पक्षी पान करते हैं। उक्त कथा का रसपान कराते हुए गोला तहसील क्षेत्र के उरुवा विकास खंड के कुशल देईया गांव स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए काशी निवासी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता श्री विद्या सिद्ध एवं ज्योति सम्राट पूज्य श्री राघव ऋषि जी ने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा विरचित रामकथा का दिव्य रहस्य उद्घाटित करते हुए कही।

कथावाचक श्रीऋषि ने कहा कि जिस प्रकार से चातक पक्षी स्वाती नक्षत्र की वर्षा के जल से अपनी प्यास बुझाता है उसी तरह संत जन इसका श्रवण पान करा मन के महामोह को नष्ट करते हैं। संपूर्ण शास्त्रों ग्रंथों का सार यह रामकथा है। कथा में ऋषिजी के एकमात्र सुपुत्र सौरभ ऋषि ने महाराज गजानन का भावपूर्ण सुमिरन गौरी के नंदन की हम पूजा करते हैं मोहक भजन सुना भक्तों को भाव विभोर किया। भक्त श्रद्धालु झूमने के लिए विवश हुए। जीव जब तक परमात्मा पर आश्रित है तभी तक उसे सुख सम्भव हो पाता है किन्तु स्वयं पर भरोसा रख वह अपना ही विनाश कर बैठता है।ऐसी स्थिति जीवन में न हो इसीलिए राम नाम का आश्रय लेकर संसार में रहे। जीव की जब दिशा बदलती है तभी दशा बिगड़ती है जिस प्रकार से सती जी की हुई। जीवन को सफल बनाने का साधन भगवान के नाम का आश्रय ही है जो भवसागर से पार उतरने का आधार है।कथा आरती में अपार जनसमूह व मुख्य यजमान व आयोजक स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य सपत्नीक व श्रद्धालुओं ने भव्य आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।इस दौरान

उपेंद्र जायसवाल, दयानंद तिवारी, सतेन्द्र गुप्ता, फूलचंद यादव, प्रदीप यादव, राजेश कुमार, कमल किशोर, नीलेश तिवारी, अंजू गुप्ता सहित क्षेत्र के हजारों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

# बड़ी दुर्घटनाओं को दावत दे रहे, ढीले पड़े बिजली के तार, जिम्मेदार बेपरवाह

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



जनपद के गोला विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत कई गांवो में ढिले पड़े विद्युत आपूर्ति के लिए लगे एल टी से लेकर एच टी तक के तार झूल रहे है जो संबंधित जिम्मेदारों के लापरवाह का शिकार बन यह प्रतीत कर करा रहे है कि जैसे किसी बड़ी घटनाओं के इन्तजार में पड़ें हो।

सब स्टेशन के उपनगर इलाके में बनकटा गांव के उत्तर कटया गांव से भड़सड़ा हरिजन बस्ती को आपूर्ति देने वाला विधुत तार जमीन से लगभग पांच से छः फिट की उचाई पर झुल रहा है तो वही उपनगर के सटे गांव खदरा में एक एच टी लाइन का तार जमीन से उपरोक्त उचाई पर ही झुल रहा है देखा जाय तो सबस्टेशन क्षेत्र के कोड़री चौकड़ी मार्ग के साथ पाण्डेय पुर उर्फ डड़वापार राजगढ़ सेमरी कौवाडील आदि गांवों में भी बहुत नीचे झुल रहा है इस तरह कई गांवो के सार्वजनिक स्थानों व मार्गो पर तार लटके हुए जिसको लेकर आये दिन ग्रामीण व राहगीर को बडी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

क्षेत्र के चौकड़ी गांव प्रधान रामलोचन कशौधन, मनीष त्रिपाठी व भड़सडा गांव के संतोष कुमार व खदरा गांव के श्याम राज विश्वकर्मा, रमाशंकर विश्वकर्मा, संतोष मिश्रा, श्याम बिहारी मिश्रा, राजेश विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, गोली पासवान आदि ने विधुत विभाग जिम्मेदारों के उपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा की तार को टाइट कराने के लिए कई बार लाइन मैन से लगायत उच्च अधिकारीयों तक सूचना दिया जा चुका है। लेकिन कोई भी जिम्मेदार सुधि लेने वाला नही ।ग्रामीणो ने जल्द से जल्द ढिले तारों को टाइट कराने की मांग किया है।

बोले एसडीओ समस्या का शीघ्र होगा निराकरण इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ गोला शुशील कुमार ने बताया की सभी तारों को बदलने के लिए आर डी एस एस में प्रस्ताव दिया गया है जल्द ही कार्य चालू होने वाला है शेष ढीले तारों का सर्वे चल रहा है जल्द ही टाइट करा दिया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जापान के पर्यटकों का ताज पर स्वागत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जापान देश से ताजमहल देखने आए पर्यटकों के समूह का ताजमहल के पश्चिमी गेट पर थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के द्वारा **वसुधैव कुटुंबकम** की भावना को आत्मसात करते हुए टूरिस्ट फ्रेंडली वातार्लाप के साथ स्वागत किया गया और उनकी हर संभव सहायता करते हुए उन्हें ताजमहल में प्रवेश दिलाकर एक सुरक्षित एवं सुखद वातावरण में ताजमहल का भ्रमण कराया गया जापान के पर्यटकों ने आगरा पुलिस की टूरिस्ट फ्रेंडली वातार्लाप से प्रभावित होकर उनके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाए और अपने अनुभव भी साझा किए। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी गार्ड अशोक कुमार सम्मिलित है।

### राहगीरों को ठंडी लस्सी पिलाकर पुण्य कमाया

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को नमन कर पार्श्वनार्थ पंचवटी कालोनी पंचवटी परिवार द्वारा कालोनी के बाहर मेन रोड ताज नगरी आगरा पर ठंडी लस्सी का प्याऊ लगाकर कर तपती धूप में निकलते हजारों गुरु की संगत राहगीरों की सेवा ठंडी लस्सी पिलाकर पुण्य कमाया वह देश धर्म के लिए कुर्बान गुरुओं की शहादत को याद किया है जिन्होंने देश धर्म के लिए अपना सरवत कुर्बान किया पूरी गरमी निरंतर ठंडे जल वह गाय माता की जल सेवा चलती रहती सेवा में रहे समाज सेवी श्याम भोजवानी, नरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, बिजेंद्र सिंह बाबा, वीरेंद्र सिंह, रिंकू शर्मा, सुशील आहूजा, तिरलोचन सिंह, सनी खन्ना, रूपेंद्र सिंह, बॉबी सलूजा, आरआर पी सिन्हा, धर्मेंद्र सारस्वत, अतुल गुप्ता, जसवंत पसरिचा, आर के तिरखा, राकेश जैन, एस पी यादव, विवेक महेंद्रू आदि मौजूद रहे।

### ईंट से ओवरलोड घोड़ा बुग्गी से टकराई बाइक

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सोमवार सुबह थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत बाह -आगरा हाईवे मार्ग स्थित कस्बा भदरौली के पिनाहट मोड पर ईंट भट्टे पर ईंट लेकर जा रही बुग्गी की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया गया हैं। घायलो की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

### दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को निकाला


**जन एक्सप्रेस/आगरा।** दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पिता के घर से अतिरिक्त दहेज न लेकर आने के बाद मारपीट कर घर से भगा दिया है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस से की है।
थाना पिनाहट के गांव पडुआपुरा निवासी रामशंकर की पुत्री काजल ने सोमवार को थाना पिनाहट में लिखित तहरीर दी। कि करीब एक बर्ष पूर्व थाना सैंया के गांव सिरोधपुरा निवासी शिवकुमार पुत्र भूरी सिंह के साथ दान दहेज देकर हुईं थीं। किंतु दहेज लोभी ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए। और अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए आये दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। जिसे अब तक सहन करती रही। किंतु अब पति, सांस, ससुर, जेठ, जेठानी, मुसिया ससुर ने गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राज्यसभा सांसद नवीन जैन का भाई घूस देने के मामले में नामजद

## आगरा में पीएनसी इंफ्राटेक के निदेशक हैं योगेश जैन, उइक ने किया है मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

सीबीआई ने घूसखोरी के मामले में एनएचएआई के महाप्रबंधक एवं परियोजना निदेशक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सीबीआई ने आगरा से राज्यसभा सांसद नवीन जैन के भाई की कंपनी पीएनसी इंफ्रा लिमिटेड के निदेशक सहित चार कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया है। एनएचएआई के महाप्रबंधक पर कंपनी के कर्मचारियों से 10 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। एनएचएआई छतरपुर मध्यप्रदेश के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक पुरुषोत्तम लाल चौधरी को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। सीबीआई ने इस मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों समेत 10 संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के निदेशक योगेश जैन और टीआर राव नामजद हैं। इन पर आरोप है कि वो लाभ पाने के लिए एनएचएआई अधिकारियों को रिश्वत दे रहे थे। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि वे एनएचएआई द्वारा पीएनसी इंफ्राटेक को दिए गए झांसी-खजुराहो प्रोजेक्ट के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने और अंतिम बिल की प्रोसेसिंग के साथ साथ अंतिम हैंडओवर प्राप्त करने के के लिए कथित तौर पर रिश्वत दे रहे थे। सीबीआई ने आरोपियों से जुड़े छतरपुर (मध्य प्रदेश), लखनऊ, कानपुर, आगरा एवं गुरुग्राम (हरियाणा) स्थित परिसरों पर भी छापा मारा। इस दौरान डिजिटल डिवाइस समेत आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। पीएनसी इंफ्रा लिमिटेड के चार कर्मचारियों सत्य नारायण अंगुलुरी, बृजेश मिश्रा, अनिल जैन व शुभम जैन को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।



### नवीन जैन के भाई हैं योगेश जैन

भाजपा से राज्यसभा सांसद नवीन जैन के बड़े भाई प्रदीप कुमार जैन, पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद पर हैं। योगेश जैन निदेशक हैं। जिन पर सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के एक हिस्से के जल्द पूरा होने के लिए पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को 58 करोड़ रुपये का बोनस देने के आरोप लगाए थे। एक्सप्रेस वे का एक हिस्सा बोनस दिए जाने के छह महीने के भीतर ही ढह गया था। आगरा के मेयर रहे नवीन जैन के भाई की स्वामित्व वाली इस फर्म ने आगरा से फिरोजाबाद तक एक्सप्रेसवे के 56 किलोमीटर लंबे हिस्से का निर्माण किया था।

## बीयर उधार नहीं देने पर सेल्समैन से मारपीट

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीकरी से खानवा रोड राजस्थान बॉर्डर के समीप ग्राम नगला बंजारा पर स्थित बियर के ठेके पर बियर की बोतल उधार नहीं देना सेल्समैन को भारी पड़ गया , गुस्साए युवकों ने सेल्समैन को दुकान के अंदर घुसकर पीट दिया, पीड़ित सेल्समैन ने थाना सीकरी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डाबर निवासी इरफान पुत्र वेदों खां ने थाना सीकरी में तहरीर देते हुए बताया कि युपी राजस्थान बॉर्डर खानवा रोड पर नहला बंजारा पर इंग्लिश व बियर का ठेका है ,विगत 9 जून की रात्रि को ग्राम नगला बंजारा निवासी रवि कुमार ,मुकेश कुमार व लहलू बियर की दुकान पर आए और बीयर उधार मांगने लगे ,मैंने कहा कि मालिक ने उधार देने की मन कर रखा है इसी बात पर गुस्सा होते हुए बोले कि तू हमें उधार नहीं देगा और दुकान के अंदर घुसकर मेरे साथ मारपीट की, मारपीट की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## विधायक ने शहीद की प्रतिमा का किया अनावरण



**जन एक्सप्रेस। आगरा**

सोमवार को बाह विधायक रानी पक्षालिका सिंह कस्बा भदरौली में राजपूताना राइफल्स के शहीद लोकेंद्र सिंह तोमर के स्मारक व प्रतिमा का अनावरण करने पहुंची।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने जम्मू कश्मीर में शहीद कस्बे के भदरौली निवासी राजपूताना राइफल्स के वीर सपूत शहीद लोकेंद्र सिंह तोमर के स्मारक एवं शहीद की प्रतिमा का फीता काट अनावरण कर माल्यार्पण किया। विधायक ने शहीद लोकेंद्र सिंह तोमर की प्रतिमा का अनावरण कर वीर सपूत को याद कर लोगों को संबोधित किया।शहीद के नाम से मुख्य द्वार भी बनाया जाएगा।

## यमुना मैया को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



सोमवार को बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा भक्तों के सहयोग से भव्य रंगोली बनाई गई और यमुना के घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। प्राचीन कैलाश मंदिर महंत गौरव गिरी द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद मुख्य अतिथि ने यमुना की आरती की और सभी भक्तों ने भी आरती में भाग लिया। यमुना के साथ चांद की रोशनी में टिमटिमाते दीपों का अलौकिक नजारा देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। यमुना आरती के पावन अवसर पर श्री बांके बिहारी वेलफेयर सोसायटी संस्थापक अध्यक्ष डॉ मदन मोहन शर्मा ने कहा कि अपनी वसुंधरा को बचाने के कई तरीके हैं,जिसे हम अकेले और सामूहिक रूप से अपनाकर धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं, लेकिन यह तभी संभव होगा जब पृथ्वी हरी-भरी तथा प्रदूषण से मुक्त रहे और उसे यह उपहार आप ही दे सकते हैं। बाजार जाते समय साथ में कपड़े का थैला या बॉस्केट ले जाएं। पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह से बंद कर दें। अगर समय रहते कोई उपाय नहीं किए तो समस्याएं विकराल रूप धारण कर लेंगी, इसलिए सभी को एकजुट होकर पृथ्वी को बचाने के उपाय करने होंगे। इसमें प्रशासन, सामाजिक संगठन, स्कूल, कॉलेज सहित सभी को इसमें भागीदारी निभानी होगी यमुना आरती के अवसर पर मुख्य अतिथि नितेश शर्मा (वैजयंती ग्रुप) रहे प्रमुख रूप से विधायक शर्मा, केशव भारती, विशेष गिरी, ध्रुव गिरी, निखिल गिरी, अभिषेक, जग्गू आदि।

## पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती की हुई प्रसव पूर्व जांच

### 947 गर्भवती को ई-रूपी वाउचर से अल्ट्रासाउंड करने हेतु क्यू आर कोड प्राप्त कराए गए

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



जिले में 47 स्वास्थ्य इकाइयों पर सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया गया । इसमें गर्भवती की प्रसवपूर्व जांच की गई। इसमें गर्भवस्था के द्वितीय एवं तृतीय तिमाही की प्रसवपूर्व जांच की गई। गर्भवती और तीमारदारों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रसव पूर्व जांच करवाने वाली ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती को ई-रुपी वाउचर के जरिए निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराने की सुविधा मिल रही है। निजी केंद्रों पर सिर्फ एसएमएस और क्यू आर कोड दिखाकर गर्भवतियों को यह सुविधा मिल जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें गर्भवती की दूसरे व तीसरे त्रैमास में एमबीबीएस डॉक्टर व स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रसव पूर्व जांच कराई जाती है। जनपद के जिला महिला चिकित्सालय (लेडी लॉयल), एसएन मेडिकल कॉलेज सहित सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन हुआ । इसमें गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच और चिकित्सीय परामर्श के साथ झ साथ परिवार नियोजन तहत काउंसलिंग भी की गई। इस अवसर पर उच्च जोखिम वाली गर्भवती को चिन्हित कर संदर्भित भी किया गया। एसीएमओ आरसीएच/ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के दौरान गर्भवती का टीकाकरण, आयरन व कैल्शियम की गोलियों का वितरण, आयरन सुक्रोज, अल्ट्रासाउंड सहित, यूरिन, हीमोग्लोविन, शुगर, सिफलिस , वजन, पेट की जांच, हेपेटाइटिस बी, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप और एचआईवी की जांच की गई। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता संगीता भारती ने बताया सीएचसी और पीएचसी पर आने वाली गर्भवती को चिकित्सक जब अल्ट्रासाउंड की सलाह देते हैं तो वहां के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर द्वारा एसीएमओ को सूचना दी जाती है और जिला स्तर से ही एक से डेढ़ घंटे में ई-रूपी वाउचर जेनरेट कर लाभार्थी को दिया जाता है।

## गाजियाबाद से मुरादाबाद तक दो अतिरिक्त रेलवे ट्रैक, यात्रियों को फायदा; बुलेट ट्रेन का भी प्लान

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

रेलवे प्रशासन ने दिल्ली से सटे गाजियाबाद से मुरादाबाद के बीच दो अतिरिक्त ट्रैक बिछाने का निर्णय लिया है। उससे पहले एक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। गाजियाबाद से मुरादाबाद स्टेशनों के बीच दो अतिरिक्त ट्रैक बिछाए जाएंगे। यात्रियों और ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ने से रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ट्रैक बिछाने से पहले फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। मौजूदा समय में इस रूट पर दो ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ रही हैं। इस रूट से रोजाना करीब 200 ट्रेनें आवागमन करती हैं। इस रूट से न केवल मुरादाबाद, बल्कि रामपुर, बरेली, लखनऊ के लिए सीधे ट्रेनें संचालित होती हैं। मुरादाबाद से ही उत्तराखंड और जम्मू के लिए भी ट्रेनें जाती हैं। काठगोदाम और रानी खेत के लिए भी ट्रेनें इस रूट से गुजरती हैं। भविष्य में बुलेट और हाईस्पीड ट्रेनें भी चलाने की योजनाएं चल रही हैं। ट्रेनों की संख्या बढ़ने से अक्सर लाइन क्लीयर नहीं रहती है। अक्सर गाड़ियों को बीच में या आउटर पर रोक दिया जाता है। सिग्नल के इंतजार में ट्रेनें घंटों खड़ी रहती हैं। इससे यात्रियों को गंतव्य में पहुंचने में देरी होती है। सबसे ज्यादा दिक्कत गर्मी के दिनों में होती है। जब ट्रेन के लेट होने से यात्रियों को गर्मी में परेशान करना पड़ता है। इस रेलखंड पर चार ट्रैक होने के बाद यात्रियों काफी सहूलियत होगी और ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ेगी। गाजियाबाद से मुरादाबाद जंक्शन की दूरी करीब 141 किलोमीटर है। इस रूट पर चार ट्रैक होने के बाद यह दूरी ट्रेनें डेढ़ घंटे में पूरा कर लेंगी। स्टेशनों को छोड़कर ट्रेनों को कहीं रुकना नहीं पड़ेगा।

**अक्तूबर-नवंबर तक शुरू हो सकता है काम**

सेक्शन इंजीनियर पीके पांडेय का कहना है कि सर्वे शुरू हो चुका है। रेलवे द्वारा नामित कंपनी अतिरिक्त ट्रैक के लिए सर्वे कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही सर्वे का काम पूरा हो जाएगा। अक्तूबर-नवंबर ट्रैक बिछाने का काम शुरू हो सकता है।

## नीट रिजल्ट में धांधली को लेकर अ0भा0 विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनों पदाधिकारीयों के द्वारा अचल ताल सरोवर के नजदीक स्थित कार्यालय के बाहर नीट के रिजल्ट में घपले बाजी को प्रदेर्शन और जमकर नारेबाजी की है। विद्यार्थियों का कहना है, लंबे समय से नीट के विद्यार्थी तैयारी कर रहे थे लेकिन कल जारी हुए रिजल्ट में बड़ी धांधलेंबाजी की गई है, यही कारण है जहां पहले महज एक से दो छात्र नीट की परीक्षा में पास हुआ करते थे वहीं दूसरी ओर नीट की परीक्षा में 700 के आसपास अंक लाकर कई छात्र इस कतार में खड़े हुए हैं। जिससे साफ जाहिर होता है नीट की परीक्षा में धांधलेंबाजी हुई है।

इसी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा देशव्यापी आंदोलन के लिए तैयारी की है। जिसमें जिसकी शुरूआत उनके द्वारा सूरत से करते हुए अब उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में की जा रही है। आज भी अलीगढ़ में किए गए प्रदर्शन को लेकर उनके द्वारा साफ जाहिर किया है। जल्द नीट की परीक्षा को दोबारा नहीं कराया गया तो एक बड़ा प्रदर्शन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा किया जाएगा प्रदर्शन करने वाली छात्रा ने बताया जो नीट एजेंसी परीक्षा करा रही है। उस एजेंसी के द्वारा धाधलेबाजी की गई है, उसकी जांच होनी चाहिए और यह परीक्षा दोबारा कराकर छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की आवश्यकता है। छात्र नेता के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया जिससे समय देश के प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे ठीक उसी समय नीट के रिजल्ट को जारी किया गया जिससे देश की मीडिया का ध्यान देश के प्रधानमंत्री की ओर से हट जाए यही कारण है। नीट के परीक्षार्थियों पर सभी का ध्यान गया नीट की परीक्षा कराने वाली एजेंसी के द्वारा धांधलेंबाजी की है। ऐसी एजेंसी पर जांच कर कार्रवाई की जाना अति आवश्यक है। फिलहाल नीट की परीक्षा रद्द करते हुए दोबारा से परीक्षा करानी चाहिए। जिसको लेकर उनके द्वारा यह प्रदर्शन किया है और ज्ञापन देते हुई उनके द्वारा कार्यवाही की मांग की है।

## कांग्रेस नेताओं ने गठबंधन प्रत्याशी की हार का प्रशासन पर लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह की हार को लेकर कांग्रेसियों के द्वारा मौजूदा सरकार व प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं कांग्रेस के पदाधिकारी के द्वारा हार का ठीकरा प्रशासन के सर पर फोड़ा है।
सोमवार को रेलवे रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह एवं शहर अध्यक्ष नवेद खान ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लगातार जीत की ओर अग्रसर थे, लेकिन मौजूदा प्रशासन के द्वारा उन्हें जबरन हराया गया है। उन्होने कहा कि जनता के द्वारा पूरा समर्थन दिया गया, जिसको लेकर अब कांग्रेस के द्वारा धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। कांग्रेस के द्वारा अलग-अलग विधानसभाओं से इस धन्यवाद यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। कांग्रेस के पदाधिकारी का कहना है लंबे समय से तैयारी की गई थी और जनता के द्वारा पूरा सहयोग किया गया, लेकिन अचानक प्रशासन के द्वारा उनके प्रत्याशी को जबरन हराया गया है न्याय की लड़ाई को लेकर वह हाईकोर्ट तक जाएंगे सारी बात न्याय की है इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ न्याय नहीं हुआ है, जिसके लिए वह कोर्ट का दरवाजा खतखटाएंगे कांग्रेस पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया देश भर में कांग्रेस को जनता ने काफी सम्मान दिया है कांग्रेस को मिले सम्मान को लेकर कांग्रेस गदगद है, यही कारण है धन्यवाद यात्रा उनके द्वारा निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ जल्द किया जाएगा कांग्रेस के पदाधिकारी के द्वारा राहुल गांधी को लेकर बड़ी बात कही है। मौजूदा बनी हुई सरकार को उनके द्वारा बैसाखी की सरकार बताया है जल्द प्रधानमंत्री राहुल गांधी को बनने के उनके द्वारा दावे किये है।

## जम्मू कश्मीर में मृतक तीर्थ यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**



विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल, हरिगढ़ महानगर की बैठक अचलताल स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें हाल में जम्मू-कश्मीर में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर, दस तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या पर संवेदना व्यक्त कर मौन रखा गया व मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विहिप विभाग मंत्री मुकेश राजपूत ने इस घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए आतंकवादियों द्वारा जानकर सरकार के शपथग्रहण के समय इस घटना को करना बताया। उन्होंने सरकार से सभी मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी व मुआवजा एवं घायलों को उपचार के साथ उचित मुआवजे की मांग की। विहिप के जिला प्रचार प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि घटना बहुत हृदय विदारक है, आतंक की समाप्ति के लिए हर भारतवासी को जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करने होंगे।
देश की रक्षा केवल सुरक्षाबलों का ही दायित्व नहीं, हर भारतवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद हरिगढ़, कड़े शब्दों में इस घटना की भर्त्सना करता है और सभी पीड़ित सनातनी परिवारों के साथ खड़ा है। वहीं विहिप महानगर मंत्री मयंक कुमार ने सरकार से ऐसे जघन्य कृत्य करने वाले आतंकवादियों व उनके पोषणकर्ताओं को जड़ से समाप्त करने की मांग की। इस अवसर पर विहिप मठ मंदिर प्रमुख मुकेश बिंदी, बजरंगदल महानगर सह-संयोजक दीपक राजपूत व गौरव माहेश्वरी, देव सोनी, सुमित शर्मा, सचिन राघव, विशाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## ईपीएल 2024 का बेसिक शिक्षा विभाग बना विजेता

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

इण्डियन एजूकेशन ऐसोसिएशन अलीगढ़ की जिला ईकाई अलीगढ़ द्वारा प्रथम बार क्रिकेट टूर्नामेंट ईपीएल 2024 का आयोजन हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड में किया गया। ईपीएल 2024 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सानिध्य में बेसिक शिक्षा विभाग की टीम और कप्तान डा एन पी सिंह के सानिध्य में इंडियन एजूकेशन ऐसोसिएशन की टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की टीम विजयी रही और मैच के शुभारम्भ पूर्व मैच के पूर्व एसोसियेशन के राष्ट्रीय संरक्षक नीरज शर्मा, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के आगरा खंड प्रभारी पवन शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गुप्ता गुरु द्वारा दोनो टीम के सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया और राष्ट्रीय सलाहकार प्रशांत राजपूत द्वारा टॉस उछाला गया और एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जयदीप वार्ष्णेय और संरक्षक अटल कुमार वार्ष्णेय प्रथम बॉल खेल कर मैच की शुरुआत की गई।
विजयी टीम को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और संरक्षक नीरज शर्मा, ए के पॉल, पवन शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गुप्ता गुरु जी, राष्ट्रीय महासचिव जयदीप वार्ष्णेय द्वारा विजेता ट्रॉफी और उपविजेता टीम को उपविजेता ट्रॉफी और बेसिक शिक्षा विभाग के खिलाड़ी राहत को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। एसोसियेशन के संरक्षक ऐ के पॉल जी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मैच की कमेंट्री राष्ट्रीय सलाहकार श्री प्रशांत राजपूत जी बहुत सुंदर अंदाज में की गई। ईपीएल 2024 को सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एशियन इंटरनेशनल स्कूल, ओरियन पब्लिक स्कूल,एस के डी पब्लिक स्कूल, आजाद विद्या मंदिर, बी आर इंटरनेशनल स्कूल, मॉडर्न आइडियल पब्लिक स्कूल, जय श्री मॉडर्न पब्लिक स्कूल, श्री राम विद्या मंदिर स्कूल, ड्रीम स्टार प्ले स्कूल, अरु इंग्लिश स्कूल, डिमांड इंटर कॉलेज,अभिनव एंपोरियम ने स्पॉन्सर किया। क्रिकेट मैच में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राकेश सिंह, नीरज शर्मा, पवन शर्मा, ए.के. पॉल, अटल कुमार वार्ष्णेय, गौरव गुप्ता गुरु, जयदीप वार्ष्णेय, डा. एन पी सिंह, कपिल कुमार सिंह, राहत, नरेन्द्र कुमार, योगेश सारस्वत, पुनीत कुमार शर्मा, मनोज कुमार सिंह, मंसूर अहमद, सौरभ कुमार चौधरी, लक्ष्मीकांत शर्मा, आरती जादौन, सभी खिलाड़ी और अन्य विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य बंधु मौजूद रहें।

### युवती पर फेंका तेजाब, पुलिस पर मदद ना करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** एक परिवार पर तेजाब फेंका गया। परिवार का आरोप है कि इस मामले में पुलिस से शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोपी लगातार मारने की धमकी दे रहे हैं। ये मामला शाहगंज थाना क्षेत्र के खेरिया मोड़ खवासपुरा इलाके का है। परिवार वालों का कहना है कि घर के चार सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। महिला और युवती का हाथ और चेहरा जल गया। चेहरे पर टांके लगवाने पड़े हैं। पिता के हाथ में फ्रैक्चर हैं। मोहम्मद शाहनवाज ने बताया- उनके मोहल्ले में नालियों के खरंजे बनने का काम नगर निगम करवा रही है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-AY-OH-481-23-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-113-23-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2024 समय 11:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1720/24

# अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ीं तीन कारें, एक की मृत्यु, आधा दर्जन घायल

- सिद्ध बाबा पर भंडारे में शामिल होने आए थे कार सवार
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। दोस्तों के साथ कार से माला रेंज स्थित धार्मिक स्थल सिद्ध बाबा पर आयोजित भंडारे में शामिल होने आए युवकों की कार अनियंत्रित होने से तीन कारों की आपस में भिड़ंत हो गई।तेज धमाके की आवाज से कारों के परखच्चे उड़ गए। कर में सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा अर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घटना की जानकारी से स्वजनों में चीत्कार मच गया। सोमवार पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मंडी निवासी छोटू (35)पुत्र रामभरोसे अपने दोस्त प्रदीप और विनोद के साथ पीटीआर की माला रेंज स्थित धार्मिक स्थल सिद्ध बाबा पर आयोजित भंडारे में शामिल होने आए थे। कार सवार तीनों दोस्त भंडारे में शामिल न होकर कालीनगर रोड पर घूमने निकल आए। रोड के किनारे पंपिंग सेट पर नहाने के बाद कार सवार तीनों दोस्त भंडारे में शामिल होने जा रहे थे।नवदिया सुखदासपुर के पास अचानक अनियंत्रित कार एक के बाद एक तीन कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक कार हाईवे से नीचे खाई में जा कर पेंड से टकरा गई।घटना से हाईवे पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बमुश्किल कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला।आनन फानन में तीन घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां छोटू पुत्र राम भरोसे को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल विनोद और प्रदीप को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पर मृतक के स्वजन भी पहुंच गए। छोटू के शव को देख परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आभूषण व्यवसायी से गोली मारकर लूट

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- बंधवा बाजार पुलिस बूथ से तीन सौ मीटर दुर दिनदहाडे घटी घटना

जंघई। मीरगंज से तगादा करके लौट रहे सुजानगंज के आभूषण व्यवसायी को गोली मारकर लूट की घटना सामने आयी है फिलहाल भुक्तभोगी इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। सुजानगंज का आभूषण व्यवसायी सुशील उमरवैश अपने सहयोगी और ड्राइवर के साथ बैगन आर से मीरगंज बाजार से तकादा व माल सप्लाई करके लौट रहा था सोमवार दोपहर साढे तीन बजे बधवा बाजार जमालापुर मार्ग पर रामगढ़ इण्टर कालेज के पास बाईक सवार बदमाशों ने पथराव करके गाडी रोक कर व्यवसायी को गोली मारकर छीनेत करके बरसठी की तरफ भाग गये। प्रत्यक्ष दर्शीयो के अनुसार व्यवसायी को दाहिने हाथ के बाह मे दो गोली लगी है उसके साथियों ने पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए मछलीशहर चले गये जहा मछलीशहर से चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक व मछलीशहर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुच जांच पडताल मे जुट गयी है व्यवसायी की कितने की लूट हुई यह पता नहीं चल पा रहा है न ही पुलिस जानकारी दे रही है। बंधवा बाजार पुलिस बूथ से महज तीन सौ मीटर दूर दिनदहाड़े घटी घटना से व्यापारियों मे भय व्याप्त है। थानाप्रभारी देवानन्द रजक का कहना है की बंधवा बाजार के पास रामगढ इण्टर कालेज के पास आभूषण व्यवसायी को गोली मारी गयी है भुक्तभोगी इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर हुआ पुलिस मामले की जांच कर रही है कितनी लूट हुई है इसकी तहरिर नही मिली है।

## केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में जितिन को मंत्री बनाये जाने पर राज्यमंत्री ने दी बधाई

पीलीभीत। एन0डी0ए0 3.0 की केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केन्द्र सरकार के गठन में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद को राज्यमंत्री का दर्जा दिये जाने पर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने दिल्ली में श्री प्रसाद को बुके भेंट कर बधाई दी और उनके राज्यमंत्री बनने पर जनपद पीलीभीत के त्वरित विकास होने की उम्मीद जताई। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी सहित सम्पूर्ण केन्द्रीय मंत्रिमण्डल को बधाई देते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार गठित केन्द्र सरकार अपने भारत विकसित संकल्प को पूरा करने में कोई कसर बाकी नही रखेगी।केन्द्र सरकार के गठन एवं जनपद से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद जितिन प्रसाद को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में राज्यमंत्री के रूप में सम्मलित किये जाने पर राज्यमंत्री श्री गंगवार के पीलीभीत स्थित जनसहयोग कार्यालय संजय रायॅल पार्क में आज मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया गया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ

- शनिधाम मंदिर पर शुरू हुआ सात दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम
- 13 जून से दोपहर व रात में रासलीला का होगा आयोजन, 16 को समापन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। गांव बलरामपुर ज. रनमस्तपुर में स्थित शनिधाम मंदिर पर श्री विष्णु महायज्ञ सोमवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिनलाएं और पुरुष शामिल हुए। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। धार्मिक कार्यक्रम का समापन 16 जून को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ होगा। धार्मिक कार्यक्रम के व्यवस्थापक महंत बाबा राघवदास ने बताया कि महंत बाबा रणछोड़दास के पावन शनिधाम पर बाबा गंगादास महाराज की पावन स्मृति में इस बार चतुर्थ श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया है। सात दिवसीय कार्यक्रम पहले दिन सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। उन्होंने बताय कि आज मंगलवार को वेदी संरचना नंदीमुख श्राद्ध और 12 से 16 जून तक रोजाना वेदी पूजन पाठ हवन होगा। अंतिम दिन 16 जून को पूर्णाहुति एवं समष्टि भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रोजाना सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ होगा जिसमें यज्ञाचार्य द्वारा आहुतियां दी डलवाई जाएंगी। इसके अलावा 13 जून से दोपहर दो से शाम छह बजे तक व रात आठ से 11 बजे तक रासलीला होगी। उन्होंने सभी से इस महान अनुष्ठान में परिवार सहित शामिल होने की अपील की है। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से यज्ञाचार्य चंद्रभूषण मिश्र, मनुदेव, बाबा राघव दास, कमलेश मिश्र, अनुभव पांडे, बाबा श्रीकृष्ण दास, बाबा रामपाल दास, बाबा भगवान दास, बाबा फूलचंद दास, बाबा दीन दयाल दास, सर्वेश स्वर्णकार सहित तमाम भक्त शामिल रहे।

# एक सप्ताह में सर्वे कर्मी पूरा करें गन्ना सर्वे: खुशीराम भार्गव



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सोमवार को जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशीराम भार्गव द्वारा ग्राम मीरापुर में चल रहे सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय चीनी मिल के सर्वेकर्ता धर्मेंद्र के साथ समिति-कर्मी विमल चौहान उपस्थित मिले। पहले कृषक बुद्धसेन पुत्र लालमन के पेड़ी प्लाट के सर्वेक्षित प्लाट का सत्यापन किया गया। इसके बाद उन्ही के पौधे गन्ना का भी सत्यापन किया गया, जो सही पाया गया। जनपद में अब तक 1.27 लाख किसानों के 3.70 लाख गन्ना प्लॉटों का सर्वे पूर्ण हो चुका है। पेड़ी एवं पौधे का कुल गन्ना क्षेत्रफल 81,126 हैक्टेयर दर्ज किया जा चुका है। सर्वे कर्मियों को एक सप्ताह के अन्दर सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके बाद ग्राम कैच के कृषक अरुण कुमार पुत्र गंगा प्रसाद के वर्टीकल विधि से बुवाई की गई को. 15023 प्रजाति के प्लाट को देखा और कृषक को आवश्यक सुझाव दिए। कृषक द्वारा बताया गया कि उसने अपने खेत की तैयारी के समय ट्राइकोडर्मा तरल कवक का प्रयोग किया था। इसके बाद ग्राम रूपपुर कमालू के कृषक हरिओम गंगवार पुत्र श्री रामचन्द्र के रिंग पिट विधि से अक्टूबर माह में बोई गई गन्ना फसल प्लॉट को देखा। फसल की बढ़वार बहुत अच्छी मिली, जिसमें दो से तीन फीट तक के गन्ने बन चुके हैं। मौके पर उपस्थित कृषक हरिओम गंगवार ने बताया कि उनके द्वारा सम्पूर्ण उर्वरक का प्रयोग कर लिया गया है एवं कोराजन की ड्रेंचिंग भी की जा चुकी है। इनके प्लॉट को देखकर स्थानीय अन्य कृषकों की भी रिंग पिट विधि की तरफ रुचि बढ़ी है। इसी प्लॉट के समीप कृषक सर्वेश पुत्र सुरेन्द्र के पेड़ी प्लॉट टॉप बोरर से प्रभावित कुछ क्लम्प पाये गये। कृषक को मौके पर ही गन्ने के गोभ से कीट की सूढ़ी निकाल कर दिखायी गयी और कीट के प्रारम्भिक प्रकोप के लक्षण खेत पर ही दिखाये गये। जिला गन्ना अधिकारी ने उपस्थित कृषकों को बताया कि बेधक कीट (टॉप बोरर) की दूसरी पीढ़ी का प्रकोप शुरू हो गया है, कृषक भाई इसके नियंत्रण हेतु कोराजन, सिटीजेन (क्लोरेन्ट्रेनिलीप्रोल 18.5 एस सी) आदि का प्रयोग 150 मिली लीटर दवा को 400 लीटर पानी मे घोलकर गन्ने के पौधे के पास ड्रेंचिंग (स्प्रेयर से नोज़िल हटाकर मोटी धार के रूप में दवा का प्रयोग) के लिये प्रयोग करें। क्लोरेन्ट्रेनिलीप्रोल 18.5 एस सी, शीमो नाम से (इफको द्वारा) गन्ना समितियों के गोदाम पर उपलब्ध है, जिसे गन्ना किसान आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पीलीभीत राम भद्र द्विवेदी, एल एच चीनी मिल से संजीव राठी, सनोज कुमार के अलावा अरुण कुमार, हरिओम, अमित, सर्वेश आदि कृषक उपस्थित रहे।

## हेड कांस्टेबल का बच्चों से मसाज कराने का वीडियो वायरल, एसपी ने किया निलंबित, जांच के निर्देश

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले के पुलिस चौकी इमिलियाचट्टी के अंदर नाबालिग बच्चों से मालिश कराने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरक्षी को निलंबित करते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन को मामले की जांच का निर्देश दिया। जिले में आए दिन किसी न किसी पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। सोमवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के इमिलियाचट्टी पुलिस चौकी के अंदर का एक मुख्य आरक्षी का वीडियो वायरल हुआ। इसमें वह तीन नाबालिग बच्चों से अपना हाथ-पैर दबवाकर मालिश करा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरक्षी अक्सर बच्चों को बुलाकर मसाज कराता है।

# घोड़ा बुग्गी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार युवक की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बीसलपुर। बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर घोड़ा बुग्गी ने बाइक सबार को सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सबार युवक की मौत हो गयी। जबकि उसका 6 वर्षीय पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना परिजनों को दी गयी। सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन सरकारी अस्पताल पहुंच गये। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना तिलहर के गांव बेठलपुर प्रहलादपुर निवासी रीतराम पुत्र नत्थूलाल ईटगांव रिश्तेदारी में दावत खाने आया था। उसके परिजन भी दावत में गये हुए थे। वह आज सुबह अपने पुत्र कन्हैया 6 वर्ष को लेकर घर वापस जा रहा था। वह जैसे ही चठिया रोहनियां के निकट पहुंचा वैसे ही सामने से आ रही घोड़ा बुग्गी ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उसका पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना परिजनों को दी गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत होने के बाद उसकी पत्नी पतरी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंच गयी। जहां पर पुलिस ने शव को सील कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है।

## बाल तस्करी रोकथाम: चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने पुलिस के साथ नेपाल सीमावर्ती गांवों में किया ग्रामीणों को जागरूक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सोमवार को निदेशालय महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पीलीभीत नेपाल सीमावर्ती गांव में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने जनपद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम के साथ मिलकर थाना हाजरा क्षेत्र के सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, टिल्ला नंबर -4 एवं टांगिया गांवों में ग्रामीणों को जागरूक किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि आगामी 31 जुलाई को होने वाले अंतरराष्ट्रीय बाल तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर जनपद में एक टीम गठित कर बाल तस्करी के विरुद्ध में अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके क्रम में सोमवार को सीमावर्ती गांव में अभियान चलाया गया अभियान के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि अगर आपके गांव में कोई भी संदिग्ध/ अपरिचित व्यक्ति कोई भी लालच देकर आपके बच्चों को कहीं ले जाकर नौकरी लगवाने अथवा काम दिलाने की बात करता है, तो उससे साबधान रहें। आपके बच्चे के साथ खतरा हो सकता है, वह बधुआ मजदूरी, यौन शोषण, बाल विवाह, शारीरिक शोषण का शिकार हो सकता है, आप इसकी सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 1098 अथवा 112 पर दें। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी है, किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आए और अपने बच्चों को 18 साल से कहीं पर काम करने के लिए न भेजें बाल विवाह बाल श्रम कानूनी अपराध है कोई यदि इसमें संलप्न पाया जाता है तो उसके नियोजन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। जिला बाल संरक्षण इकाई के काउंसलर अभिषेक शुक्ला ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल योजना सेवा एवं विधवा पेंशन के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। एसएसबी टीम ने किसी भी तस्करी से संबंधित जानकारी को संबंधित एसएसपी पोस्ट पर देने की बात कही।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में तीन घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र सतहरिया चौकी स्थित सतहरिया गांव में सोमवार को सुबह करीब नौ बजे बाउंड्रीवॉल की नीव बनाने के विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक पक्ष से महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने गंभीर हालत देख तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र के सतहरिया चौकी स्थित सतहरिया गांव निवासी 32 वर्षीय शैलेश यादव पुत्र रामजतन यादव, 34 वर्षीय संतोष यादव पुत्र रामजतन यादव सोमवार को सुबह करीब नौ बजे अपने बाउंड्रीवॉल की नीव खोदने लगे इसकी भनक इसके पड़ोसी नीरज पुत्र लालचंद्र व सूरज पुत्र लालचंद्र को लगते ही मौके पर पहुंचकर बाउंड्रीवॉल की नीव खोदने से मना करने लगे न मानने पर दोनो को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने पहुंची इसकी 34 वर्षीय मां राजकुमारी पत्नी रामजतन यादव को भी मारपीट कर घायल कर दिया। स्वजनों ने तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहा चिकित्सक ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विदित हो कि हाल फिलहाल में इसके पहले भी इन लोगो की वीडियो बनाने को लेकर एक बार मारपीट हो चुकी है । इस संबंध मे सतहरिया चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनो मारपीट के आरोपियों नीरज और सूरज को हिरासत में लेकर उचित कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि आज बाउंड्रीवॉल की नीव न खोदता तो दुबारा आज फिर से मारपीट न होती।

### जिला जज ने ग्राम न्यायालय का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिला न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल सोमवार को तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम न्यायालय औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय की व्यवस्था विचाराधीन वाद प्रगति देखी। जिला जज ने ग्राम न्यायालय पहुंच कर न्यायालय का निरीक्षण किया। न्यायाधिकारी विपिन कुमार चौरसिया से लम्बित वादों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए लम्बित फाइलों जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष भोलेंद्र यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला जज मिल कर ग्राम न्यायालय में विचाराधीन वादों के संबंध में चर्चा की। जिस पर उन्होंने अधिवक्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा लंबित फाइलों का अधिवक्ताओं के सहयोग से जल्द निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।

### शराब के नशे में धुत युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर इंडियन पेट्रोल टँकी के पास शराब के नशे में धुत युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी ।पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के लिए जुटी। मुरादगंज नईगंज निवासी राजेश चौहान उर्फ टिंकू पुत्र रामपलट चौहान उम्र 35 वर्ष का में शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। परिजनों ने बताया कि वो शराब का आदि था शराब प्रतिदिन पीकर रात में घर आ जाता था लेकिन उससे पहले शराब पीकर नईगंज के आस पास ही रहता था लेकिन रविवार को शराब पीकर घर नही लौटा तो हम लोग आसपास के गांवों व क्षेत्रो में खोजबीन किया लेकिन पता नही चला हमेशा उनकी आदत थी कि जब नशा उतर जाता था तो वो घर आ जाता है ।लेकिन कल नही आये आज सुबह एक व्यक्ति से सूचना मिली कि वो शराब के नशे में गिरा पड़ा है। जब हम लोग आए और देखा तो उनका शव पुलिस थाने पर लेकर आ गयी थी। राजेश चौहान मजदूरी का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। राजेश चौहान की शादी वाराणसी के कोनिया कयाजपुरा के इलाके के पूजा चौहान पुत्री अजय चौहान से 2015 में हुई थी। जिससे दो लड़कीं व एक लड़का है। थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जौनपुर में फिर गरजा बाबा का बुलडोजर

## डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने डेढ़ करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन को कराया मुक्त

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही सीएम योगी फूल एक्शन मुड मेआ गएहै,जिसके क्रम मे डीएम के रविन्द्र कुमार मांदड़ के आदेश पर आज सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली के मु0- कटघरा में करीब डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य की सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जे को जमीदोंज कर पूरी जमीन को नगर पालिका परिषद जौनपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। नईबाजार कटघरा निवासी अरविंद चौहान ने शिकायत किया था कि बंजर खाते की सरकारी जमीन पर आराजी नंबर 149/1 क्षेत्रफल 121 एयर पर प्रदीप शिवशंकर एवं रविन्द्र उर्फ बच्चन एवं साहब लाल यादव आदि लोग गलत तरीके से निर्माण करके जमीन पर कब्जा किए हुए है। जिला प्रशासन ने जांच कराया जांच में शिकायत सही मिली इसके बाद जिलाधिकरी ने अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश उपजिलाधिकारी को दिया डीएम के आदेश के क्रम मे एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मय बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच कर सभी अवैध अतिक्रमण को हटवा कर सरकारी जमीन को मुक्त करा दिया है। सरकारी रेट के अनुसार जमीन की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रूपये कीमत की है। कब्जाइयो से कब्जा हटवा कर जमीन को तत्काल नगर पालिका परिषद के ईओ को सुपुर्द कर दिया गया है। इस तरह एसडीएम ने एक बड़ी सरकारी सम्पत्ति को कब्जाइयो से मुक्त कराने में सफल रहे।

## विधायक के प्रस्ताव पर सात गम्भीर मरीजों को इलाज के लिए मिला नौ लाख पैंतीस हजार रुपए

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर विधानसभा के गंभीर रूप से बीमार व पीड़ित व्यक्तियों के इलाज हेतु पिछले दिनों कुल 7 व्यक्तियों को बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 9 लाख 45 हजार रु0 की आर्थिक सहायता दिलवाई गयी।जिसमे क्रमशः अनन्या गौतम पूरा अंती,राजाबाजार,संतोष कुमार सिंह ग्राम बेलावा, लेदुका,मूलचंद्र जायसवाल ग्राम बहरीपुर कला,इंद्रावती ग्राम कनकपुर, बहरीपुर, जमशेद ग्राम लेदुका,दिनेश सिंह ग्राम पूराहोलराय, सरायदुर्गादास,अर्पित मिश्र ग्राम मजीठी बरजीखुर्द को आर्थिक सहायता मिली ऐसे में विधायक सहित लाभार्थियों के मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

# एसडीएम ने चलाया नाप जोख अभियान

- सरकारी भूमि पर हुये कब्जे के विरुद्ध चला अभियान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के आदेश पर सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार और तहसीलदार आशीष सिंह के नेतृत्व में सरकारी भूमि पर हुये अतिक्रमण कों मुक्त कराने का अभियान शुरू हुआ। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नटौली में आराजी नंबर 347 चक मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया।ढ़ंढवाराकला गांव मे गड़हा कों अतिक्रमण मुक्त किया गया। ग्राम रामपुर मे नवीन परती से अतिक्रमण और ग्राम नौली मे आ न 596 खलिहान खाते की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ग्राम मनेछा में चकमार्ग संख्या 246/0.020 हे 0 का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक कानून गो आदि मौजूद रहे। तहसीलदार आशीष सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हुये कब्जे कों हटाने का क्रम अनवर जारी रहेगा।

# धनउगाही के खिलाफ व्यापारियों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी बाज़ार के सैकड़ो बाजारवासियों ने धन उगाही करने वाले बाप बेटे के खिलाफ तहसील के अधिकारियों के सामने प्रदर्शन करते हुए कार्यवाई की मांग की और अधिकारियों को पत्रक भी दिया। कार्यवाई ना होने पर बाज़ार बन्द करके चक्का जाम की चेतावनी भी दी है। गौरतलब है कि सोमवार को दोपहर बारह बजे सैकड़ो की संख्या में तहसील मुख्यालय पर आए थानागद्दी बाज़ार के व्यापारियो ने उपजिलाधिकारी, और प्रभारी निरीक्षक को पत्रक देते हुए आरोप लगाया कि जाखिया गांव के बजरंग बहादुर सिंह व उसका लड़के विकास सिंह द्वारा पैसे की मांग और धमकी देते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है। पैसा न देने कि दशा में व्यापारियो कि दुकान जिस विभाग की जमीन में है उस विभाग में पत्रक देकर दुकान जमीदोज कराने की धमकी देते है। वही व्यापारियो ने पूर्व में रंगदारी में रुपये मांगने आडियो वीडियो भी वायरल है। बाज़ार के पंकज सिंह, भान सिंह, बीरबल गुप्ता, राजू सिंह, बबलू पाठक ने बताया कि बजरंग बहादुर सिंह आये दिन पीडब्लूडी, जिला पंचायत ग्राम पंचायत, गांव की संपत्ति, फ़ूड विभाग व नाप तौल विभाग में तरह-तरह के कब्जे को लेकर झूठी शिकायत करता है। शिकायत के पश्चात् दुकानदारों से रंगदारी की मांग की जाती है। व रंगदरी न देने पर कहा जाता है कि पैसा दे दो तो तुम्हारा पीछा छोड़ दूगा अन्यथा बार-बार परेशान करता रहूगा। बजरंग बहादुर सिंह व उनके पुत्र पर पूर्व में रंगदारी के मुक़दमे दर्ज है। उनके बेटे विकास का पैसा लेते वीडियो व रंगदारी मांगते रिकॉडिंग भी पुलिस को दिया। बाजारवासियों का कहना है कि अगर आरोपी के खिलाफ दो दिन में कार्रवाई नहीं की गई, तो हम लोग 15जून को बाजार को बंद करते हुए चक्का जाम करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले में व्यापारियो ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती को पत्रक देकर पीडब्लूड़ी से नरमी बरतने की गुहार लगायी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि पत्रक मिला है आरोपियों के खिलाफ जाच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने कहा कि बाजारवासियों की तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर रेलवे स्टेशन के जीटी रोड सहित चारों ओर से आने वाले रास्तों पर गंदगी का अंबार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर कई लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें सांसद अशोक रावत की पहल पर रुकने लगी हैं लेकिन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के लिए सुविधा नहीं है वहीं पर चारों तरफ से आने वाले किसी भी रास्ते से आप रेलवे स्टेशन जाना चाहे तो कूड़े से होकर ही गुजरना पड़ता है फोटो यह बयां कर रही है कि रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए जीटी रोड से जाने का यह मुख्य मार्ग है जिस पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है यह रेलवे विभाग के सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई करके ढेर लगा दिया जाता है कई दिनों बाद उठाया जाता है जहां पर यात्री शौच क्रिया भी कर जाते हैं वहीं पर पेड़ की आड़ में खड़े होकर लघु शंका भी करते नजर आते हैं कोई रोकने वाला नहीं है जब गंदगी होगी तो लोग गंदगी फैलाएंगे अगर सफाई होगी तो कोई भी वहां पर थूकने से भी डरेगा वहीं पर रेलवे स्टेशन पर तैनात सफाई कर्मचारी स्वयं सफाई ना करके एक प्राइवेट आदमी से सफाई करवा कर खाना पूरी करता है। इसे स्वयं बिल्हौर रेलवे स्टेशन अधीक्षक भी पीड़ित रहते हैं की समय से सफाई नहीं हो पाती है। अंधेरा होने पर जब यात्री ट्रेनों से उतरते हैं तो स्टेशन के बाहर अंधेरा ऊमिलता है और इसी कूड़े में टक्कर लगकर लोग गिर भी जाते हैं कई प्रदेशों का सफर करने के बाद में जब बिल्हौर में यात्री आते हैं तो उनको कूड़े से लड़ना पड़ता है क्योंकि उनका यह बिल्हौर है।

## बिल्हौर नगर पालिका के वार्ड नंबर 3 में 6 माह से खंभे खड़े बिजली विभाग तार नहीं खींच रहा

* महंत सिया रामदास कठेरिया अधिकारियों के हाथ जोड़ते जोड़ते थक गए

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर नगर पालिका की वार्ड नंबर 3 निवासी महंत सिया रामदास कठेरिया का आवास है । उनके घर के बगल में नगर पालिका का नाला निकला हुआ है जिस पर नगर पालिका द्वारा नाला पटवा कर सड़क बना दी गई है इस सड़क में एक विद्युत पोल नाले की सतह से होकर से लगा है जो सड़क बन जाने से उसके तार मकान के नीचे से होकर मकान पर तथा सड़क से निकलने वाले लोगों को भी खतरा है महंत ने आगे आरोप लगाते हुए का अनुसूचित जाति का होने के कारण अनेकों बार उपजिलाधिकारी बिल्हौर से प्रार्थना पत्र देने के बाद विद्युत विभाग एक्सईएन चौबेपुर दक्षिणांचल तथा विद्युत उपखंड एसडीओ से भी प्रार्थना पत्र दिया है इसके बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है उन्होंने बताया है कि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा को भी लिखित और मौखिक अवगत करा चुके हैं जाती देश मान रही हैं जो विद्युत खंभो में लगभग 50 मी लाइन ना लगने से जाति भावना आहत होकरके अधिकारियों का उक्त का व्यवहार देखकर 12 जून से तहसील प्रांगण में धरने पर बैठने को मजबूर होंगे इस संबंध में उन्होंने प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी कानपुर नगर ,जिला विद्युत खंड बिल्हौर एक्सईएन दक्षिणांचल को प्रार्थना पत्र भेज चुके हैं आखिरकार कब मिलेगा न्याय उत्तर प्रदेश सरकार को भी प्रार्थना पत्र भेज दिया है।

## बिल्हौर में गर्मी से छुटकारा पाने के लिए ग्रामीण व बच्चे नहरो और राजवहो में लगाते हैं छलांग



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भीषण गर्मी और उमस के चलते बच्चे और ग्रामीण क्षेत्र में निकले रजबहेबृ,बंबे और नहरो में छलांग लगते हैं जहां पर अपने जानवरों को भी उसी में धूप में बैठे रहते हैं और वहीं पर खुद मस्ती में तैरते नजर आते हैं। हालांकि तैरते हुए बच्चों से जब बात की तो उन्होंने बताया कोई अभी तक नहाते वक्त डूबा तो नहीं है । सभी के घरों के सामने से गुजरी हैं सभी तैरना थोड़ा बहुत जानते हैं और इतना पानी नहीं होता है ढाई फीट तक ही पानी होता है पहले नीचे तलहटी कच्ची होती थी अब तलहटी व किनारे भी पक्के हो गई है जिससे डूबने के मौके नहीं होते हैं हालांकि वहां पर बैठे बुजुर्गों ने बताया कि बच्चों को नजर रखनी पड़ती है और डांट कर बाहर निकालना पड़ता है नहीं तो वह घंटो इसी में नहाते रहते हैं जिससे बच्चे बीमार भी हो जाते हैं।

# 52 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं इस बार भी झेलना होगा जलभराव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**मंजूरी मिलने के बाद भी अब काम नहीं हो पाएगा शुरू**

अब मानसून आने में ज्यादा समय नहीं रह गया है, ऐसे में यदि बजट जारी भी हो जाता है तो टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी करने में एक माह का समय लग जाएगा। फिर बारिश का मौसम आ जाएगा। इससे 52 करोड़ के प्रस्ताव में शामिल किए गए कार्य पूरे नहीं हो पाएंगे। इसी कारण इस बारिश में लोगों को जलभराव तो झेलना ही पड़ेगा।

शहरवासियों को इस बारिश भी जलभराव से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। छले साल जल निगम ने समस्या के निस्तारण के लिए शासन को 52 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा था, जिसे अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। नगर पालिका परिषद उन्नाव में 32 वार्ड हैं। यहां पर करीब 17 बड़े सहित कुल 119 नाले हैं। करीब तीन लाख की आबादी है, जो हर साल बारिश में जलभराव की समस्या से जूझती है। पिछले साल तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे ने लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कवायद शुरू की थी। उन्होंने सिंचाई विभाग, जल निगम व नगर पालिका के अधिकारियों से प्रमुख जलभराव वाले क्षेत्रों का सर्वे कराया था। इसकी जानकारी कराई थी कि जलभराव की समस्या दूर करने के लिए कौन से प्रबंध किए जाएं। इस सर्वे की रिपोर्ट के मिलने के बाद डीएम ने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वह जलभराव को दूर करने की कार्ययोजना तैयार करें। जिलाधिकारी के निर्देश पर जल निगम के परियोजना प्रबंधक ने 52 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की थी। इस धनराशि से शहर के सबसे बड़े नाले शेखपुर (सिटी ड्रेन) के निर्माण और सफाई कराने सहित अन्य कार्य कराए जाने हैं। जलनिगम की ओर से यह प्रस्ताव विभागीय कार्यालय लखनऊ भेजा गया था। इसके बाद विभाग के मुख्य अभियंता संजय कुमार गौतम ने आगे की कार्रवाई के लिए नगर विकास विभाग के संयुक्त सचिव को पत्र भेजा था। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया और जलभराव की समस्या का निदान फाइलों में ही दबकर रह गया।

## 14 जून तक झांसी और कासगंज पैसेंजर निरस्त

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

झांसी से चलकर उन्नाव होते हुए लखनऊ तक जाने वाली ट्रेन झांसी पैसेंजर 14 जून तक निरस्त कर दी गई है। कासगंज पैसेंजर भी 14 तक निरस्त रहेगी। इससे यात्रियों को चार दिन परेशानी का सामना करना पडेगा। उन्नाव जंक्शन से रोजाना नौकरी, पेशा, पढ़ाई, व्यापार आदि के लिए औसतन 2000 लोगों का लखनऊ और कानपुर आना-जाना होता है। लेकिन अब उन्हें नौ से 14 जून तक चार दिन परेशानी का का सामना करना पड़ेगा। ट्रेन नंबर 01823 झांसी से चलकर वाया उन्नाव जंक्शन होते हुए लखनऊ जाने वाली और 01824 लखनऊ से झांसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को नौ से 14 को तक निरस्त कर दिया गया है। वहीं ट्रेन नंबर 05380 और 05379 कासगंज पैसेंजर भी चार दिन निरस्त रहेगी।

## आज पांच घंटे बिन बिजली के रहेगी एक लाख की आबादी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

भीषण गर्मी में बिजली विभाग सोमवार को तार बदलने जा रहा है। इससे अजगैन व सोहरामऊ की करीब एक लाख की आबादी को पांच घंटे बिना बिजली के रहना होगा। वर्तमान समय में गर्मी अपने चरम पर है। ऐसे में बिजली लोगों को बड़ी राहत दे रही है। सोमवार को अजगैन व सोहरामऊ के उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बिजली विभाग 220 केवी उपकेंद्र सोनिक से 33केवी अजगैन सबस्टेशन तक आई विद्युत लाइन को बदलने जा रहा है। लाइन बदलने का काम सोमवार को सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। इससे 33 केवी लाइन वृंदावन बटलर, अजगैन और सोहरामऊ उपकेंद्र से जुड़े नवाबगंज, रायपुरगढ़ी, नवई, अजगैन, बनी, आशाखेड़ा, बजेहरा, सोहरामऊ, सी हॉक, ई स्पेस, आनंदी मैजिक वर्ड, कत्था फैक्टरी फीडर बंद रहेंगे। इनसे जुड़े नवाबगंज कस्बा, सोहरामऊ और ग्रामीण क्षेत्रों में दरियापुर, रैनापुर, इटकुटी, अजगैन, सधीरा, पकरिगवां, पिपरोसा, दिलवल, सिंदुरिया, नानाटीकुर, भदेमू, रायपुर गढ़ी आदि गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अजगैन एसडीओ रुद्र प्रताप ने बताया कि भारत सरकार की आरडीएसएस (पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार) योजना के तहत लाइनों का सुदृढ़ीकरण कार्य होना है। इसके तहत सोनिक से अजगैन तक आई लाइन को बदलने का काम किया जाना है। इसके चलते बिजली सप्लाई पांच घंटे तक बंद रहेगी।

# नौ घंटे ठप रही 10 मोहल्लों की जलापूर्ति

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**रोज कहीं न कहीं फटती है पाइप लाइन**

शहर में कभी अमृत योजना की पाइप लाइन और टेलीफोन लाइन डालने के दौरान तो कभी बिजली के पोल लगाने के दौरान पानी की लाइन फट जाती हैं। गुरुवार को मोहल्ला कासिम नगर में निर्माण एजेंसी के लोगों की लापरवाही से भूमिगत पाइप लाइन फट गई थी। इससे पहले पुलिस लाइन रोड, कृष्णानगर, मोती नगर सहित कई मोहल्लों में भूमिगत पाइप लाइनें फट चुकी हैं। इससे कई-कई घंटे जलापूर्ति प्रभावित होती है।

**बोले जिम्मेदार**

बिजली, दूर संचार कंपनियों और जल निगम के लोग बिना सूचना दिए रात के समय या छुट्टी के दिन खोदाई कर काम शुरू कर देते हैं। अगर वह पहले से सूचना दें तो उन्हें भूमिगत पाइप लाइनों की जानकारी दी जाए। जहां जरूरत थी टैंकरों से पानी पहुंचाया गया है। दोपहर बाद जलापूर्ति शुरू कर दी गई। अब अगर बिना सूचना खोदाई की गई तो वह काम करा रही एजेंसियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।

**– विवेक वर्मा, जलकल अभियंता, नगर पालिका**

बिजली पोल लगाने के दौरान कचहरी के पास पानी की लाइन फट गई। सुबह पांच बजे जलापूर्ति शुरू होते ही रिसाव शुरू हो गया। इससे नौ घंटे तक 10 मोहल्लों की जलापूर्ति ठप रही। नौ घंटे बाद दोपहर दो बजे जलापूर्ति शुरू हुई। रीवैंप योजना के तहत शहर में बिजली के पोल और लाइन बदलने का काम चल रहा है। शनिवार रात निर्माण एजेंसी के कर्मचारी नगर पालिका को बिना सूचना दिए जिला सत्र न्यायालय के गेट नंबर एक के सामने बिजली पोल लगा रहे थे। ड्रिल मशीन से खोदाई के दौरान भूमिगत पाइप लाइन फट गई। इससे पानी का बहाव शुरू हो गया। निर्माण एजेंसी के लोग जलकल विभाग को सूचना दिए बिना भाग गए। सुबह पांच बजे मौहारी बाग ट्यूबवेल से जैसे ही जलापूर्ति शुरू की गई, कुछ ही देर में कचहरी के पास पानी का बहाव शुरू हो गया। जानकारी होने पर पालिका ने जलापूर्ति रोक दी। तेज बहाव से सड़क पर जलभराव हो गया। लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पाइप लाइन फटने से सिविल लाइन, मौहारी बाग, रामपुरी, बंदूहार सहित 10 मोहल्लों की जलापूर्ति ठप हो गई। सूचना पर सुबह करीब 10 बजे जलकल विभाग की टीम पहुंची और पाइप लाइन की मरम्मत शुरू कराई, मरम्मत करते-करते दोपहर के एक बज गए। इसके बाद दोपहर दो बजे जलापूर्ति फिर शुरू की जा सकी। सिविल लाइन निवासी अनूप, मुकेश सिंह, सुरेंद्र, मंजेश, मनीष, रेखा देवी, सुशीला, दीपिका आदि ने बताया कि सुबह पांच बजे से नौ बजे तक जलापूर्ति होती है। जिन लोगों के यहां हैंडपंप या सबमर्सिबल लगे हैं उन्हें तो कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन जिन लोगों को केवल जलापूर्ति का ही सहारा है उन्हें बहुत दिक्कत हुई। सुबह पानी न मिलने से दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हुई।

## मुख्यालय के आसपास ककोर में बूंद-बूंद पानी को तरसते लोग

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**ककोर।** जिले के केंद्र में स्थित ककोर मुख्यालय के आसपास ज्यादातर हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसकी वजह से मुख्यालय आने-जाने से लेकर औरैया दिबियापुर रोड पर आवागमन करने वाले राहगीरों को बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इन दोनों गर्मी की तपन ज्यादा है। वहीं पारा भी रिकॉर्ड बना रहा है। दोपहर में गला सूखने वाली गर्मी पड़ रही है। पीने के पानी के लिए शीतल जल अगर मिल जाए तो काफी कुछ राहत मिलती है। ऐसे में ककोर मुख्यालय के आसपास लोगों को गला तर करने का कोई जरिया नहीं दिखता। मुख्यालय के पास के चार से ज्यादा हैंडपंप खराब पड़े हैं। दिबियापुर रोड किनारे फफूंद तिराहे से लेकर मुख्यालय तक काफी संख्या में हैंडपंप खराब है। जानकारी होने व शिकायत करने के बावजूद इन्हें ठीक नहीं कराया जा सका है। जबकि नलों की मरम्मत को लेकर हर साल प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकारी धन खपा दिया जाता है। ककोर बुजुर्ग गांव निवासी मुकेश बाबू, उमाशंकर, महावीर, राजेंद्र सिंह यादव, रामसूरत, ओंकार सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, रामवीर ने जिला प्रशासन से खराब पड़े हैंडपंपों को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

**जिम्मेदार देते गोलमोल जवाब**

मामले की जानकारी होने के बावजूद भी अधिकारी आंखें मूंदें हैं और उनकी नजी में सब ठीक है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी जय सिंह ने बताया है कि हैंडपंप खराब होने की सूचना मिली थी, लेकिन कोई भी हैंडपंप खराब नहीं है।

## विदेश भेजने के नाम पर हड़पी रकम, वापस मंगने पर धमकी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

विदेश भेजने के नाम पर 35 हजार रुपये की ठगी और थाने में लिखित वादा करने के बाद भी रुपये न लौटाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। अचलगंज थाना क्षेत्र के साहबखेड़ा गांव निवासी सुजीत कुमार का आरोप है कि बीघापुर थाना के लालकुआं निवासी एजेंट सोमनाथ ने 65 हजार रुपये लेकर प्लंबर हेल्पर की नौकरी दिलाने की बात कहकर पिछले साल दुबई भेजा था। लेकिन वहां पर काम न मिलने पर एक महीने में ही किसी तरह वापस आ गया। इस पर सोमनाथ ने 35 हजार रुपये लौटाने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद कई बार मांगने पर भी रुपये नहीं लौटाए। बीघापुर थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने सख्ती की तो आरोपी ने छह जनवरी 2024 को लिखित समझौता करते हुए पांच हजार रुपये उसी महीने (जनवरी 2024) में और बाकी 30 हजार रुपये अप्रैल 2024 को लौटाने का लिखित वादा किया था। इसके बाद भी अबतक रुपये नहीं लौटाए हैं। पीड़ित सुजीत का आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी धमकी दे रहा है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# टोल बढ़ने से रोडवेज बसों में बढ़ेगा किराया

जन एक्सप्रेस । औरैया

नेशनल हाईवे ऑथिरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से टोल टैक्स में बढ़ोतरी की गई। माल वाहकों पर जहां भाड़ा की बढ़ोतरी हो चुकी है। रोडवेज बस के किराए में बढ़ोतरी होने की दिशा में काम शुरू हो गया है। इसको लेकर लखनऊ स्तर से मशीनों को अपग्रेड किए जा रहा है। लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित टोल टैक्स में तीन जून की रात 12 बजे से बढ़ोतरी की थी। इसका बोझ प्राइवेट वाहन चालकों पर होने लगा है। तो वहीं अब रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों पर इसका असर जल्द दिखने वाला है। सूत्रों की माने तो रोडवेज डिपो की बसों में वर्तमान में लगने वाले किराये में दो से पांच रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इस बढ़ोतरी को संबंधित रूट पर पड़ने वाले टोल के अनुसार ही बढ़ सकता है। औरैया डिपो से 77 बसें विभिन्न रूटों पर संचालित होती हैं। इनमें अधिकांश बसें दिल्ली व आगरा मार्ग पर संचालित होती हैं। डिपो अधिकारियों की मानें तो इस मार्ग पर सवारियां अधिक मिलती हैं। ऐसे में इस मार्ग पर टोल टैक्सों की संख्या अधिक होने के चलते इस मार्ग पर चलने वाले यात्रियों पर अधिक बोझ पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार इसके लिए लखनऊ स्तर से टिकट की मशीनों को अपग्रेड करने की कवायद चल रही है।

## शहीदी दिवस पर राहगीरों को बांटा शर्बत, गुरुद्वारे में आयोजित हुए कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । औरैया

सिखों के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी का 418वां शहीदी दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर गुरुद्वारे में जहां शबद कीर्तन के साथ जो बोले सो निहाल के जयकारे लगाए गए। तो वहीं दिबियापुर रोड पर राहगीरों को छबील शर्बत का वितरण किया गया। शहीदी दिवस के मौके पर गुरुद्वारे में पिछले 40 दिनों से शबद कीर्तन आदि भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। जगदीप सिंह ने शहादत के रूप में स्मरण करने का संकल्प लेने वाला पर्व बताया। बताया कि हर सिख को उनकी शहीदी पर प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी शहादत को अपने जहन में रखना चाहिए। उनकी शहादत को लासानी (अनोखी) शहादत कहा जाता है। सिख इतिहास में गुरु अर्जुन देव पहले सिख गुरु हुए। उनकी याद में ही छबील लगाई जाती है। जो जून की गर्मी में मानवता के नाते लोगों को शीतलता प्रदान करने की एक पहल है। उन्होंने सभी सिखों से अपील की है कि वह गुरु साहिब के इतिहास को जरूर पढ़े। यही असल में शहीदी गुरु पर्व मनाना होगा। इस मौके पर दिबियापुर रोड पर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। जिसे पीकर राहगीरों ने भीषण गर्मी से राहत पाई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगदीप सिंह, मंगी सिंह, रोमी बाबू, मोहिंदर सिंह, रेशू, अमरजीत, चम्पी, सुच्चे बाबू आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## एनएच 34 पर आमने सामने टकराई बाइकें, दो की मौत

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

**बेवर।** थाना क्षेत्र में रविवार की रात एनएच 34 पर गांव खिरिया के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। हादसे के बाद मृतकों के परिजन में चीख पुकार मची है। जनपद फर्रुखाबाद के गांव छछौनापुर निवासी जितेंद्र सिंह शनिवार की रात अपने साथी सुखवीर के साथ बाइक से बहन के घर भोगांव क्षेत्र के गांव अपूरपुर जागरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा थे। बाइक जब थाना क्षेत्र में एनएच 34 गांव खिरिया पीपर के पास पहुंची। तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में जितेंद्र सिंह (30) और दूसरी बाइक सवार पिंटू सिंह निवासी गांव गंगरवाला (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने घायल हुए मृतक पिंटू के साथी सुग्रीव और जितेंद्र के साथ बाइक पर बैठे सुखवीर को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी बेवर भिजवाया।

## चरमराई बिजली व्यवस्था के खिलाफ किसान नेताओं ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस । औरैया

**अजीतमल।** किसान यूनियन संघ (टिकैत गुट) के तहसील अध्यक्ष ध्यान सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी व किसान बिजली कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी किसान नेताओं ने बताया कि किन्नरपुर, हलौआ, बेरी धनकर, शहबाजपुर, गिरधारीपुर आदि कई गांवों बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चरमराई है। जिस कारण खेतों में तैयार मूंगफली, मक्का, मूंग आदि की फसलें सूख रही है। इस मौके पर वीरेंद्र, सरोजनी देवी, जीत सिंह पाल, अमित, जगदीश आदि किसान मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों से उप खंड अधिकारी ने मुलाकात की। किसान नेताओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समस्याओं के निराकरण की मांग की। ऐसा न करने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की किसान नेताओं ने चेतावनी भी दी।

## गाजी मियां दरगाह पर मांगी मन्नतें

जन एक्सप्रेस । औरैया

**फफूंद।** क्षेत्र के फफूंद मुरादगंज मार्ग पर गाजी मियां की दरगाह पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया लोगों ने दरगाह पर फातिहा पढ़ी और मन्नतें मांगी। इसके बाद लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। रविवार को कस्बे के मुरादगंज रोड पर स्थित गाजी मियां की दरगाह पर एक दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कस्बा के अलावा आसपास के गांव से आए तमाम श्रद्धालुओं ने दरगाह में फातिहा पढ़कर मन्नतें मानी। वहीं तमाम लोगों ने चादर भी चढ़ाईं। मेले का भी लुत्फ उठाते हुए खाने पीने की चीजों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। गर्मी धूप की परवाह न करते हुए लोगों का कारवां देर शाम तक मेले में पहुंचता रहा। प्रदेश की सामाजिक संस्था सोशल वेलफेयर कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, उपाध्यक्ष अफजल खान और अन्य पदाधिकारियों ने दरगाह पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी। दरगाह की देखरेख कर रहे कार्यक्रम आयोजक लईक अहमद खान को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गाजी मियां दरगाह से हर धर्म के लोगों की श्रद्धा जुड़ी है। ऐसे आयोजन से लोगो में एक दूसरे के प्रति आपसी प्रेम भाई चारा और सौहार्द कायम रहता है। इसलिए हमें एक दूसरे के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। सपा नगर अध्यक्ष मुन्ना सिद्दीकी, समाजसेवी सुशील अग्निहोत्री, मोहमद शारिक खान, राम किशोर कठेरिया, अखिलेश पाल, हाफिज अब्दुल हक आदि लोग मौजूद रहे।

## जंगला तोड़ कर 50 हजार रुपये किए चोरी

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

कस्बा औंछा स्थित गल्ला मंडी स्थित एक दुकान का जंगला तोड़ कर चोर ने अंदर प्रवेश किया। अलमारी में रखी 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सोमवार की सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। औंछा निवासी आढ़ती अवधेश कुमार की दुकान गल्ला मंडी में स्थित है। रविवार को वह रोजना की तरह आढ़त को बंद करने के बाद घर आ गए थे। रात में किसी समय चोर ने दुकान में लगे जंगला को तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। चोर ने अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़ने के बाद उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली।

## 700 छात्रों को आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जल्द जारी होंगे पत्र

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

निजी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सीडीओ की संस्तुति के बाद 700 छात्र-छात्राओं की सूची जिलाधिकारी को भेजी गई है। माना जार हा है जल्द ही उन्हें प्रवेश के लिए आदेश पत्र जारी कर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रकिया जारी है। चुनाव आचार संहिता के चलते दूसरे और तीसरे चरण के 700 छात्र-छात्राओं की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई थी। मुख्य विकास अधिकारी ने पात्रों की सूची फाइनल करते हुए जिलाधिकारी को भेजी है। जल्द ही जिलाधिकारी इस पर सहमति देंगे। इसके बाद बीएसए पात्र छात्रों के प्रवेश के लिए आदेश पत्र जारी करेंगी। दूसरे चरण में 400 बच्चों का चयन किया गया। वहीं तीसरे चरण में 300 बच्चों का चयन प्री प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश के लिए किया गया है।

**चौथे चरण के लिए प्रवेश 20 जून तक**

चौथे और अंतिम चरण के तहत एक जून से ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया शुरू हो गई जो 20 जून तक चलेगी। इसके बाद 21 से 27 जून के बीच आवेदन पत्रों का सत्यापन कर लॉक किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका गुप्ता ने बताया कि निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीट आरटीई के तहत आरक्षित होती हैं। इन पर प्रवेश देने की प्रक्रिया जिले में जारी है। दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चौथे चरण के लिए आवेदन मांगे गए हैं इसके लिए 20 जून अंतिम तिथि है। बीएसए दीपिका गुप्ता ने कहा कि लॉटरी में नाम आने के बावजूद बच्चों के प्रवेश में समस्या आती है। ऐसे में कई बार अभिभावक तंग आकर बच्चे का प्रवेश नहीं कराते हैं। इसलिए ऐसे अभिभावकों को कारण के साथ शपथपत्र विभाग को देना होगा।

## 23 तक छुट्टी पर रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड कक्ष पर लगा ताला

* गर्भवती महिलाओं से लेकर मरीजों के रोजाना होते हैं लगभग 25 अल्ट्रासाउंड
* अब जांच बंद हो जाने की वजह से लोगों को जाना पड़ रहा है चिचौली मेडिकल कॉलेज

जन एक्सप्रेस । औरैया

**सौ शैया अस्पतालों में सिर्फ तीन दिन मिलती है सुविधा**

बता दें कि जिले के मेडिकल कॉलेज स्थित सौ शैया युक्त जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार मिलती है। वहीं औरैया स्थित 50 शैया युक्त जिला अस्पताल में उक्त दिनों के अलावा प्रत्येक माह की एक, नौ, 16 व 24 तारीख को अल्ट्रासाउंड की अतिरिक्त सुविधा मुहैया कराई जाती है। ऐसे में शहर के अस्पताल में अल्ट्रा साउंड की फिलहाल सेवा बंद होने के चलते मरीजों को प्राइवेट दुकानों पर पहुंचकर 800 से लेकर 1100 रुपये तक ढीले करने पड़ रहे हैं।

शहर स्थित 50 शैया जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट सात जुलाई को 16 दिन की छुट्टी पर चले गए। 23 जून तक के लिए अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला जड़ दिया गया है। ऐसे में जांच के लिए गर्भवती व अन्य मरीजों को चिचौली मेडिकल कॉलेज जाना पड़ रहा है। शहर स्थित 50 शैया जिला अस्पताल में सामान्य दिनों में रोजाना 25 अल्ट्रासाउंड होते हैं। इनमें से ज्यादातर गर्भवती होतीं हैं। अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट भूपेंद कुमार सात जुलाई को अवकाश लेकर छुट्टी पर चले गए वह 23 जून तक वह अवकाश पर रहेंगें। इस सब के बीच अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला जड़ गया है। 16 दिन तक अल्ट्रासाउंड की जांच जिला अस्पताल में बंद रहेगी। वहीं इस जांच के लिए लोगों को चिचौली मेडिकल कॉलेज का रुख करना पड़ रहा है। भले ही जिला अस्पताल में परामर्श लें, लेकिन जांच के लिए चिचौली जाना पड़ रहा है। सबसे अहम बात गर्भवती महिलाओं को लेकर हैं। जिन्हें यह समस्या उठानी पड़ रही है। अस्पताल में एक मात्र ट्रेनी रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होने के चलते यह समस्या बनी है।

# मोदी 3.0 में प्रधानमंत्री का पहला फैसला किसानों के नाम 20000 करोड़ की सम्मान निधि की फाइल पास

## इस जीत के बड़े हकदार भारत के सरकारी कर्मचारी, पीएमओ जनता का कार्यालय बने: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साउथ ब्लॉक पहुंचे। साउथ ब्लॉक पहुंचे ही तीसरे कार्यकाल का पीएम मोदी ने धमाकेदार आगाज किया। दरअसल तीसरे कार्यकाल के अपने पहले फैसले में पीएम मोदी ने किसान निधि के 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए। इससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और काम करेगी। आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक भी होनी है। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में भी सरकार कुछ बड़े फैसले ले सकती है। कैबिनेट बैठक से पहले सरकार सभी मंत्रियों को उनके मंत्रालयों का बंटवारा कर सकती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में वैश्विक मापदंडों से भी आगे जाकर काम करना है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय बने। सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के कर्मचारी भी हैं, जिन्होंने एक विजन के लिए खुद को समर्पित कर देने में कोई कमी नहीं रखी। ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी के 10 साल के पुरुषार्थ पर मुहर लगाते हैं। इस विजय के बड़े हकदार और सच्चे हकदार आप लोग हैं।

### 'जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां देश को पहुंचाना है'

उन्होंने कहा, उन सभी को मेरा निमंत्रण है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित भाव से खप जाना चाहते हैं। अब समय 10 साल जो मैंने सोचा, उससे ज्यादा सोचने और करने का है। अब जो करना है, वैश्विक मापदंडों को पार करते हुए करना है। जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है।


### 'अस्थिर इच्छाएं दुनिया की नजरों में तरंग होती हैं'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट का दौर आता है तो किशोरवय के बच्चे सोचते हैं कि मैं क्रिकेटर बन जाऊं। फिर कोई फिल्म बड़ी लोकप्रिय हो गई तो लगता है कि ये फील्ड अच्छा है, मैं एक्टर बन जाऊं। चंद्रयान की घटना घटे तो लगेगा कि मैं वैज्ञानिक बन जाऊं। दो महीने बाद फिर क्रिकेट मैच आ जाए तो उसे लगता है कि वैज्ञानिक बनना मेहनत का काम है, इससे अच्छा है कि क्रिकेटर ही बन जाऊं। ज्यादातर लोगों की इच्छाएं अस्थिर होती हैं। यह तरंग की तरह होता है। अस्थिर इच्छाएं दुनिया की नजरों में तरंग होती हैं। जब लंबे अरसे तक इच्छाओं को स्थिरता मिल जाए तो वह संकल्प में बदल जाती है। संकल्प में जब परिश्रम की पराकाष्ठ जुड़ जाए तो सिद्धि प्राप्त होती है। सफल इंसान वो होता है, जिसके भीतर का विद्यार्थी कभी मरता नहीं है।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री की अग्रिम सुरक्षा टीम पर जिरिबाम में घात लगाकर हमला, दो सुरक्षाकर्मी घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

हिंसाग्रस्त मणिपुर में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के काफिले पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हालांकि, काफिले में मुख्यमंत्री शामिल नहीं थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अग्रिम सुरक्षा टीम पर घात लगाकर किए गए हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गया है। घटना सोमवार की सुबह की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को संकटग्रस्त जिरीबाम जिले का दौरा करने वाले थे। घटना के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो और असम राइफल्स ने एक संयुक्त टीम



बनाई है और अपराधियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीएम एन.बीरेन सिंह हिंसाग्रस्त जिरीबाम का दौरे पर जाने का कार्यक्रम था। इसी सिलसिले में सीएम की अग्रिम सुरक्षा टीम हालात का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जा रही थी। इसी दौरान सिनम के पास मणिपुर कमांडो ने घात लगाकर हमला किया। विश्वसनीय सूत्रों ने संकेत दिया है कि मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह कल जेरीबाम का दौरा करने वाले हैं। तैयारी के तौर पर, उन्होंने स्थिति का आकलन और निगरानी करने के लिए आज सैनिकों को भेजा। सुरक्षा बलों के भीतर से रिपोर्टें पुष्टि करती हैं कि घात लगाकर किए गए हमले में मणिपुर के कम से कम दो कर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने में आतंकवादी हमले की निंदा की और इसे निर्दोषों पर बर्बर कार्रवाई बताया।

# सुरेश गोपी ने मोदी कैबिनेट छोड़ने की खबरों का खंडन किया, मीडिया में गलत खबरें फैलाने की कही बात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अभिनेता से राजनेता बने सुरेश गोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने के अगले दिन चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि उन्हें जल्द ही मंत्री पद की जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। गोपी ने 2024 के संसदीय चुनावों में त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी और केरल से भाजपा के पहले लोकसभा सांसद बनकर इतिहास रच दिया था। मीडिया में रिपोर्ट वायरल होने के बाद भाजपा सांसद गोपी ने खबरों का खंडन करते हुए एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की पुरानी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत खबर फैलाई जा रही है कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह सरासर गलत है। उन्होंने साफ किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और वे खुद भी केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। सुरेश गोपी के मंत्री पद छोड़ने की बात पर कुछ मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि उन्होंने फिल्म साइन कर रखी हैं।



# भारी बारिश के कारण नामची जिले में बाढ़ और भूस्खलन, तीन की मौत, कई घर क्षतिग्रस्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दक्षिण सिक्किम के नामची जिले में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ऊपरी यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि एक महिला की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति लापता बताया गया है। घायल को सिंगताम जिला अस्पताल ले जाया गया है। बाढ़ के कारण कई घर बह गए और भारी नुकासन हुआ। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले हालात का जायजा लिया। राहत और बचाव का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात से जारी भारी बारिश के चलते दक्षिण सिक्किम के नामची जिले के ऊपरी यांगांग के माजुआ में गांव में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। बाढ़ के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। यह घटना जिले के यांगांग इलाके में हुई, जो जिला मुख्यालय से करीब 53 किमी दूर है।उन्होंने कहा कि राज्य की आपदा प्रबंधन टीमें पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से घटनास्थल पर बचाव कार्य कर रही हैं। अधिकारी ने कहा कि सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा सुप्रीमो प्रेम सिंह तमांग, दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं, ने स्थिति का जायजा लिया है।

# प्रधानमंत्री की कनाडा को दो टूक, बोले, बेहतर संबंधों के लिए एक दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देना जरूरी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। इन बधाई संदेशों में एक संदेश कनाडा की सरकार का भी है। कनाडा की सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए बधाई देते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसे भारत पर तंज कहा जा सकता है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा की सरकार के संदेश का जवाब देते हुए उसी की भाषा में करारा जवाब दिया है कनाडा के प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी उसी भाषा में कनाडा को जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि %भारत, एक दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।% दरअसल भारत लंबे समय से आरोप लगा रहा है कि कनाडा में खालिस्तानी और कट्टरपंथी गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारत सरकार ने कई बार कनाडा की सरकार से कट्टरपंथी तत्वों पर लगाने लगाने की मांग की, लेकिन कनाडा की सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्वीट को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### कनाडा ने परोक्ष रूप से कसा तंज

दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए बधाई देते हुए लिखा कनाडा की सरकार, भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने के लिए तैयार है और ये संबंध मानवाधिकार, विविधता और कानून के शासन के आधार पर होने चाहिए।

### भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए: जस्टिस ट्रूडो

गौरतलब है कि बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए। हालांकि भारत ने कनाडा को आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था और बयान के संबंध में सबूत मांगे थे। इस मुद्दे पर भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। यही वजह है कि जब कनाडा के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को भेजे बधाई संदेश में कानून के शासन के आधार पर संबंधों आगे बढ़ाने की बात कही तो इसे भारत पर तंज कहा जा सकता है।

# जेडीयू-टीडीपी के समर्थन बिना एनडीए को बहुमत मिलना मुश्किल था: पवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को बताया कि लोगों ने सत्ता को एक या दो व्यक्तियों के हाथों में केंद्रित होने के लिए मतदान किया। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए 543 सदस्यीय लोकसभा में 272 का बहुमत हासिल करना मुश्किल होता अगर उन्हें नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जदयू, चंद्रबाबू नायडू के तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और अन्य गठबंधनों का साथ नहीं मिलता। शरद पवार ने दावा किया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी पूरी तरह से तैयार है और राज्य की सत्ता उनके हाथ में होगी। राकांपा के 25वां स्थापना दिवस के



मौके पर राकांपा (एसपी) कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश एक अलग परिस्थिति से गुजर रहा है। बता दें कि महाराष्ट्र में राकांपा-एसपी 10 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ी थी, जिनमें से आठ में उन्हें जीत मिलीं। शरद पवार ने कहा, सरकार की बागडोर पीएम मोदी के हाथों में है, लेकिन चुनाव के नतीजों को देखते हुए लोगों का जनादेश उनकी सुविधा के अनुकूल नहीं है।

# सौर मिशन 'आदित्य एल-1' की उपलब्धि, सूरज की सतह से उठने वाले तूफान को कैमरे में किया कैद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 एक उपलब्धि हासिल की है। दरअसल आदित्य एल1 पर लगे दो उपकरणों ने सूर्य की सतह से उठने वाले सौर तूफान की घटना को कैमरे में कैद किया है। इसरो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इन सौर तूफानों का पृथ्वी पर भी असर होता है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है। आदित्य एल1 पर लगे उपकरण द सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप और अन्य उपकरण द विजिबल एमीशन लाइन कोरोनाग्राफ ने सूरज की सतह से उठे सौर तूफान को कैमरे में कैद किया। इसरो ने बताया कि मई 2024 को आदित्य एल1 पर लगे उपकरणों ने सौर तूफान को कैमरे में कैद किया था। इसरो ने बताया कि सूरज की सतह से विशाल तरंगे उठती हैं, इसे कोरोनल मास इजेक्शन या सौर तूफान भी कहा जाता है। ये तरंगे छोटी, मध्यम और विशाल आकार की होती हैं। माना जाता है कि सूर्य पर मौजूद चुंबकीय क्षेत्र की वजह से ये सौर तूफान उठते हैं। विशाल आकार की तरंगों का पृथ्वी पर भी असर होता है और कई बार इनकी वजहों से पृथ्वी पर पूरा संचार तंत्र और सैटेलाइट, ऊर्जा ग्रिड आदि पर असर हो सकता है और इन चुंबकीय तरंगों के असर से ये तबाह हो सकते हैं। आदित्य एल1 ने जो सौर तूफान कैमरे में कैद किया, वह विशाल और मध्यम आकार का था। यह घटना 8 और 9 मई को दर्ज की गई और इसके असर से 11 मई को बड़ा चुंबकीय तूफान दर्ज किया गया। इसरो ने सौर तूफान की ये तस्वीरें 17 मई को जारी की थीं।

# जयशंकर ने मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश के प्रमुखों से की मुलाकात, कहा, साथ काम करने के लिए तत्पर





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। बता दें, मुइज्जू, हसीना और विक्रमसिंघे भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात नेताओं में शामिल थे, जो रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, %आज नई दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात करते हुए प्रसन्नता हो रही है। भारत और मालदीव के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं। गौरतलब है, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल %प्रचंड%, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

### भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण

जयशंकर मोदी के पिछले मंत्रिमंडल में विदेश मंत्री थे। उन्होंने रविवार को केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। पिछले साल 17 नवंबर को द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू की यह पहली भारत यात्रा थी। चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस जाने को कह दिया था।

### भारत-बांग्लादेश मैत्री आगे बढ़ रही

केंद्रीय मंत्री ने हसीना के साथ बैठक की। बैठक के बाद जयशंकर ने कहा, आज बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-बांग्लादेश मैत्री लगातार आगे बढ़ रही है।

### श्रीलंका के साथ संबंध लगातार मजबूत

जयशंकर ने विक्रमसिंघे के साथ अपनी बैठक पर कहा, %नई दिल्ली में आज सुबह मेरा स्वागत करने के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सराहना करता हूं। भारत और श्रीलंका के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

### नेपाल के पीएम से भी मिले

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से भी मुलाकात हुई। उनसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है। दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग पर चर्चा की।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री से भी चर्चा उन्होंने आगे बताया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ से मुलाकात करते हुए खुशी हुई। हमारी खासकर आईएन एमयू समझौते पर चर्चा हुई। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से भी मिले।

**रिपोर्ट** केंद्र सरकार से लागत की 90 प्रतिशत राशि मिलने के बाद दोनों राज्य सरकारों को बकाया पांच-पांच प्रतिशत राशि देनी होगी

# मोदी 3.0 में शुरू होगा केन बेतवा लिंक परियोजना को पूरा करने का काम

- इसके लिए केंद्र सरकार ने 45 हजार करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं
- जुलाई में परियोजना का शिलान्यास अब केंद्र की नई सरकार द्वारा किया जाएगा
- इस परियोजना से दोनों ही राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में जलसंकट दूर होगा और किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की



समस्या के समाधान के लिए जल्दी केन बेतवा लिंक परियोजना को पूरा करने का काम शुरू होगा। इसे मोदी 3.0 सरकार की शुरुआती प्रमुख फसलों में से एक माना जा रहा है। काका तैयार हो चुका है और केंद्र की ओर से 45 हजार करोड रुपए भी जारी हो गए हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा कदम उठाया है। अपने तीसरे टर्म में वे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक परियोजना को पूरा करने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने 45 हजार करोड़ रुपए जारी कर? दिए हैं। केंद्र सरकार से लागत की 90 प्रतिशत राशि मिलने के बाद दोनों राज्य सरकारों को बकाया पांच-पांच प्रतिशत राशि देनी होगी। जानकारी के अनुसार संभवतः जुलाई में परियोजना का शिलान्यास अब केंद्र की नई सरकार द्वारा किया जाएगा। दरअसल, इस परियोजना से दोनों ही राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में जलसंकट दूर होगा और किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। लाखों किसानों को लाभ होगा।

### केंद्र ने मध्य प्रदेश- उत्तर प्रदेश को 45 हजार करोड़ रुपए दिए

केंद्र सरकार की हरी झंडी मिलने के बाद मध्यप्रदेश के मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना को मूर्तरूप दे दिया है। उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना को स्वीकृति दी है। मध्य प्रदेश- उत्तर प्रदेश को 45 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। इससे शूरवीरों की धरती बुंदेलखंड को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और वहां जीवन सरल होगा।

### यूपी के महोबा, बांदा, झांसी और ललितपुर लाभान्वित होंगे

इससे मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह, विदिशा, सागर, शिवपुरी, दतिया और रायसेन जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं उत्तर प्रदेश के महोबा, बांदा, झांसी और ललितपुर लाभान्वित होंगे। परियोजना के मैदानी काम को शुरू करने की तैयारी भी तेज हो गई है।

### लाखों लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी

इससे दोनों राज्यों के किसानों और जलसंकट से जूझ रहे दोनों ही राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र को बड़ा फायदा मिलेगा। इस योजना से बहुत बड़े क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस परियोजना से किसानों की आय बढ़ेगी। सरकारी जानकारी के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत बनने वाले दोधन बांध के लिए तकनीकी निविदा पूरी हो गई है। इस बांध की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक होगी। बांध के निर्माण करने में 6 साल का समय लग सकता है। इसके बाद उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 8.5 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई हो सकेगी। इस पूरे क्षेत्र में जलसंकट दूर होगा और लाखों लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी। अभी यह क्षेत्र भारी जलसंकट से कई सालों से जूझ रहा है।

### विद्युत उत्पादन और वाटर स्पोर्ट्स, वाटर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की योजना भी शामिल

केन-बेतवा लिंक परियोजना में मध्यप्रदेश की दो नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़कर बुंदेलखंड क्षेत्र के कई दशकों के जलसंकट दूर कर दिया जाएगा। इससे विद्युत उत्पादन और वाटर स्पोर्ट्स, वाटर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की योजना भी शामिल हैं। सबसे बड़ा लाभ बुंदेलखंड में सूखे की मार झेल रहे किसानों को होगा। इस क्षेत्र में फसल उत्पादन के साथ-साथ किसान और पशुपालकों की आय बढ़ेगी।

# शीर्ष अदालत में अमेरिकी नागरिक की याचिका खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने भारत में शरण मांग रहे अमेरिकी नागरिक क्लाउड डेविड कॉनविस की याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, क्लाउड डेविड ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 'अमेरिका में होने वाले संभावित उत्पीड़न' को आधार बनाकर भारत में शरण मांगी थी। उन्होंने याचिका में कहा था कि अगर वे अपने वतन लौटे तो उनका उत्पीड़न हो सकता है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने डेविड की याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने क्लाउड डेविड की याचिका पर केंद्र सरकार से अपना पक्ष देने को कहा था। याचिकाकर्ता ने आध्यात्मिक गुरु श्री माता आनंदमयी का अनुयायी होने का दावा किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)